माघ माह , कृष्ण पक्ष 21 वर्ष, अंक 11 पृष्ठ 8 मूल्य 3.00

अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज गुरूवार 03 फरवरी 2022

विश्व निर्माण एवं मानव विकास को दुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

'भारत की इकोनॉमी में 'डबल ए वैरिएंट' फैला'

हर जगह अडानी-अंबानी!, देश चलाने के लिए संवाद जरूरी, भारत कोई साम्राज्य नहीं, शहंशाह की तरह राज करने की कोशिश मत कीजिए: राहुल गांधी

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को लोकसभा में केंद्र सरकार को जमकर घेरा। उन्होंने सरकार को नसीहत देते हुए कहा कि देश चलाने के लिए केंद्र और राज्य के बीच संवाद जरूरी है। भारत कोई साम्राज्य नहीं हौ और राज्यों को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा, 'आप तीन हजार साल का इतिहास उठा कर देख लीजिए। आप मौर्य वंश को देख लीजिए, अशोक को देख लीजिए। किसी ने भी बिना बातचीत और समझौते के शासन नहीं किया। देश में हर राज्य के लोगों की अपनी भाषा है अपनी संस्कृति है। यह विविधताओं का गुलदस्ता है। भारत केंद्र की एक छड़ी के सहारे नहीं चल सकता है। राहुल ने कहा, 'दो हिन्दुस्तान बन रहे हैं, एक अमीरों का हिन्दुस्तान और दूसरा गरीबों का हिन्दुस्तान, इन दो हिन्दुस्तानों के बीच में खाई बढ़ती जा रही है। गरीब हिन्दुस्तान के पास आज रोजगार नहीं है। राष्ट्रपति के अभिभाषण में बेरोजगारी के बारे में एक शब्द नहीं था।'

राहुल का सवाल- दो हिंदुस्तान पैदा कैसे हुए?: उन्होंने कहा कि ये स्थिति पैदा कैसे हुई। ये दो हिंदुस्तान पैदा कैसे हुए? रोजगार, स्मॉल-मीडियम इंडस्ट्री और इनफॉर्मल सेक्टर है। लाखों-करोड़ रुपया आपने उनसे छीनकर हिंदुस्तान के सबसे बड़े अरबपतियों को दिलवा दिया। अपने पिछले सालों में स्मॉल-मीडियम एंटरप्राइजेज पर एक के बाद एक हमला

किया है। मैं आपको खुश करने के लिए अपने भाषण में आखिरी साठ साल की बात करुंगा। नोटबंदी, गलत जीएसटी और कोरोना के समय जो गरीबों को समर्थन देना था, वो आपने उन्हें नहीं दिया। नतीजा यह हुआ कि आज 84 फीसदी हिंदुस्तान के लोगों की आमदनी घटी है। और वे तेजी से गरीबी की ओर बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप साठ साल की बात कर रहें हैं तो बता दूं कि हमारी सरकार ने 27 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला था। ये हमारा आंकड़ा नहीं है। आप हंसिए, लेकिन ये हमारा आंकड़ा नहीं है। हमने 27 करोड़ लोगों को गरीबी से निकाला था और 23 करोड़ लोगों को आपने गरीबी में वापस डाल दिया है।

फॉर्मल सेक्टर में मोनापोली बन गई: राहुल

राहुल गांधी ने कहा कि फॉर्मल सेक्टर में मोनापोली बन गई है। दो सबसे बड़े मोनॉपोलिस्ट के बारे में भी बोलूंगा। कोरोना के समय अलग-अलग वैरिएंट्स आते हैं। ये दो भी दो अलग-अलग वैरिएंट्स हैं। ये हिंदुस्तान की अर्थव्यवस्था में फैल रहा है। हिंदुस्तान के सभी पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, पावर, ट्रांसमिशन, माइनिंग, ग्रीन एनर्जी, गैस, एडिबल ऑयल के क्षेत्र में अब अडानी दिखाई देते हैं और दूसरे को टेलिकॉम, पेट्रोकेमिकल और ई-कॉमर्स में मोनोपोली दे दी गई। इसलिए सारा धन इन्हीं हाथों में जा रहा है। आप इन्फॉर्मल सेक्टर को बढ़ा देते, तो दो हिंदुस्तान नहीं बनते, लेकिन आपने असंगठित क्षेत्र को खत्म कर दिया। अगर आप उनकी मदद करते तो फिर उत्पादन क्षेत्र तैयार हो सकता था। मगर जो लोग आपका मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बना सकते थे, उन्हें ही आपने खत्म कर दिया।

राहुल ने शाह पर साधा निशाना

राहुल गांधी ने कहा कि कुछ दिन पहले किसी राजनीतिक दल के नेता मणिपुर से आए थे, वे काफी गुस्से में थे। मैंने उनसे पूछा कि आप गुस्से में क्यों हैं, तो उन्होंने कहा कि मेरी कभी इतनी बेइज्जती नहीं हुई है। दरअसल, मणिपुर के कई नेता कुछ दिन पहले गृह मंत्री के घर गए थे। वहां हमसे जूते उतरवाए गए, लेकिन गृह मंत्री चप्पले पहनकर घूम रहे थे। आखिर क्यों गृह मंत्री अपने घर में चप्पल पहनकर घूम सकते हैं और बाहर से आया व्यक्ति बिना जूतों के घूमेगा। उन्होंने मुझे इसकी तस्वीर दिखाई। आखिर ऐसा भेदभाव क्यों? ये कौन सा तरीका था आपका? इस पर केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि ये भारत की संस्कृति पर हमला कर रहे हैं

राहुल ने पेगासस पर भी सरकार को घेरा

राहुल ने कहा कि जब आप पेगासस को नेताओं की जासूसी के लिए लगाते हैं। प्रधानमंत्री इस्राइल जाकर लोगों की जासूसी का उपकरण लाते हैं तो वे केरल, तमिलनाडु और हर राज्य के साथ धोखा कर रहे हैं। एक सरकार ने सभी संस्थानों पर कब्जा कर लिया है। मेरा डर है कि हमें इसका जवाब मिलेगा। आप ये जो हमला कर रहे हैं देश के संस्थानों पर, इसका जवाब मिलेगा। मेरे परदादा ने 15 साल जेल में बिताए। मेरी दादी को गोलियां लगी थीं और मेरे पिता विस्फोट में मारे गए थे। इसलिए मैं जानता हूं कि ये क्या है? उन्होंने कहा कि आप भी अगर अभी नहीं रुके तो आप समस्या को पैदा कर लेंगे। आप पहले ही ऐसी पार्टी हैं जो समस्या पैदा करती है। आपने पूर्वोत्तर में समस्या पैदा की है। तमिलनाडु में समस्या पैदा की है। आपको इतिहास की बिल्कुल समझ नहीं है। आज शाम जब वापस जाएं तो उन साम्राज्यों को पढ़ें, जिन्होंने भारत पर शासन किया। उन सभी ने राज्यों के संघ का शासन किया। आप उन सभी का असम्मान कर रहे हैं।

आत्मनिर्भरता की बुनियाद पर नए भारत का निर्माण जरूरी: मोदी

नई दिल्ली

पीएम नरेंद्र मोदी ने बुधवार को आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल संबोधन दिया। कहा- बीते 7 साल में हमारे निर्णयों से देश बहुत आगे बढ़ चुका है। आजादी के 75 वें वर्ष में 100 साल में आई सबसे बड़ी महामारी पूरी दुनिया के लिए चुनौतियां लेकर आई है। दुनिया चौराहे पर खड़ी हो गई है। आगे की दुनिया वैसी नहीं होगी, जैसी कोरोना से पहले थी। भारत को देखने का दुनिया का नजरिया बदल गया है। दुनिया अब भारत को ज्यादा मजबूत देखना चाहती

है। हमारे लिए जरूरी है कि हम अपने देश को तेजी से आगे बढ़ाएं। मजबूती लाएं। ये समय नए अवसरों का है। नए संकल्पों की सिद्धि का समय है। बहुत जरूरी है कि हम आत्मनिर्भर बनें। आत्मनिर्भरता की नींव पर आधुनिक भारत का निर्माण हो। बीते 7 सालों में जो निर्णय लिए गए हैं, उस वजह से आज भारत की अर्थव्यवस्था का निरंतर विस्तार हो रहा है। पहले भारत की जीडीपी 110 लाख करोड़ रुपए थी। आज 230 लाख करोड़ के आसपास की है। भारत का एक्सपोर्ट 2.85 लाख करोड़ से बढ़कर 4.70 लाख करोड़ के पार पहुंच गया है। विदेशी मुद्रा रिजर्व 630 बिलियन डॉलर को पार कर गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते सात वर्षों में जो निर्णय लिए गए, जो नीतियां बनीं, पहले की जिन नीतियों में सुधार हुआ।

निडिल फ्री कोरोना वैक्सीन की सप्लाई शुरू

नई दिल्ली

कोरोना वायरस से बचाव के लिए एक और वैक्सीन जायको-डी की सप्लाई शुरू हो गई है। खास बात ये है कि यह वैक्सीन निडिल फ्री है यानी इसे लगाने के लिए किसी प्रकार की सुई चुभने का दर्द सहन नहीं करना होगा। हालांकि अब तक बाजार में आई अन्य कोरोना वैक्सीन की तरह इसके दो नहीं बल्कि तीन डोज लगाए जाएंगे। यह दुनिया की पहली ऐसी वैक्सीन है, जो डीएनए बेस्ड और निडिल फ्री है। इस वैक्सीन को अहमदाबाद की फॉर्मा कंपनी जायडस कैडिला ने तैयार किया है। बुधवार से कंपनी ने इसकी सप्लाई केंद्र सरकार को

शुरू कर दी। केंद्र सरकार ने फिलहाल इसकी 1 करोड़ डोज का ऑर्डर दिया है। यह वैक्सीन उन लोगों को लगाई जाएगी जिन्हें अब तक किसी भी वैक्सीन का एक भी डोज नहीं लगा है।

1000 जिलेटिन स्टिक के साथ तीन अरेस्ट

मुंबई: मुंबई से सटे ठाणे के भिवंडी में क्राइम ब्रांच ने 1000 जिलेटिन स्टिक और 1000 डेटोनेटर के साथ तीन लोगों को अरेस्ट किया है। तीनों आरोपी पालघर के रहने वाले है। इतनी बड़ी मात्रा में अवैध विस्फोटक मिलने के बाद अब पूरे मामले में जांच शुरू हो गई है। महाराष्ट्र एटीएस की टीम भी इस मामले की जांच कर रही है। ताजा जानकारी के मुताबिक, तीनों आरोपी एक इको कार में इसे लेकर आए थे और भिवंडी में किसी को सप्लाई करने वाले थे। जिन तीन लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है, उनमें अल्पेश उर्फ बाल्या हीराजी पटेल, पंकज चौहान और समीर उर्फ साम्य रामचंद्र वेदगा शामिल है।

कहीं आपने तो नहीं लगवाई नकली कोरोना वैक्सीन

वाराणसी

वाराणसी में कोरोना की नकली वैक्सीन और टेस्टिंग किट बनाने वाले गिरोह के लोग रोहित नगर इलाके में रहकर ये फजीर्वाड़ा करते थे। बुधवार को यूपी एसटीएफ की छापेमारी में इस बात का खुलासा हुआ है। नकली वैक्सीन बनाकर देश के अन्य राज्यों में सप्लाई की जा रही थी। इस मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से कोवीशील्ड और जायको-डी की नकली वैक्सीन, नकली टेस्टिंग किट, पैकिंग मशीन, खाली वॉयल और स्वाब स्टिक्स मिली हैं। टीम ने इतनी वैक्सीन जब्त की, जिससे एक लाख 60 हजार लोगों का टीकाकरण हो सकता था। इसकी सप्लाई यूपी के कई जिलों और कई अन्य राज्यों में भी होती थी।

ऐसा लग रहा कि दवा की जगह पानी ही भरते थे: यूपी-एसटीएफ की कार्रवाई में शामिल एक पुलिसकर्मी ने बताया कि देखने में ऐसा लग रहा है जैसे नकली वैक्सीन के अंदर यह सभी सिर्फ डिस्टिल वॉटर ही भरते थे। बरामद वैक्सीन, टेस्टिंग किट और स्वाब स्टिक की जांच के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा जाएगा।

रोचक हुआ यूपी का 'रण'

सपा सरकार की सोच परिवारवादी और कार्य दंगावादी था: योगी

हापुड़

हापुड़ में पिलखुआ के रामलीला मैदान में आयोजित प्रभावी मतदाता संवाद कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अखिलेश और जयंत चौधरी का नाम लिए बिना कहा कि दो लड़कों की जोड़ी प्रदेश में आ रही है। यह दंगा कराने की साजिश के लिए आ रही है। पिछले पांच साल से अपने बिलों में घुसे दंगाई अब बाहर आकर गर्मी दिखा रहे हैं, इनकी गर्मी 10 मार्च को पूरी तरह निकल जाएगी। इससे पहले उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में धौलाना के योगदान को याद करते हुए कहा

कि भारत के प्रथम स्वतंत्रता समर में धौलाना के क्रांतिकारियों ने जो बलिदान दिया उसे भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सपा सरकार की सोच परिवारवादी और कार्य दंगावादी था। पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अंदर आपको यह फर्क स्पष्ट देखने को मिलता होगा। 2017 से पहले कोई सुरक्षित नहीं था, बेटियां स्कूल नहीं जा पाती थीं, अराजक मंजर था। विकास की योजनाएं ठप पड़ी थीं। गरीबों को शासन की योजनाएं नहीं मिल पाती थीं। विकास का पैसा इत्र वाले के घर में दीवारों के पीछे कैद हो जाता था। मुजफ्फरनगर के दंगे, सहारनपुर का दंगा, बरेली मुरादाबाद रामपुर और यहां तक कि लखनऊ में मुख्यमंत्री की नाक के नीचे भी दंगे हुआ करते थे।

स्टालिन विपक्ष को एकजुट करने में जुटे

नई दिल्ली

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने भाजपा के खिलाफ विपक्षी दलों को एकजुट होने का आह्वान करते हुए कहा है कि हमारा देश खतरे में हैं। उन्होंने भाजपा विरोधी दलों को पत्र लिखकर समानता और न्याय के लिए राष्ट्रीय स्तर पर एकजुट होने का आग्रह किया है। कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी सहित 36 अन्य दलों के नेताओं को लिखे पत्र में स्टालिन ने कहा, हमारा अद्वितीय, विविध, बहु-सांस्कृतिक संघ (देश) कट्टरता और धार्मिक आधिपत्य के खतरे में है। इन ताकतों से तभी लड़ा जा सकता है जब समानता, स्वाभिमान और सामाजिक न्याय में विश्वास रखने वाले सभी एक हो जाएं।

स्टालिन की 37 नेताओं की सूची में सोनिया गांधी, लालू प्रसाद यादव, फारूक अब्दुल्ला, शरद पवार, ममता बनर्जी, डी राजा, सीताराम येचुरी, एन चंद्रबाबू नायडू, अरविंद केजरीवाल, महबूबा मुफ्ती, चंद्रशेखर राव, उद्धव ठाकरे, अखिलेश यादव और राज ठाकरे शामिल हैं।

मेरे हक में 42 एमएलए थे: जाखड़

सीएम बने चन्नी का नाम सिर्फ 2 विधायकों ने लिया था

चंडीगढ़

पंजाब कांग्रेस के पूर्व प्रधान सुनील जाखड़ ने बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि सितंबर 2021 में कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाने के बाद कांग्रेस ने नए सीएम के लिए वोटिंग करवाई थी। जिसमें 79 विधायकों में से 42 उनके हक में थे। चरणजीत चन्नी का सिर्फ 2 विधायकों ने समर्थन किया था। इसके बावजूद वह सीएम बन गए। सुनील जाखड़ ने पहली बार यह बात अबोहर में कांग्रेस कैंडिडेट के प्रचार के दौरान कही। जाखड़ ने कहा कि उनके बाद वोटिंग में 16 विधायकों ने सुखजिंदर रंधावा, 12 विधायकों ने कैप्टन की पत्नी महारानी परनीत कौर का नाम लिया था। नवजोत सिद्धू के हक में सिर्फ 6

विधायकों ने वोट दिया था। पंजाब में कांग्रेस का सीएम फेस घोषित करने से पहले जाखड़ के इस बयान ने कांग्रेस में खलबली मचा दी है। यह भी चर्चा होने लगी है कि यह जाखड़ का दर्द है या फिर वह फिर से सीएम की कुर्सी पर दावा ठोक रहे हैं।

जाखड़ बोले- मुझे डिप्टी सीएम का पद ऑफर किया था: जाखड़ ने कहा कि सीएम न बन पाने के बाद कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें डिप्टी सीएम का पद भी ऑफर किया था। हालांकि जाखड़ ने कांग्रेस विधायकों और हाईकमान का धन्यवाद भी किया। उन्होंने कहा कि जाखड़ का नाम तब आया, जब वह विधायक भी नहीं थे।

सिख स्टेट-सिख सीएम की वजह से रह गए थे जाखड़: कैप्टन अमरिंदर सिंह को हटाने के बाद सुनील जाखड़ का सीएम बनना तय था। कांग्रेस हाईकमान ने उन्हें बैंगलोर से वापस बुलाया था।

'यूपी में अब माफिया-बाहुबली नहीं सिर्फ बजरंगबली हैं'

बदायूं/

केंद्रीय गृह व सहकारिता मंत्री अमित शाह ने इस्लामनगर की जनसभा में सपा शासन में गुंडागर्दी का आरोप लगाते हुए विपक्ष पर वार किया। कहा कि यूपी में माफिया बाहुबली नहीं अब सिर्फ बजरंगबली हैं। लेट होने के कारण बदायूं में प्रस्तावित जनसभा में अमित शाह नहीं पहुंचे। बदायूं के जवाहरपुरी मोहल्ले में उन्होंने पांच घरों में वोट मांगे और फिर दिल्ली रवाना हो गए। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का बुधवार को जिले में चार घंटे का कार्यक्रम प्रस्तावित था। उन्हें डेढ़ बजे सहसवान

विधानसभा क्षेत्र के इस्लामनगर कस्बे में जनसभा में आना था। फिर बदायूं में जनसभा, डोर टू डोर संपर्क व भाजपा जिला कार्यालय पर संगठन की समीक्षा करके साढ़े पांच बजे हेलीकॉप्टर से दिल्ली जाना था। खराब मौसम की वजह से उन्होंने बदायूं की जनसभा व जिला कार्यालय पर समीक्षा बैठक निरस्त कर दी।

लखनऊ में वरिष्ठ साहित्यकार शिवमूर्ति को अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित करते इफको के प्रबंध निदेशक डा०उदय शंकर अवस्थी

सम्मान समारोह में उपस्थित साहित्यकार व अन्य गणमान्य

वरिष्ठ साहित्यकार शिवमूर्ति को मिला श्री लाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य पुरस्कार

इफको के प्रबंध निदेशक डा0उदय शंकर अवस्थी की गरिमामय उपस्थिति के बीच लखनऊ में आयोजित हुआ सम्मान समारोह, अब तक 11 साहित्यकारों को मिल चुका है यह सम्मान

अखंड भारत संदेश

फूलपुर। विश्व की सबसे प्रतिष्ठित सहकारी संस्था इफको ने सोमवार को किसान, दलित, वंचित तथा स्त्री पर केन्द्रित रचनाओं लिए पहचाने जाने वाले वरिष्ठ साहित्यकार शिवमूर्ति को श्री लाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। महान साहित्यकार और राग दरबारी जैसे साहित्य की रचना करने वाले स्वर्गीय श्री लाल शुक्ल की स्मृति में 31 जनवरी को लखनऊ में इफको के प्रबंध निदेशक डा०उदय शंकर की गरिमामय उपस्थिति में आयोजित इफको साहित्य सम्मान समारोह में उन्हें यह पुरस्कार मिला। अपने साहित्यिक रचनाओं में गांव व खेती का सजीव चित्रण करने वाले साहित्यकार शिव मूर्ति ने कहा है कि साहित्यकार क्या लिखता है यह महत्वपूर्ण नहीं है बल्कि वह क्यों लिखता है यह अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। उन्होनें कहा कि कोई भी साहित्य के लिखने का उद्देश्य सर्व हिताय होना चाहिए। जिसमें शोषण, दमन, अशिक्षा, कुपोषण,अन्याय असमानता सहित अन्य मुद्दे केन्द्र बिन्दु पर होने चाहिए। सम्मान समारोह में आए हुए साहित्यकारों, अतिथियों एवं मीडिया कर्मियों का स्वागत करते हुए इफको के प्रबंध निदेशक ड० उदय शंकर अवस्थी ने श्री लाल शुक्ल इफको साहित्य के बारे में विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए चयन प्रक्रिया की पारदर्शिता को बताया। उन्होंने कहा कि हमारी संस्था में यह सम्मान उन्हीं साहित्यकारों को दिया जाता है जिनके साहित्य के केंद्र बिंदु में गांव किसान उपेक्षित व वंचित लोग होते है। उन्होंने कहा कि किसी भी राष्ट्र का विकास तभी हो सकता है जब किसान और गांव का विकास होगा। देश हित मे नैनो फर्टिलाइजर की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि नैनो फर्टिलाइजर की खोज राष्ट्र और किसान के विकास को ध्यान में रखा कर किया गया है जो पर्यावरण और किसानों के लिए आने वाले समय में वरदान साबित होगी। इस अवसर पर इफको के अध्यक्ष दिलीप संघानी ने इफको साहित्य सम्मान समारोह में ममता कालिया सहित सभी साहित्यकारों का आभार प्रकट किया। ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के चेयरमैन जितेंद्र तिवारी ने बताया की श्री लाल शुक्ल लखनऊ में ही रहते थे इसलिए लखनऊ में ही इस सम्मान समारोह का आयोजन किया जाता है। जिसमें अब तक 11 साहित्यकारों को सम्मानित किया जा चुका है। उन्होंने बताया कि चयनित साहित्यकार को 11 लाख नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया जाता है।सम्मान समारोह में डायरेक्टर मार्केटिंग योगेंद्र कुमार, इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस के उपाध्यक्ष विकास त्रिवेदी सहित अन्य गणमान्य लेखक व इफको के अधिकारीगण मौजूद रहे।

न्यूज झरोखा

प्रतापपुर के धीरज मिश्रा के निर्देशन में बन रही फिल्म आलिंगन का टीजर रिलीज

प्रतापपुर। बिखरे रिश्तों पर आधारित हिंदी फिल्म आलिंगन का बुधवार को टीजर रिलीज किया गया।प्रतापपुर (प्रयागराज)निवासी धीरज मिश्रा जिन्होंने जय जवान जय किसान,चापेकर ब्रदर्स,गालिब,दीनदयाल एक एक युगपुरुष,हीरो ऑफ नेशन चन्द्र शेखर आजाद जैसी फिल्मों की पटकथा लिख कर मायानगरी में खुद को स्थापित कर चुके धीरज ने बताया बतौर निर्देश आलिंगन उनकी पहली फिल्म है।फिल्म का निर्माण ग्रांड नेशनल मूवीज के तहत किया गया है। कलाकारों की बात करें तो मुख्य भूमिका तुषार पुरवार आश्रम बेबसीरीज में मुख्यमंत्री की किरदार निभाने वाले दिग्गज कलाकार अनिल रस्तोगी,अखिलेश जैन, विवेक आंनद मिश्रा, प्रशांत राय, प्रीति चेस्टा, हिरल आचार्य, राहुल राजपूत, मंजेश पांडेय, पपैया और जोया खान हैं। फिल्म के कार्यकारी निमार्ता अविनाश कुमार हैं। लाइन प्रोड्यूसर शालिनी सिंह, सत्यप्रकाश शुक्ला और राजा मजीद हैं। फिल्म की शूटिंग प्रयागराज, मिजार्पुर, आगरा, मथुरा और कश्मीर में हुई है।धीरज मिश्रा के स्थानीय मीडिया प्रभारी सूर्या यादव ने जानकारी देते हुए बताया मार्च में प्रयागराज के विभिन्न चयनित स्थानों पर सरोजनी नायडू फिल्म की शूटिंग की जाएगी।

ऊर्जा संरक्षण के क्षेत्र मे सोलर का अविस्मरणीय योगदान : डा अस्मिता सिंह

जसरा। ऊर्जा संरक्षण के विभिन्न संसाधनों मे सोलर उपक्रम बहुत ही महत्वपूर्ण हैं इससे ऊर्जा की बचत के साथ कृषि, पेयजल इत्यादि क्षेत्रों मे काफी मदद मिलती हैं उक्त बातें डा अस्मिता सिंह ने बुधवार को वर्चुवल सम्बोधन के माध्यम से चाका के बसवार मे फाउंडेशन के नेतृत्व मे सोलर उदघाटन मे बोल रहीं थी। इस अवसर पर उन्होंने सोलर की उपयोगिता के विषय मे बोलते हुए यह भी बोलीं कि बदलते दौर मे आधुनिक यंत्रो के उपयोग से न केवल व्यक्ति के जीवन मे सकारात्मक बदलाव आता हैं बल्कि इससे वर्तमान एवम भविष्य दोनों मे खुशहाली मिलती हैं इस अवसर प्रोफेसर डा अस्मिता सिंह ने यह भी जानकारी प्रदान करते हुए बोलीं कि आगामी एक सप्ताह के अंदर जनपद के विभिन्न विद्यालयों सहित अन्य किसानों के यहाँ सोलर भेंट किये जाएंगे। पिछले दो दिन से कोविड संक्रमण के कारण श्रीमती सिंह स्वयं को आईसोलेट किया हैं । इस अवसर पर किसान जयसिंह पटेल ने फाउंडेशन के प्रति आभार प्रकट करते हुए अन्य लोगों को भी सोलर एवम आधुनिक कृषि यंत्रो के विषय मे जागरूक करने का अटूट संकल्प लिए। कार्यक्रम का वर्चुअल संचालन शोध छात्र अभिषेक सिंह पटेल ने किया। उक्त वर्चुवल कार्यक्रम मे क्षेत्रीय लोगों सहित 15अन्य संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहें।

जसरा में टप्पेबाजो ने 20000 उड़ाया

जसरा। जसरा की एक बैंक से रुपए निकाल कर बाहर आए एक युवक को दो टप्पे बाजों ने अपने झांसे में फंसा कर बीस हजार रुपए उड़ा दिया । पीड़ित युवक ने घटना की सूचना घूरपुर पुलिस को दे दी है। बुधवार को जसरा के इंडियन बैंक में परवेजाबाद गांव निवासी ज्ञानेंद्र सिंह अपने बाबा पूर्व अध्यापक कृष्ण राज सिंह के खाते से पेंशन के 20हजार रुपए निकालकर जैसे ही बैंक से बाहर आया तो बाहर दो टप्पे बाज मिल गए तथा उन लोगों ने बताया कि मेरे पास दो लाख रुपए हैं जिसको बैंक में जमा करना है लेकिन बैंक में जमा नहीं हो रहा है। बातचीत के दौरान दोनों टप्पे बाजों ने युवक को अपने विश्वास में ले लिया तथा बैंक से थोड़ी दूर रेलवे क्रॉसिंग के दूसरी ओर ले जाकर रुमाल में लपेट कर रखे दो लाख रुपए युवक को दे दिया और युवक से बैंक से निकाले 20 हजार रुपए ले लिया और इसके बाद दोनों वहाँ से चले गए । थोड़ी दूर जाने के बाद युवक ने जब रुमाल में लिपटे रुपए को खोला तो नोट की गड्डी के ऊपर 500 की एक नोट लगी थी। तथा नीचे कागज की गड्डी थी जिसे देखकर ज्ञानेंद्र सिंह के होश उड़ गए। वह भाग कर बैंक पहुंचा तथा आसपास दोनों युवकों की खोजबीन की । लेकिन वह दोनों युवक रुपए लेकर फरार हो गए थे। बैंक पहुंचकर पीड़ित युवक ज्ञानेंद्र सिंह ने शोर मचाया तो लोग इकट्ठा हो गए । पीड़ित ने घटना की सूचना मोबाइल से घूरपुर पुलिस को दी। थोड़ी देर बाद घूरपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई तथा पीड़ित युवक से पूछताछ कर युवक से थाने आकर लिखित रूप से घटना की सूचना देने की बात कहकर वापस चली गई। बाद में पीड़ित युवक घटना की सूचना देने के लिए घूरपुर थाने की ओर चला गया। वही बैंकों के पास आए दिन टप्पे बाजी की घटनाएं होती रहती है। पिछले महीने एक इंटर कॉलेज के कर्मचारियों की डिग्गी से टप्पे बाजो ने बैंक से निकाले एक लाख रुपए पार कर दिया था लेकिन आज तक पकड़ में नहीं आए। स्थानीय लोगों ने बैंक के बाहर पुलिस व्यवस्था की मांग की है।

भारत में गरीबी मिटाने के लक्ष्य को पूरा करेगा नया बजट : नीलम करवरिया

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। क्षेत्रीय विधायक नीलम करवरिया ने आम बजट को लेकर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट किसानों नौजवानों के लिए खुशहाली लाएगा,और इस बजट से आमजन के विकास के रास्ते भी खुलेंगे । उन्होंने बताया कि बजट में पेयजल व्यवस्था को लेकर हर घर, नल से जल के तहत 3.8 करोड़ परिवारों को शामिल करने के लिए 60,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए जिसका लाभ सीधे जनता को मिलेगा, और आने वाले समय मे पेयजल की समस्या समाप्त हो जाएगी । इसके अलावा गरीबों को आवास के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत वर्ष 2022-23 में 80 लाख घरों को पूरा करने के लिए 48 हजार करोड़ रुपये आवंटित किए गए जिसका लाभ हर जरूरतमंद तक पहुचेगा । नीलम करवरिया ने कहा कि किसानों को इस बार के बजट में सरकार ने कई खास ऐलान किए हैं । साल 2023 को मोटा अनाज वर्ष घोषित किया गया है । रबी 2021-22 में 163 लाख किसानों से 1208 मीट्रिक टन गेहूं और धान खरीदा जाएगा । किसानों को डिजिटल और हाईटेक सेवाएं प्रदान करने के लिए पीपीपी मॉडल में योजना की शुरूआत होगी, और इस बजट में किसानों को एमएसपी के जरिए 2.3 लाख करोड़ देने का लक्ष्य रखा गया है । इसके अलावा किसानों को डिजिटल सेवाएं दी जाएंगी और भारत में गरीबी मिटाने के लक्ष्य पर पुरजोर रूप से कार्य किया जाएगा ।

विकास खंड करछना में विधान परिषद की चप्पा की गयी सूची : विवेक मिश्रा

करछना। कार्यालय जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी की गयी विधान परिषद निर्वचन 2022 नामावली सूची का स्थानीय प्राधिकारी निर्वाचन प्रयागराज के द्वारा जारी दिशा निर्देश पर विकास खंड करछना के एडीओ पंचायत विवेक कुमार मिश्रा ने ब्लाक मुख्यालय पर नामावलिया सूची चस्पां कराई गई, उन्होंन बताया कि जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा जारी की गयी विधान परिषद निर्वाचन सूची को निदेशों का पालन करते हुए चस्पां करा दी गई है ।इस मौके पर सचिव संजीव श्रीवास्तव, सचिव अब्दुल वारी, सचिव अमित यादव, सचिव महेश कुमार सहित ब्लाक के सभी कर्मियों की उपस्थिति में चस्पां कराई गई।

बारा विधायक डा. अजय कुमार ने भाजपा से दिया इस्तीफा, बसपा में जाने का संकेत

अखंड भारत संदेश

शंकरगढ़। राजनीतिक गलियारे में सियासी उठापटक मची हुई है। सूबे की सत्ताधारी दल के भी दर्जनभर से अधिक विधायक और मंत्री दूसरे दलों का दामन थाम चुके हैं। इसी कड़ी में बुधवार को विधानसभा बारा के विधायक डा. अजय कुमार ने भारतीय जनता पार्टी से इस्तीफा दे दिया। राष्ट्रीय अध्यक्ष को प्रेषित इस्तीफे की जानकारी डा. अजय कुमार ने यह भी स्पष्ट किया कि भाजपा से इस्तीफा देते हुए उन्हे अंदर से कष्ट भी हो रहा है।

पत्रकारों से बातचीत करते हुए बारा विधायक डा. अजय कुमार ने कहा कि एक कार्यकर्ता के रूप में भाजपा ने मुझे जो दायित्व सौंपा गया था, उसका मैंने ईमानदारी पूर्वक निर्वहन किया। बताया कि बारा विधानसभा सीट भाजपा के सहयोगी दल अपना दल के खाते में दे दी गई है। बारा विधानसभा सीट किसी दूसरे को देने से मुझे कोई दुख नहीं है। मुझे दुख इस बात का है कि इस बात की जानकारी मुझे पार्टी (भाजपा) के किसी शीर्ष नेता की तरफ से नहीं दी गई। यह बात मुझे अंदर तक चुभ रही है।

आज, भाजपा से अलग होते समय भी मुझे कष्ट हो रहा है। बारा विधायक डा. अजय कुमार ने कहा कि बारा के क्षेत्रवासियों, शुभचिंतकों की राय के अनुसार मैंने इस्तीफा देना ही उचित समझा। बहरहाल, भाजपा में टिकट बंटवारे को लेकर मचे कोलाहल के बीच एक और विधायक ने अपना इस्तीफा दे दिया है। हालांकि पार्टी हाईकमान की तरफ से अभी तक इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। इसी बीच चर्चा यह भी है कि भाजपा से इस्तीफा देने वाले बारा विधायक डा. अजय कुमार बहुजन समाज पार्टी का दामन थाम सकते हैं।

यहां, उल्लेखनीय है कि बसपा ने यमुनापार की बारा विधानसभा सीट से डा. शिव प्रकाश को टिकट दे दिया है। बारा विधानसभा से बसपा के अलावा रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया की पार्टी जनसत्ता दल (लोकतांत्रिक) ने रितेश राणा को प्रत्याशी बनाया है। इसके अलावा बारा विधानसभा से ही समाजवादी पार्टी ने अजय कुमार उर्फ मुन्ना और कांग्रेस ने मंजू संत पर दांव लगाया है।

विधान सभा सोरांव में बहुजन समाज पार्टी केंद्रीय कार्यालय का हुआ उद्घाटन

अखंड भारत संदेश

संबोधन करते पूर्व विधान सभा अध्यक्ष राम सजीवन

सोरांव। बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष बाबूलाल भंवरा ने बुधवार को कलंदरपुर बड़गांव स्थित ईशा मिमोरियल इंटर कॉलेज के पास बहुजन समाज पार्टी का केंद्रीय कार्यालय का फीता काट कर उद्घाटन किए। जिला अध्यक्ष ने बाबा साहब भीम राव अंबेडकर व पार्टी के संस्थापक मान्यवर कांशीराम के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पार्टी की नीतियों पर चलने की सभी से अपील किए और आगामी विधान सभा में पार्टी कें पक्ष में मतदान करने की बात कही। वहीं जिला सचिव पंकज गौतम एडवोकेट ने पार्टी के प्रति सभी को समर्पित भाव से अपने-अपने क्षेत्रों में काम करने की बात कहे। तथा पूर्व अध्यक्ष बार एसोसिएशन सोरांव व पार्टी के पूर्व विधान सभा प्रभारी राम सजीवन ने अपने वक्तव्य में कहे कि हमारे प्रत्येक सेक्टर व बूथ अध्यक्ष तथा वरिष्ठ कार्यकर्ता क्रांतिकारी हैं। उनको बहन कुमारी मायावती जी को मुख्यमंत्री बनाने के लिए तन मन धन से अपने बूथ पर बसपा प्रत्यासी को जिताने के लिए आज से जुट जाए। इस मौके पर खुद प्रत्यासी बनकर जीतने का काम करें। इस मौके पर जिला सचिव पंकज गौतम, मुख्य प्रभारी राज नाथ पाल, जगदीश गौतम,चंद्र शेखर गौतम, राम दुलार दरोगा,राम कुमार,अरूण यादव,पत्ती देवी, कमला देवी, राज कुमारी,देवेंद्र गौतम,श्याम लाल पासी आदि लोग मौजूद रहे।

मालगाड़ी के डिब्बे के नीचे लेट गया युवक, मौत

शंकरगढ़। मंगलवार की रात एक युवक ने मालगाड़ी के नीचे लेटकर आत्महत्या कर ली। यह घटना यमुनापार के शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन की है। प्रत्यक्षदर्शी गार्ड (ट्रेन मैनेजर) के मुताबिक उक्त युवक काफी देर से पास में ही खड़ा था, जैसे ही मालगाड़ी चलने लगी, उसी दरम्यान वह डिब्बे के नीचे लेट गया। यह घटनाक्रम इतनी तेजी से हुआ कि उस समय गाड़ी को रोक पाना असंभव था। इस हादसे के बाद रात 8.20 बजे मालगाड़ी के गार्ड ने घटना की जानकारी लोको पायलट को देते हुए आरपीएफ को भी दी। मौके पर पहुंची आरपीएफ ने युवक के शव को रेलवे ट्रैक से हटाया। शंकरगढ़ रेलवे स्टेशन के मानिकपुर छोर की तरफ हुई घटना के बाद आरपीएफ ने मौके पर छानबीन की, लेकिन मृतक के पास ऐसा कुछ भी नहीं मिला, जिससे उसकी पहचान हो पाती।आरपीएफ के मुताबिक युवक की उम्र 30-32 वर्ष के बीच है। उसके शरीर पर आसमानी रंग की शर्ट, चेकदार लोअर, नीले रंग का इनर मिला है।काफी प्रयास के बाद भी पहचान नहीं हो पाई है। शव को मानिकपुर चीरघर भेज दिया गया है।

गंगा कल्पवास शिविर में श्री राम कथा एवं गंगा आरती का आयोजन

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। गंगोली शिवाला मार्ग पर स्थित गंगा कल्पवास शिविर में 11 दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन पंडित चंद्रनारायण पांडेय गुड्डू महाराज द्वारा आयोजित किया गया जिसमें समापन दिवस पर गंगा आरती का भी आयोजन किया गया। कथा व्यास तुलसी शरण महाराज ने समापन दिवस पर श्रीराम के राजतिलक के साथ कथा को विराम देते हुए कहा दैहिक, दैविक भौतिक तापा राम राज काहु नहिं ब्यापा। अभिप्राय यह कि राम राज में किसी भी जीव को शारीरिक, भौतिक व दैविक कष्ट नहीं होता है। जहां राम वहां सब धन्य धाम है। राम सबके कल्याण के लिए हैं। श्रीराम को स्मरण करने से सब दुख दूर हो जाते हैं। केवट, शबरी, गीध, अजामिल, गज का भगवान ने उद्धार किया। उन्होंने कहा कि श्री राम कथा सुनने से सबका भला होता है इस अवसर पर सैकड़ों कल्पवासी मौजूद रहे।

बजट पर खुलकर बोले ग्रामीण

राजीव लोचन

चन्द्रभान बाबा प्रधान

आशुतोष त्रिपाठी

अशोक अंजान

प्रतापपुर। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारामण ने मंगलवार को संसद में केंद्रीय बजट प्रस्तुत कर दिया है।जिसपर कई तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही है।ग्रामीण क्षेत्र में भी इसपर खुल कर चर्चा हो रही है।कुछ की रायशुमारी है-

इस बजट में मध्यम व निम्न वर्ग के लोगो के लिये कुछ भी नही है।यह सिर्फ उद्योगपतियों और पूंजीपतियों का हित साधक बजट है।

-राजीव लोचन मिश्र, लोढ़ीडीह

पीएम किसान निधि में अपेक्षित बढ़ोत्तरी नही हुई है।मनरेगा का बजट काटा गया है। इससे किसानो और मजदूरो को क्या लाभ होगा। जबकि इसे अमृत काल का बजट कहा जा रहा है जो पूरी तरह से निराश करने वाला बजट है। **-चंद्रभान उर्फ बाबा प्रधान**

परंपरागत कृषि तकनीको से ऊपर उठकर नवीनतम पद्धति को अपनाना होगा तभी कृषि रोजगार परक और मुनाफे वाली होगी।इसी का ध्यान बजट में रखा गया है।बजट स्वागतयोग्य व प्रशंसनीय है।**-आशुतोष त्रिपाठी,उग्रसेनपुर**

बजट पूरी तरह से निराश करने वाला है।कारपोरेट सेक्टर को कर में छूट,आम जन को कोई लाभ नही।यह क्या दशार्ता है।**-अशोक अंजान,सराय हरिराम**

किसान की 40 भेंड गाड़ी में भरकर उठा ले गये चोर

जसरा। घूरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में रात सो रहे किसान की चालीस भेड़ों जिसकी कीमत लगभग ढाई लाख रुपए को चोरों ने गाड़ी में लादकर उठा ले गये। सुबह जगने के बाद भेंड़ों के गायब होने पर भेड़ स्वामी अगल बगल के गांवों में खोजबीन किया। लेकिन कोई पता न चलने पर घूरपुर पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगाया है। सोमवार की रात जसरा व सपहा गांव के मध्य में लगभग छः माह से दो सौ भेंड़ों को वहीं बसेरा दे रहे श्रीलाल पाल निवासी जसरा गांव उस रात खाना पीना करके भेड़ों के पास सो गये। रात में अज्ञात चोर भेंड़ों के समूह से चालीस भेड़ों को किसी वाहन से लाद ले गये। जिनकी अनुमानित लागत लगभग ढाई लाख रुपए रही होगी। नींद खुलने पर भेड़ों को गायब देख परिजनों संग श्रीलाल पाल आस पास के गांवों में ढूंढने लगे। थक हारकर बुधवार को घूरपुर पुलिस को चोरी गये भेंड़ों के गायब होने की सूचना दिया है।

प्रधानमंत्री के वर्चुअल रैली में गूंजे वंदेमातरम और जय श्रीराम के नारे

अखंड भारत संदेश

वर्चअल रैली में शामिल लोग

प्रयागराज। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था पर वर्चुअल संबोधन विधानसभा बारा में ईश्वरदीन छेदीलाल इंटर कालेज जसरा, विधानसभा मेजा मे श्यामकली इंटर कालेज, करछना मे वृजमंगल इंटर कालेज, कोरांव में हेमवती सिंह शहीद स्मारक पार्क मे बड़ी स्क्रीन के माध्यम से आयोजित किया गया। इसके अलावा कार्यकताओं ने मोबाइल द्वारा सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्मो पर वर्चुअल प्रसारण में कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संबोधन को देखा और सुना। चारो विधानसभाओ में पांच-पांच सौ लोगों की मौजूदगी का परमीशन अनूरूप भारी संख्या में कार्यकर्ता भारी जोश के साथ उपस्थित रहे। कार्यकर्ता बीच-बीच मे जय श्रीराम ,भारत माता की जय, बन्दे मातरम् के जयकारे लगाते रहे। जिला प्रभारी ओंकार केसरी ने कहा ऐसा बजट और उद्बोधन प्रधानमंत्री का हम सब कार्यकर्ताओ के लिए प्रेरणास्रोत हैं। जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने कहा प्रधानमंत्री का सम्बोधन और बजट हम सब के साथ सभी वर्गों के समग्र विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा,विधानसभा बारा प्रभारी राजेंद्र पांडेय ने कहा जिस प्रकार से सैकड़ों कार्यकताओं ने वर्चूअल वैठक को सुना, जोश से लवरेज पुनः भाजपा का कमल बारा मे खिलाएंगे,बारा की वर्चुअल बैठक मे प्रमुख रूप से जिला उपाध्यक्ष संतोष त्रिपाठी,जय सिंह पटेल, विधानसभा सह प्रभारी सुभाष चन्द्र केसरी, प्रवासी हरेंद्र त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुवेर्दी, महामंत्री विजय शंकर शुक्ला, मंत्री प्रकाश शुक्ल प्रचंड,कमलेश त्रिपाठी,हरिदेव धूरिया, मोर्चा अध्यक्ष सुधाकर पाण्डेय, सुभाष सिंह पटेल, अरुण सिंह, राजमणि पासवान,कुशल जैन,मंडल अध्यक्ष जगत शुक्ला,बन्दना सिंह, कुलदीप सिंह पटेल,शिव प्रसाद केसरवानी, अंजनी लाल, धर्मराज पाल, सतीश विश्वकर्मा, रंगवली पटेल,वेदेश दत्त पाण्डेय,परमेश्वर बौद्ध, दुर्गा पांडेय,सुधा गुप्ता,नीरज केसरवानी, दिनेश प्रजापति सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

माघ मेला में हुआ भव्य भंडारा का आयोजन

प्रयागराज। माघ मेला मेला प्रयागराज सेक्टर नंबर 3 अन्नपूर्णा मार्ग पूर्वी पटरी पर स्थित सद्गुरु कानसस सोसाइटी सद विप्र समाज सेवा उत्तर प्रदेश इलाहाबाद योग साधना शिविर में पूज्य सदगुरुदेव स्वामी कृष्णानंद महाराज जी के सानिध्य नित्य दिनों की भांतिआज मौनी अमावस्या के शुभ अवसर पर सुबह-सुबह दीक्षा कार्यक्रम दीक्षा कार्यक्रम, हवन पूजन के बाद विशाल भव्य भंडारा का आयोजन किया गया जिसमें सद्गुरु देव के सानिध्य में दक्षिणा सहित संतो की भव्य विदाई की गई। सदगुरुदेव ने प्रवचन में गोरखनाथ वाणी पर अपना आशीर्वचन भक्तों को दिया और कहा कि हमें सत्कर्म ,सत्संग एवं साधना में भाग लेकर अपने भौतिक एवं आध्यात्मिक जीवन को सफल बनाना चाहिए इस अवसर पर पूज्य सदगुरुदेव महाराज के शिस्य आचार्य जनेश्वर स्वामी ने भी गुरु महिमा पर अपने विचार व्यक्त किए। इसमें सत्य सनातनी चौका आरती का आयोजन संपन्न किया गया । भंडारे में आचार्य जनेश्वर स्वामी ,वीरभद्र प्रताप, ऋषि ,आशीष ,भुनेश्वर स्वामी ,सुनील जी, सुरेंद्र सिंह ,कल्पराज सिंह, रामू दास ,राजेश महाराज आदि शिष्य गणों की सहभागिता बनी रहती है।

किसान के सिर पर वार कर उतारा मौत के घाट, हत्यारों का नहीं लगा सुराग

अखंड भारत संदेश

नवाबगंज। इब्राहिमपुर मोहल्ले में मंगलवार की रात किसान राज बहादुर पटेल की नृशंस हत्या कर दी गई। उसका सिर और चेहरा ईट-पत्थरों से कुचल दिया गया था। बुधवार सुबह पत्नी नाश्ता लेकर पहुंची तो राज बहादुर का शव देखकर दहल गई।सूचना मिलते ही एसपी गंगापार फोर्स लेकर पहुंच गए। डॉग स्क्वायड और फील्ड यूनिट भी मौके पर पहुंची लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। घर वालों ने भूमि विवाद में हत्या का शक जताते हुए छह पट्टीदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने चार को हिरासत में लेकर उनसे पूछताछ कर रही है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के इलाके के इब्राहिमपुर निवासी राज बहादुर पटेल 38 पुत्र छोटे लाल, खेती किसानी करता था। मंगलवार की शाम वह घर से थोड़ी दूर स्थित पंपिंग सेट पर फसलों की रखवाली के लिए निकला था। रात में राज बहादुर का सिर और चेहरा पत्थरों से कुचलकर मार डाला गया। सुबह पत्नी राजकुमारी नाश्ता लेकर पहुंची तो रक्तरंजित शव देख दहाड़े मारनी लगी।

घटना स्थल पर जांच पड़ताल करती पुलिस

बदहवास के स्थित में मृतक के परिजन

पट्टीदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

पट्टीदारों से चल रहा था विवाद

हल्ला मचा तो ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठी हो गई। सूचना पर एसपी गंगापार अभिषेक अग्रवाल, डाग स्क्वायड और फिंगर प्रिंट एक्सपर्ट के साथ पहुंचे। घर वालों ने बताया कि राज बहादुर की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी लेकिन पट्टीदारों से भूमि को लेकर विवाद चल रहा था। उन्हें पूरा शक है कि पटटीदारों ने ही जमीन हड़पने के लिए राज बहादुर की हत्या कर दी।बाद में परिजनों की तहरीर पर छह पट्टीदारों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई। इंस्पेक्टर नवाबगंज ने बताया कि इस मामले में चार लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। अब तक की जांच में भी पता चल रहा है कि राज बहादुर की और किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी।

परिवार वालों का रो रो कर बुरा हाल

राज बहादुर पटेल की हत्या के बाद मां राम कली, बेटियां कविता, अनीता और अंजली का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में ग्रामीण इकट्ठे हो गए थे।

भाई की संदिग्ध हालात में हो चुकी है मौत

राज बहादुर के भाई लल्ला की करीब दो साल पहले संदिग्ध हालात में मौत हो चुकी है। परिजनों ने बताया कि जमीनी विवाद के मुकदमों की पैरवी के चलते उसे मौत के घाट उतार दिया गया था। हालांकि लल्ला के शव का पीएम नहीं कराने से मौत की गुत्थी अनसुलझी ही रह गई थी।

नामांकन कक्षों का डीएम ने किया निरीक्षण

प्रयागराज। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार खत्री ने नामांकन कक्षों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने प्रत्येक नामंकन केन्द्रों पर जाकर की जा रही नामांकन प्रक्रिया को देखा तथा सम्बंधित को निर्देशित किया कि आयोग के नार्म के अनुसार नामांकन किया जायेगा। उन्होंने प्रत्येक विधान सभावार कितने फार्म वितरण किये गये का भी रजिस्टर चेक किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नामांकन कक्षों में सीसीटीवी कैमरा एवं वीडियोग्राफी की व्यवस्था की गयी है। तत्पश्चात उन्होंने गुरूवार से होने वाले प्रशिक्षण केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। सर्वप्रथम वे मेरी लूकस पहुंचे, वहां पर उन्होंने मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया। पानी, बिजली, शौचालय तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था को देखा तथा उन्होंने मतदान कार्मिक को निर्देशित किया है कि जो भी मतदान कार्मिक की ड्यूटी लगायी गयी है, उनके पीने योग्य पानी, शौचालय तथा उनकी वाहन खड़ा करने की व्यवस्था सुनिश्चित किया जाये। इसी क्रम में उन्होंने बिशप जॉनसन स्कूल में वैक्सीनेशन एवं प्रत्येक कक्षों में जाकर व्यवस्था का जायजा लिया तथा निर्देशित किया है कि साइनेज आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये तथा पार्किंग आदि की व्यवस्था में भी साइनेज के साथ-साथ टैफिक पुलिस आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करा ली जाये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी शिपू गिरि सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

हनी ट्रैप का शिकार हुए अधिवक्ता वीडियो एडिट कर किया ब्लैकमेल

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। फेसबुक पर अधिवक्ता उत्सव सिंह हनी ट्रैप का शिकार हो गए। 23 जनवरी की रात एक युवती ने फेसबुक पर उन्हें वीडियो कॉल किया। कुछ देर बातचीत के बाद युवती ने अश्लील वीडियो चला दिया। इसी वीडियो को एडिट कर उन्हें भेजा गया और सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी गई।उन्होंने अपना फेसबुक एकाउंट डीएक्टीवेट किया तो जालसाजों ने सीबीआई अफसर बनकर फोन किया फिर पैसों की मांग की। अधिवक्ता ने अतरसुइया थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। अतरसुइया इलाके में रहने वाले अधिवक्ता उत्सव सिंह को 23 जनवरी की रात फेसबुक पर एक लड़की की आईडी से वीडियो कॉल किया गया। युवती ने उनके बारे में जानकारी ली और दोस्ती की बात कही। इसके कुछ देर बाद फिर वीडियो कॉल किया और अश्लील हरकतें करने लगी।

अगले दिन सीबीआई अफसर बनकर किया फोन

उत्सव ने तुरंत कॉल काट दी। इसके बाद युवती ने कई बार कॉल की लेकिन उन्होंने रिसीव नहीं किया। अगले दिन उनके व्हाट्सएप नंबर पर वीडियो भेजकर उसे सोशल मीडिया में वायरल करने की धमकी दी गई। पैसे भी मांगे गए। उत्सव ने अपना फेसबुक एकाउंट डीएक्टीवेट कर दिया और मोबाइल भी स्विच ऑफ कर लिया।अगले दिन व्हाट्सएप कॉल आई और कॉल करने वाले ने खुद को सीबीआई अफसर बताया। कहा कि वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया तो बहुत बदनामी होगी। वह लड़की को पैसे दे दें। उत्सव इस कॉल के बाद काफी परेशान हो गए। उन्होंने अपने साथियों से बात करने के बाद अतरसुइया थाने में 31 जनवरी को रिपोर्ट दर्ज कराई। इंस्पेक्टर ने बताया कि मोबाइल नंबरों के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

विश्व आर्द्रभूमि दिवस पर आयोजित हुआ जागरूकता कार्यक्रम

अखंड भारत संदेश

प्रयागराज। नेहरू युवा केंद्र प्रयागराज एवं वन्य जीव संस्थान के संयुक्त प्रयास में विश्व आर्द्रभूमि दिवस (2फरवरी) के उपलक्ष में बुधवार को दशाश्वमेध घाट पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत वहा के स्थानीय और स्नान करने आए लोगों को आर्द्रभूमि दिवस के उपर विस्तार रूप से जानकारी दी गई।इस वर्ष विश्व आर्द्रभूमि दिवस 2022 की अंतर्राष्ट्रीय थीम 'लोगों और प्रकृति के लिए आर्द्रभूमि कार्रवाई रही। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन से आए कम्युनिकेशन स्पेशलिस्ट अथर्वराज पांडे ने सभी को बताया प्रत्येक वेटलैंड का अपना पारिस्थितिक तंत्र होता है। जैव विविधता होती है, वानस्पतिक विविधता होती है। फील्ड इंचार्ज के पी उपाध्याय ने वेटलैंड, जलजीवों, पक्षियों, आदि प्राणियों के आवास और महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी एवं संरक्षण हेतु जागरूक किया । जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह ने बताया कि वेटलैंड के जल संरक्षण, जल प्रबंधन के पीछे यही उद्देश्य है कि जल के संरक्षण के साथ-साथ उनके पारिस्थितिक तंत्र को भी संरक्षण दिया जाये। इसके पश्चात गंगा विचार मंच के राजेश शुक्ला ने आद्र भूमि संरक्षण शपथ दिलाई एवं गंगादूतो एवं गंगा पहरीयो ने नारे लगा कर सभी को नम भूमि संरक्षण हेतु जगरूकता संदेश दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु गंगा दूत एवं गंगा पहरी चंद्रा निषाद, जितेंद्र कुमार निषाद,अभिषेक कुमारनिषाद,अर्चना निषाद,खुशी शर्मा ,यशी शर्मा ,प्रतिक विक्रम की सहभागिता रही।

जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद नेहरु युवा केंद्र की जिला परियोजना अधिकारी एषा सिंह

न्यूज झरोखा

पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल अपना दल एस में शामिल, चायल से बने प्रत्याशी

प्रयागराज। प्रयागराज में समाजवादी पार्टी को तगड़ा झटका लगा है। पूर्व सांसद नागेंद्र सिंह पटेल ने सपा छोड़कर अपना दल एस का दामन थाम लिया। यही नहीं अपना दल ने उन्हें तत्काल कौशाम्बी की चायल सीट से प्रत्याशी भी बना दिया है। सपा ने चायल सीट से पहले ही पूजा पाल को प्रत्याशी बनाया है। 2017 में चायल सीट से संजय कुमार गुप्ता भाजपा के टिकट पर विधायक बने थे।इस चुनाव में भाजपा ने यह सीट समझौते में अपनी सहयोगी अपना दल एस को दे दी थी। इस सीट से टिकट के लिए कई नेता अनुप्रिया पटेल के संपर्क में थे। एकाएक बदले राजनीतिक घटनाक्रम में नागेंद्र सिंह पटेल ने बाजी मार ली। नागेंद्र सिंह पटेल सपा के बड़े नेता माने जाते थे। 2018 में केशव प्रसाद मौर्य के इस्तीफ से रिक्त हुई फूलपुर लोकसभा सीट पर उन्होंने जीत हासिल की थी। उन्होंन भाजपा के प्रत्याशी कौशलेंद्र सिंह को पराजित किया था।

समाजवादी बाबासाहेब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के प्रथम नगर आगमन पर हुआ स्वागत

प्रयागराज। समाजवादी बाबा साहेब वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद जनपद में प्रथम आगमन पर नवाबगंज हाईवे,तेलियरगंज मोतीलाल नेहरू इंजीनियरिंग कॉलेज के गेट पर साथियों ने स्वागत सम्मान किया उसके बाद हाई कोर्ट स्थित बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया सिविल लाइन चौराहे पर स्थित डॉ राम मनोहर लोहिया जीके प्रतिमा पर माल्यार्पण किया साथ ही जिला कार्यालय पर समाजवादी पार्टी के जिला सचिव राम मूरत यादव एवं उनके साथियों ने स्वागत एवं सम्मान किया।

प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली का सीधा प्रसारण श्यामकली इंटर कॉलेज में

अखंड भारत संदेश

मेजा रोड। प्रधानमंत्री की वर्चुअल रैली का सीधा प्रसारण सुनने के लिए मेजा में श्यामकली इंटरकालेज मेजारोड में एलईडी स्क्रीन की व्यवस्था की गई ।इसके लिए भाजपा ने सभी विधानसभा क्षेत्रों में विशेष इंतजाम किए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को सुबह 11 बजे से आत्मनिर्भर अर्थव्यवस्था वर्चुअल रैली को संबोधित किया। भाजपा की ओर से जहां जनपद के सभी विधानसभा क्षेत्रों में पांच सौ लोगों को अलग-अलग स्थानों पर बैठाकर संबोधन सुनने की व्यवस्था की गई। वहीं इसके लिए मेजा विधान सभा में मेजरोड स्थित श्यामकली इंटर कालेज में भाजपा प्रत्याशी नीलम करवरिया के करीबी शैलेश पांडेय व जिला मंत्री नाथू गुप्ता ने व्यवस्था किया।यह जानकारी देते हुए जिला मंत्री नाथू गुप्ता ने बताया कि मेजा विधानसभा क्षेत्र के पदाधिकारी व कार्यकर्ता एलइडी स्क्रीन के माध्यम से करीब 5 सौ लोगों ने पीएम का संबोधन सुना। उन्होंने बताया कि मेजा विधानसभा क्षेत्र में निवास करने वाले राष्ट्रीय, प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्रों, बूथों के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यसमिति सदस्य, प्रकोष्ठ विभागों व प्रकल्पों के संयोजक व सह संयोजक, मंडल अध्यक्ष व मंडल पदाधिकारी वर्चुअल रैली में शामिल रहे।इस मौके पर प्रमुख रूप से भाजपा प्रत्याशी नीलम करवरिया, रूप नारायण मिश्र, जयशंकर पांडेय, श्यामराज यादव, कमलेश मिश्र, नगर गुप्ता, विक्रमा दित्य मौर्य, राजीव तिवारी, संतोष दुबे, सुधाकर शुक्ला, रवि शुक्ला, जगत नारायण पांडेय, हीरालाल दुबे और कृष्ण चंद्र तिवारी विधायक के निजी सचिव जितेंद्र शुक्ला मौजूद रहे।

प्रधानमंत्री के वर्चुअल रैली को सुनते लोग

हंडिया से निषाद पार्टी से प्रत्याशी बने पूर्व विधायक प्रशांत सिंह

प्रयागराज। हंडिया के पूर्व विधायक प्रशांत सिंह राहुल ने सपा छोड़कर निषाद पार्टी का दामन थाम लिया और निषाद पार्टी ने उन्हें हंडिया सीट से अपना उम्मीदवार भी घोषित कर दिया। प्रशांत सिंह हंडिया से कई बार सपा विधायक रहे स्व. महेश नारायण सिंह के पुत्र हैं। पिता की मौत के बाद खाली हुई विधानसभा सीट पर उन्होंन जीत हासिल की थी।

सपा से टिकट न मिलने से चल रहे थे नाराज

पिछले चुनाव में भी सपा ने उन्हें टिकट न देकर एमएलसी बासुदेव यादव की पुत्री निधि यादव को दे दी थी, जो बसपा के हाकिमलाल बिंद से पराजित हो गई थीं। इस बार भी प्रशांत सिंह हंडिया से सपा के टिकट के लिए दावेदारी कर रहे थे, लेकिन सपा ने बसपा से सपा में शामिल हुए विधायक हाकिमलाल बिंद को प्रत्याशी बना दिया था।इसके बाद से ही प्रशांत सिंह पार्टी से नाराज चल रहे थे। बड़ी संख्या में समर्थक उनके घर पर रोज पहुंच रहे थे और उन पर निर्दलीय ही चुनाव लड़ने का दबाव बना रहे थे। भाजपा से समझौते में मिली हंडिया सीट पर निषाद पार्टी ने प्रत्याशी उतारकर सपा की मुश्किल बढ़ा दी है।

स्वास्थ्य विभाग कोविड जांच एवं सफाई व्यवस्था में सक्रिय रहा

अखंड भारत संदेस

करछना। स्वस्थ्य शिविर अरैल सर्किल एवन सेक्टर एक माघ मेला 2022 में स्वास्थ शिविर अरैल में मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रयागराज डॉक्टर नानक सरन एवं माघ मेला सब चार्ज डॉक्टर जय किशन सोनकर के दिशा निदेर्शानुसार मेला क्षेत्र में कोविड जांच केंद्र एव मोबाइल जांच टीम द्वारा कोरोना की जांच की जाती है मोबाइल टीम एवं सर्वे में लगाए गए अध्यापक आंगनवाड़ी कर्मचारियों द्वारा क्लबवासी संस्थानों में जाकर सेमफीलिंग किया जा रहा है अरैल क्षेत्र घाट पर दो जगह कोविड-19 हेल्पडेस्क लगाए गए हैं वहां पर मास्क सैनिटाइजर 24 घंटे वितरण किया जाता है अरैल क्षेत्र में लगाए गए पर्यवेक्षकों द्वारा सफाई कर्मियों को प्रवचन कर रहे हैं जिससे साफ सफाई का कार्य सही ढंग से चल रहा है प्रभारी निरीक्षक डाक्टर धर्मेंद्र कुमार यादव के निर्देशन में माघ मेला क्षेत्र अरैल मैं कोरोना 19 एवं साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है यूरिनल एवं शौचालय की सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है सरकारी संस्था कलप्रवासी संस्था में छिडकाव किया जा रहा है और यस आई संतोष सिंह आने वाले यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो सके इसके लिए सुपरवाइजर श्री मोहन सिंह अजीत सिंह राजीव कुशवाहा राजेश यादव छ ळ संजना त्रिपाठी 24 घंटे सफाई व्यवस्था के लिए तैनात रहते हैं मौनी अमावस्या स्नान बीत जाने के बाद सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है ।किसी प्रकार की गंदगी से बीमारी न फैले इस पर जोर दिया जा रहा है।

माघ मेला क्षेत्र अरैल घाट पर वैश्विक महामारी के बचाव के लिए टीकाकरण कार्य

एसपी कासगंज को हाईकोर्ट की फटकार

प्रयागराज। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कासगंज में हुई हिरासत में मौत के मामले में बुधवार को सुनवाई करते हुए कासगंज के एसपी रोहन प्रमोद बोत्रे को फटकार लगाई है। कोर्ट ने कहा कि एसपी बृहस्पतिवार तक हलफनामा दाखिल करें। कोर्ट ने कहा है कि अगर बृहस्पतिवार तक हलफनामा दायर नहीं किया गया है तो उसकी कीमत चुकानी पड़ेगी। मामले में मृतक अल्ताफ के पिता चांद मिंया ने याचिका दायर कर सीबीआई जांच की मांग की थी। मामले में उत्तर प्रदेश पुलिस ने दावा किया कि थाने की हवालात में अल्ताफ ने खुद फांसी लगाई थी। इस पर कोर्ट ने राज्य से पूछा कि मामले में आज तक हलफनामा क्यों नहीं दायर किया गया? जबकि सुनवाई की आखिरी तारीख को अदालत को बताया गया था कि हलफनामा तैयार हो गया है।

हीलाहवाली पर लगाएंगे भारी जुर्माना : हाईकोर्ट

अल्ताफ के पिता की ओर से दायर याचिका पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने 23 दिसंबर 2021 को कासगंज के पुलिस अधीक्षक से दस दिन के भीतर जवाब मांगा था। इलाहाबाद हाईकोर्ट ने पीड़ित के पिता द्वारा सीबीआई जांच और अल्ताफ के शरीर की एक और पोस्टमार्टम की मांग की थी।याचिका पर बुधवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने कहा कि एसपी बृहस्पतिवार तक हलफनामा दायर नहीं करते हैं तो अनिवार्य रूप से भारी जुमार्ना लगाएंगे। अल्ताफ नौ नवंबर को पुलिस स्टेशन में मृत पाया गया था। पुलिस ने दावा किया कि उसने अपने जैकेट के हुड से एक शौचालय में पानी के पाइप से लटकर खुद को फांसी लगा ली। पाइप जमीन से दो फीट की ऊंचाई पर था।

चुनावी तैयारी को लेकर सपा ने किया बैठक

अखंड भारत संदेश

सिरसा। प्रयागराज विधानसभा मेजा नगरपंचायत सिरसा शिव गंगा वाटिका में समाजवादी पार्टी विधानसभा मेजा की कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं सेक्टर पर्यवेक्षक तथा सेक्टर प्रभारी साथियो की एक आवश्यक बैठक आहूत की गई। नगरपंचायत सिरसा चेयरमैन श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) विधानसभा अध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं विधानसभा मेजा सपा प्रत्याशी संदीप पटेल के उपस्थिति में चुनावी तैयारी बैठक का आयोजन संम्पन हुवा। बैठक में तमाम पदाधिकारी ने चुनाव जीतने के लिए अपने सुझाव दिए। सपा विधानसभा अध्यक्ष मेजा श्याम कृष्ण सिंह (पप्पू यादव) ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की बुनियाद हैं, कार्यकर्ता ही चुनाव जिताने का मुख्य किरदार होता हैं। आप सभी के सहयोग से जनता जनार्दन के आशीर्वाद से चुनाव भारी मतों से जितना है। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने - अपने क्षेत्र में बदहाल कानून व्यवस्था , रोजगार संकट, आवारा पशुओं से बर्बाद होती हैं किसान की फसल आरक्षण खात्मे की साजिश जैसे मुद्दों पर लोगो मे जागरूक करे। विधानसभा मेजा समाजवादी पार्टी के प्रत्याशि संदीप पटेल ने कहा कि पार्टी की रीतियों और नीतियों एवं सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश सिंह यादव के नेतृत्व पर भरोसा जताते हुए समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने पर जोर दिया गया। सपा विधानसभा मेजा प्रत्याशी संदीप पटेल ने कहा कि समाजवादी पार्टी की सरकार बनना तय है , और सपा सरकार बनने पर लोगो को 300 यूनिट बिजली मुफ्त दी जाएगी, किसानों को ब्याज मुक्त लोन दिया जाएगा,समाजवादी पेंशन 18000 प्रति वर्ष जाएगा,पुरानी पेंशन बहाल किया जाएगा,15 दिन में गन्ना किसानों का भुगतान किया जाएगा , नौजवानो को लैपटॉप दिया जाएगा,आईटी क्षेत्र में 22 लाख रोजगार की व्यवस्था कि जाएगी। ऐसे तमाम योजनाओं का घोषडा किया गया।बैठक में मुख्य रूप से बाबू लल्लन सिंह, उरूवा ब्लाक प्रतिनिधि पप्पू गौतम, नीरज सिंह यादव प्रधान प्रतिनिधि,रामकैलाश कौनोजिया, एडोकेट मनीष भारतीय, अनिल यादव,राजीव सिंह, दिलावर सिंह, गुड्डू यादव, दिलीप विश्वकर्मा,महेंद्र सिंह यादव, प्रमिल यादव, काशी नरेश यादव,चन्दू सेठ, रामनिरंजन विश्वकर्मा,आमोद यादव,हर्षित पांडेय, मनीष मोनू मिश्र सभासद,गिरीस शर्मा,पांचू राम निषाद, राजेश विश्वकर्मा,अरविंद यादव प्रधान,दीपक सिंह, फते बहादुर,रक्षा मंत्री यादव, विनोद विश्वकर्मा मीडिया प्रभारी समाजवादी पार्टी, श्रीमती गीता गुप्ता मेजा विधानसभा अध्यक्ष महिला सभा, श्रीमती कंचन भारतीय उपाध्यक्ष महिला सभा, हसीना बेगम, सरिता, जमीला बानो आदि प्रमुख लोग उपस्थित रहे।

कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर करन विकास खण्ड सोरांव प्रयागराज

टेण्डर/कोटेशन

महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारन्टी योजना अन्तर्गत/निम्नलिखित परियोजनाओं पर निर्माण कार्यों में प्रयोगार्थ सामग्री जैसे:– ईंट, सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू, ईंट गिट्टी इत्यादि की आपूर्ति हेतु 20000 से 100000 तक की सामग्री का कोटेशन तथा रूपया 100001(एक लाख एक रूपया) से ऊपर की सामग्री हेतु अधिकृत आपूर्तिकर्ताओं से जिनके पास पैन सं0 हो मोहर बंद टेण्डर दिनांक 13.01.2022को पूर्वान्ह 10बजे से अपराह्न 2 बजे कार्यालय ग्राम पंचायत लखनपुर करन के टेण्डर बाक्स में आमंत्रित किये जाते हैं जो उसी दिनांक अपराह्न 3 बजे कोटेशनदाता/निविदादाता की उपस्थिति/अनुपस्थिति में गठित निविदा कमेटी के समक्ष खोलकर स्वीकृत प्रदान की जायेगी निविदा प्रपत्र दिनांक 07.01.2022 से 13.01.2022 तक किसी भी कार्य दिवस में प्रात: 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक अद्योहस्ताक्षरी के कार्यालय में निविदा प्रपत्र शुल्क नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकेगे एवं धनराशि/NSC/FD के रूप में ग्राम पंचायत लखनपुर करन के पक्ष में स्वीकार की जायेगी।

क्र0	ग्राम पंचायत का नाम	योजना का नाम	कार्यस्थल का विवरण	सामग्री का नाम	लागत	टेण्डर/ कोटेशन
1.	लखनपुर करन	मनरेगा	आंगनबाड़ी से दिलीप सिंह के घर तक इण्टरलाकिंग कार्य	पावर ब्रिक्स, ईंट,सीमेन्ट, मोटी बालू, मझली बालू इत्यादि	3.95 लाख	टेण्डर

श्रीमती फूलकली
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत लखनपुर करन
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज।

अन्नपूर्णा शुक्ला
ग्राम पंचायत अधिकारी
ग्राम पंचायत लखनपुर करन
वि0 ख0 सोरांव, प्रयागराज

1952 से 2017 तक 18 बार हुए चुनाव, एक बार भी नहीं खिला कमल

सोशलिस्ट पार्टी ने तोड़ी थी रामपुरखास में कांग्रेस के विजय की कड़ी

तीन बार चुने गए थे कुंवर तेजभान सिह विधायक, 18 बार जीती है कांग्रेस

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। आजादी के बाद से रामपुर खास में कांग्रेस दल के विजय की कड़ी को सोशलिस्ट पार्टी ने तोड़ी थी। वहीं बीजेपी प्रत्याशी मैदान में उतारती रही, लेकिन कोई सफलता नहीं मिल सकी। अब तक 18 बार हुए। विधान सभा चुनाव में 15 बार काग्रेस की ही जीत हुई है। जब कि दो बार सोशलिस्ट पार्टी से व एक बार निर्दल लड़कर कुंवर तेजभान सिंह ने तीन बार जीत हासिल की थी।

जिले की विधान सभा सीट रामपुर खास आजादी से अब तक कांग्रेस का गढ़ माना जाता है। 1952-2017 तक 18 बार विधान सभा के हुए चुनाव में कांग्रेस ने 15 बार जीत हासिल की। वहीं कांग्रेस के विजय रथ को अगई में जन्में स्थानीय नेता स्वतंत्रता संग्राम सेनानी कुंवर तेजभान सिहं ने रोका था। कुंवर साहब एक साधारण परिवार के

प्रमोद तिवारी।

कुंवर तेजभान सिंह।

थे। उनका जीवन एक सन्यासी की भाँति बीता। वह कभी घर पर नहीं रहते थे। घर से दूर बाग में कुटिया बनाकर संयासी की भाँति गेरूआ वस्त्र में रहकर लोगो की सेवा की थी। कुंवर साहब पैदल गाँव-गाँव घूमकर कार्याकताओं के साथ प्रचार करते थे। चुनाव में जो जल-पान में खर्च आता था वह चन्दे से इकट्ठा होता था। कुंवर साहब तो अपनी पेंशन भी गरीबों में बाँट दिया करते थे। उन्होने विवाह भी नही किया था। अपना पूरा जीवन जनता की सेवा में समर्पित कर दिया था। कुंवर साहब ने सोशलिस्ट पार्टी से 1962 में काग्रेस प्रत्याशी राजाराम किसान को पराजित किया था। दूसरा चुनाव 1970 में अमोला देवी को को हराया था व 1977 में कुंवर साहब ने सोशलिस्ट पार्टी को छोड़ दिया था। वह निर्दल ही चुनाव लड़े और जनता पार्टी के प्रत्यासी राजाराम किसान को पराजित किया था। उसके बाद कुंवर साहब ने राजनीति के बिगड़ते परिवेश को देखकर अलविदा कह दिया था। उसके बाद 1980-2012 तक के चुनाव में काग्रेस के प्रमोद तिवारी नौ बार कांग्रेस का झण्डा फहराया। 2014 व 2017 में हुए चुनाव में उनकी बेटी आराधना मिश्रा ने जीत अपने दर्ज कर कांग्रेस की लगातार जीत को बरकारार रखा।

क्या मोना की लगेगी जीत की हैट्रिक?...

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। क्या मोना मिश्रा जीत की हैट्रिक लगा पायेगी, एक तरफ मोना जीत को कायम रखने के लिए मेहनत कर रही है तो दूसरी तरफ दो बार से दूसरे स्थान पर चुनौती दे रहे नागेश सिंह छोटे सरकार भी इस बार पुनः बीजेपी से मैदान डटे हुए है।दो बार मिली हार में हुई चूक को इस बार दोहराना नही चाह रहे है।

आराधना मिश्र मोना।

छात्रा के साथ बलात्कार कर हत्या के विरोध में नारेबाजी

परशुराम सेना ने मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। प्रयागराज में गत सप्ताह बीए द्वितीय वर्ष की एक छात्रा के साथ बलात्कार करने के बाद की गई हत्या के विरोध में आज बुधवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला की अगुवाई में दो दर्जन कार्यकताओं ने जिला कचहरी में नारेबाजी करते हुए प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा।

परशुराम सेना की मांग है कि घटना की सीबीआई जांच हो। अपराधियों के विरुद्ध रासुका लगाकर कार्यवाही की जाए तथा मृतका के परिजनों को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दी जाए व मृतका के परिवार की सुरक्षा प्रदान की जाए। परशुराम सेना के अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला ने कहा कि यदि परशुराम सेना की मांगें न मानी गई तो परशुराम सेना आंदोलन करने के लिये बाध्य होगा। ज्ञापन देने वाले प्रमुख लोगों में अरुण उपाध्याय, आशीष पाण्डेय, रंजन शुक्ल, शिवाकांत पाण्डेय, अंकित दुबे, अंकित पाठक, रामानुज मिश्र, आलोक दुबे, ज्ञान चंद्र दुबे, अनुराग त्रिपाठी, अभिषेक तिवारी, विवेक सांई, प्रदीप मिश्र, विनोद मिश्र, आरके तिवारी, विजय ओझा,

छात्रा की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते परशुराम सेना के पदाधिकारी।

देवानंद पाण्डेय, कमलेश पाण्डेय, विनय तिवारी सुनील मिश्र, रजनीकांत, ओम, पंकज मिश्र, मनीष दुबे आदि लोग मौजूद रहे।

प्रदेशव्यापी चुनाव प्रचार अभियान मे शामिल होगें प्रमोद तिवारी

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी आज गुरूवार से प्रदेशव्यापी तीन दिवसीय चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत करेंगे। इसके तहत प्रमोद तिवारी प्रदेश के आगरा तथा अलीगढ़ एवं कानपुर मे पार्टी द्वारा निर्धारित चुनावी कार्यक्रमों मे शामिल होगें। यह जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी पार्टी हाईकमान के निर्देश पर बुधवार की शाम आगरा के लिए रवाना हुए। प्रमोद तिवारी के प्रदेशव्यापी चुनाव प्रचार अभियान को लेकर अचानक कांग्रेस हाईकमान के बुलावे की जानकारी होने पर बुधवार की शाम यहां कार्यकताओं के चेहरे पर खुशी भी देखी गयी।

पटरी किनारे हुए अतिक्रमण को हटाते नगर पालिका कमी।

शहर में अम्बेडकर चौराहे से राजापाल टंकी तक चला अतिक्रमण विरोधी अभियान

चाट वालों पर लगा 500 रुपया का जुमार्ना

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर पालिका ने शहर में अम्बेडकर चैराहा से लेकर राजापाल की टंकी तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह, सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, आरआई लाल बहादुर सिंह व राजेश बिंद तथा दहिलामऊ पुलिस चैकी के प्रभारी मिथिलेश सिंह अपने दल-बल के साथ अपरान्ह चार बजे अम्बेडकर चैराहा पहुंचे तो सड़क के दोनों तरफ ठेला व दुकानें लगी हुई थी।

नगर पालिका की टीम को देखते हुए ठेला वाले भागने लगे फिर भी चाट, फुल्की वालों पर पांच-पांच सौ रुपये का जुमार्ना ठोंका गया। लगभग दो घंटे तक चले नगर पालिका के इस अभियान में अम्बेडकर चैराहा से राजापाल टंकी की सड़क के दोनों तरफ की पटरी खाली हो गई। नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी मुदित सिंह ने बताया कि सड़क के किनारे दुकान लगाने वालों पर कार्यवाही की जाएगी।

केन्द्रीय वित्त मंत्री के यूपी टाइप के बयान पर प्रमोद ने कसा तंच

प्रदेश की महान विरासत व संस्कृति का अपमान : प्रमोद तिवारी

लालगंज, प्रतापगढ़। केन्द्रीय कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य प्रमोद तिवारी ने केन्द्रीय बजट को लेकर कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर अपरोक्ष बयान की तल्ख आलोचना करते हुए इसे उत्तर प्रदेश की महान विरासत और संस्कृत का अपमान करार दिया है। श्री तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने उत्तर प्रदेश को नसमझ बताकर प्रदेश की मेधा क्षमता तथा प्रतिभाओं की दक्षता पर तंज कसकर प्रदेश के करोड़ो लोगों की भावनाओं पर कुठाराघात पहुंचाया है। बुधवार को कैम्प कार्यालय पर मीडिया से रूबरू प्रमोद तिवारी ने कहा कि केन्द्रीय वित्तमंत्री ने आध्यात्म और शिक्षा के प्रचण्ड सूर्य माने जाने वाले उत्तर प्रदेश को यूपी टाइप वाला बताकर उत्तर प्रदेश को गाली देने जैसा अक्षम्य अपराध किया है। उन्होंने कहा कि अहंकार से ग्रस्त तमिलनाडु की निर्मला सीतारमण ने जिस तरह से अविवेकपूर्ण ढंग से राहुल गांधी के बयान को यूपी टाइप वाला नासमझ बताया है। उससे उत्तर प्रदेश की गंगा जमुनी तहजीब और धर्म तथा आध्यात्म की केन्द्र स्थली माने जाने वाला यूपी असह्य वेदना से ग्रसित हुआ है। सीडब्ल्यूसी मेंबर प्रमोद तिवारी ने कहा कि राजनीतिक कुंठा की हद पार कर गयी केन्द्रीय वित्त मंत्री सीतारमण को अब ऐसे बयान के बाद केन्द्रीय मंत्रिमण्डल मे बने रहने का अधिकार नही है। इस मौके पर प्रतिनिधि भगवती प्रसाद तिवारी, मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल, प्रमुख अमित सिंह, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी भी मौजूद रहे।

प्रतापगढ़ स्टेशन पर दिव्यांगों के लिए बनेगी लिफ्ट : डीआरएम

जनप्रतिनिधियों की डिमांड पर बढ़ेगा ट्रेनों का फेरा

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। स्टेशन पर चल रहे रिमॉडलिंग की जमीनी हकीकत जानने लावलश्कर के साथ बुधवार को प्रतापगढ़ जक्शन पहुंचे लखनऊ के मंडलीय रेल प्रबंधक एसके सपरा ने कहा है कि दिव्यांग मुसाफिरों के लिए प्लेटफार्म पर लिफ्ट का निर्माण कराया जायेगा। उन्हें अधिक परेशान होने की जरूरत नहीं है। जल्द ही इस पर काम शुरू हो जायेगा। कहा कि यार्ड की रिमॉडलिंग से काफी तब्दीलियां आएंगी। यात्रियों की सुविधाएं बढ़ेगी। जन प्रतिनिधि चाहे तो साकेत एक्सप्रेस, उद्योग नगरी और भोपाल ट्रेनों का फेरा बढ़ सकता है। इसके अलावा बिजली,पानी और साफ सफाई की जो भी समस्याओं बताई गई है। उसे दूर करने का निर्देश यहां के संबंधित अधिकारियों को दिया गया है। दुबारा शिकायत मिलती है तो सख्त कार्यवाई होगी।

सुबह साढ़े नौ बजे लखनऊ से स्पेशल ट्रेन से आये डीआरएम ने करीब दो घंटे तक विधिवत निरीक्षण किया। पंद्रह मिनट का निरीक्षण दो घंटे में बदल गया। इसके लिए पहले से तैयार नहीं उनके सहयोगियों को काफी दिक्कतें आई। शुरूआत सुर्खी साइडिंग से हुई। यहां पर बाहरी साइड से आने वाले पुल के उतरने का स्थान देखा। प्लेटफार्म चार, पांच, वाशिंगलाइन, पॉवर केबिन, सिग्नल, लॉबी, वेटिंग हाल, फूड प्लाजा, सकुर्लेटिंग एरिया और टिकट हाल का निरीक्षण किया। उरकू यूनियन नेता एसए अंसारी ने कालोनी में पांच दिन से नहीं आ रहे पानी की समस्या का मुद्दा उठाया। डीआरएम ने आईओडब्ल्यू से तत्काल इसे दूर कराने को कहा। फरवरी तक नई मोटर लगाने का समय दिया। मीडिया से रूबरू डीआरएम एसके सपरा ने कहा कि रेलवे ने सकुर्लेटिंग एरिया में स्थायी अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया है। लेकिन इसमें रेलिजियस और अतिक्रमण दोनो केस अलग है। इसको फाइल से देखना पड़ेगा। कहा कि सुर्खी साइडिंग यहां से हटकर चिलबिला और पिरथीगंज जायेगी। इस दौरान एसएस एसके यादव, वरिष्ठ अभियंता राकेश सैनी, निहालुद्दीन, सीडीओ वीबी शुक्ला, एसएसई एसपी पांडेय, मनोज शुक्ला, सीटीआई राकेश सिंह, डीके शर्मा, संजय राय, संजय यादव, भरत यादव समेत कई अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

रिमॉडलिंग में टूटेगी सुर्खी साइडिंग, बढ़ेगी सुविधाएं

रेलवे स्टेशन का निरीक्षण करते डीआरएम एसके सपरा।

डीआरएम को वेटिंग हाल में नहीं मिला पानी

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। कॉमन वेटिंग हाल पहुंचे डीआरएम ने शौचालय की बेसिन का नल खोला लेकिन उसमें से पानी नहीं आया। इसके लिए उन्होंने जिम्मेदार को फटकारा। जगह जगह हो रही फजीहत देखकर सीनियर डीएनटू डीआरएम के सामने आने से कतराने लगे।

समस्या बता रहे टीटीई व ठेकेदार को लगाई फटकार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। टीटीई राजाराम यादव ने स्वयं की इंक्वायरी काउंटर के साथ साथ टिकट चेकिंग की ड्यूटी की समस्या उठाई तो सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा उन पर बिगड़ गई। फटकार लगाते हुये उनके खिलाफ लिखा पढ़ी का निर्देश दिया है। खास बात यह है कि उनसे दो ड्यूटी कराई जा रही है। जो नियमानुसार उचित नहीं है। इसी का निदान कराने वे डीसीएम के पास गये थे। उल्टे उन्हें फटकार मिली। इस दौरान उन्होंने प्लेटफार्म नम्बर चार व पांच के निर्माण में हो रही देरी पर ठेकेदार व सम्बन्धित अधिकारियों को फटकार लगाई।

ट्रैक और प्लेटफार्म पर रहा अतिक्रमण

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। डीआरएम एसके सपरा प्लेटफार्म एक का निरीक्षण कर रहे थे। उसी वक्त यात्रियों का झुंड रेलवे लाइन पार कर रहा था। इतना ही नहीं रेलकर्मी भी हरकत से बाज नहीं आये। जीआरपी के मना करने के बाद भी एक गार्ड प्लेटफार्म पर बाइक चलाते हुये एसएम दफ्तर तक आये। ट्रैक पार करते समय अगर कोई हादसा हो जाता तो कौन जिम्मेदार होता। खास बात यह है कि यह सब जीआरपी थाने के सामने हुआ। पुलिस वालों ने सख्ती नहीं दिखाई।

कोविड टीकाकरण के कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दास्त नही की जायेगी: डीएम

कोविड नियंत्रण एवं टीकाकरण के सम्बन्ध में जिलाधिकारी ने की बैठक

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कैम्प कार्यालय के सभागार में कोविड नियंत्रण एवं कोविड टीकाकरण के सम्बन्ध में बैठक की गयी। बैठक में मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि शासन के निर्देश पर टीकाकरण का विशेष अभियान चलाया जाना है जिसमें आशा, आंगनबाड़ी कार्यकत्री घर-घर टीकाकरण से छूटे हुये लोगों को चिन्हित कर उनका टीकाकरण करेंगी। इस हेतु कार्ययोजना बनायी जा रही है।

सर्वे का कार्य प्रातः 8 बजे से अपरान्ह 2 बजे तक किया जायेगा और उसी दिन रिपोर्ट संकलित कर मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में भेजी जायेगी। इस हेतु सर्वे कार्य करने वाले कार्मिकों को शासन द्वारा निर्धारित मानदेय की भी व्यवस्था की गयी है। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि डोर-टू-डोर सर्वे करते समय ऐसे लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान की जाये जिन्हें सांस, जुखाम, बुखार है और ऐसे मरीजों को उनके घर पर ही दवा निगरानी समिति के माध्यम से उपलब्ध करायी जाये। इस दौरान मुख्यतः लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान की जाये तथा आरआई टीकाकरण का कार्य भी किया जाये। टीकाकरण से वंचित बच्चों की ड्यू लिस्ट बनाकर टीकाकरण कराया जाये तथा 60 साल के ऊपर व्यक्तियों को चिन्हांकन कर उनका टीकाकरण किया जाये, इस कार्य में कोई भी लापरवाही बर्दास्त नही होगी। बैठक में मुख्य राजस्व अधिकारी इन्द्र भूषण वर्मा, मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 अरविन्द कुमार श्रीवास्तव, जिला सूचना अधिकारी विजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार यादव, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा0 सीपी शर्मा, सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी, बाल विकास परियोजना अधिकारी व यूनीसेफ के प्रतिनिधि वकील अहमद अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

चुनाव निर्वाचन कार्यालय पट्टी पर मतदाता पहचान पत्र वितरण हेतु जुटे तहसील कर्मी

रजिस्ट्री द्वारा भेजे जा रहे हैं पहचान पत्र

अखंड भारत संदेश

पट्टी, प्रतापगढ़। पट्टी निर्वाचन कार्यालय पर इस समय तहसील कर्मियों की खासी भीड़ देखी जा सकती है। सारे तहसील कर्मी मिलकर सिर्फ एक ही कार्य करते नजर आ रहे हैं लिफाफे में मतदाता पहचान पत्र चेक करके रजिस्टर्ड डाक से उनके मूल निवास पर भेजने की जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग ने तहसील कर्मियों को सौंपी है।

जिसमें अध्यक्ष संग्राम सरोज, राजेश कुमार यादव, बाल गोविंद पाठक, अनिल सिंह, अशोक कुमार पांडे, वेदनाथ सरोज, राजेंद्र तिवारी, गंगा प्रसाद, सुरेश ओझा, शेर बहादुर यादव, समेत कई दर्जन तहसील कर्मी इस कार्य में लगे हुए हैं। इस संबंध में जब हमारी बात एसडीएम पट्टी से हुई तो उन्होंने बताया कि 10409 वोटर आईडी कार्ड का वितरण होना है। और उसको भेजने मे हमारा सहयोग डाक विभाग कर रहा है वहां से हमें टिकट मिला हुआ है। जिसको लगाकर रजिस्टर्ड डाक से भेजने का कार्य तहसील कर्मियों द्वारा किया जा रहा है इसके लिए लगाई गई है। जिससे मतदाता पहचान पत्र समय से मतदाताओं को मिल सके और निर्वाचन के कार्य में जिसका प्रयोग कर सकें।

कार की टक्कर से युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। नगर कोतवाली क्षेत्र के बड़नपुर गांव के पास कार व मोटरसाईकिल में जबरजस्त टक्कर हो गई। इस दौरान मोटरसाइकिल सवार घायल हो गया। सिटी चैकी इंचार्ज गिरीश द्विवेदी मौके पर पहुंचकर घायल को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के लिये उसे अस्पताल ले जाया गया जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक खरवई देल्हूपुर का पूर्व प्रधान निवासी था। पूर्व प्रधान की मौत से घर में कोहराम मचा हुआ है।

पक्षी संरक्षण दिवस पर जागरूकता को लेकर हुआ मंथन

अखंड भारत संदेश

लालगंज, प्रतापगढ़। नगर स्थित वन प्रभाग परिसर मे बुधवार को पक्षी संरक्षण दिवस का आयोजन किया गया। पर्यावरणविदो ने अर्न्तराष्ट्रीय वेटलैण्ड दिवस पर वर्ड फेस्टिवल पर परिचर्चा के बिन्दु निर्धारित किये। प्रभागीय निदेशक वरूण कुमार सिंह ने लोगों से पर्यावरण संरक्षण के साथ जीव-जन्तुओं व पक्षियों के भी संरक्षण मे जागरूकता का आहवान किया। क्षेत्रीय वन अधिकारी अनिल कुमार शुक्ल ने पक्षी बचाओं अभियान पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। संचालन वन दरोगा सर्वेश कुमार मिश्र ने किया। गोष्ठी मे संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री प्रवीण यादव ने कहा कि पक्षियों के संरक्षण व वन संपदा की देखरेख सभी का कर्तव्य है। वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद तिवारी, भास्कर शुक्ल, रवीन्द्र नाथ तिवारी, राजेश तिवारी आदि ने पक्षी संरक्षण को प्राकृतिक संवर्धन के लिए जरूरी बताया। इस मौके पर त्रिभुवन नाथ तिवारी, अजीत कुमार, पूजा सिंह, मनोज तिवारी, अलोपीनाथ मिश्र, सिंटू मिश्र, संतोष सिंह, राहुल मिश्र, वीरेन्द्र सिंह, सुरेंद्र रजक, राजेश जायसवाल, संजय पाण्डेय, नामवर सिंह, शाहिद खान, रजनीश मिश्र आदि रहे।

वर्ड फेस्टिवल मे प्रतिभाग करते नागरिक।

भूमाफियाओं से तंग होकर पलायन को मजबूर परिवार

प्रतापगढ़। रानीगंज थाने क्षेत्र का दलित परिवार दबंग भूमाफियाओं से तंग होकर पलायन करने को मजबूर हो गया है और अनिश्चित कालीन धरना करने पर बाध्य हुआ है। बता दें कि रानीगंज थानांतर्गत खाखापुर की पीडित दलित परिवार की महिलाओं ने प्रशासन पर बड़ा आरोप लगाया है। दलित महिला संगीता देवी धरकार ने बताया कि पुश्तैनी आबादी पर दबंग जबरन कब्जा करना चाह रहे है जिसका विरोध करने पर महिलाओं को पीटा गया। पीडित परिवार अपनी पीडा थाने लेकर पहुंचा और दिया लिखित शिकायत फिर भी सुनवाई नहीं हुई।

अवैध कच्ची देसी शराब के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

अखंड भारत संदेश

प्रतापगढ़। विधान सभा चुनाव, 2022 को निष्पक्ष व सकुशल सम्पन्न कराए जाने के दृष्टिगत अवैध शराब के निर्माण/बिक्री पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ प्रतापगढ़ श्री सतपाल अंतिल द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में जनपद के थाना लालगंज पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान मुखबिर खास की सूचना पर थाना क्षेत्र के ग्राम कटरा दुग्धा मजरे पुरवारा व ग्राम नेकनामपुर से तीन व्यक्तियों को 55 लीटर अवैध कच्ची देसी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया व मौके से लगभग पांच क्विंटल लहन नष्ट किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों में राजाराम पुत्र रामचरण निवासी कटरा दुग्धा थाना लालगंज, गोविंद पुत्र खटाई निवासी कटरा दुग्धा थाना लालगंज व राजेश सरोज पुत्र रामेश्वर सरोज निवासी नेकरामपुर थाना लालगंज शामिल रहे।

खबर संक्षेप

लोडर ने बाइक सवारों को मारी टक्कर दो लहूलुहान

कौशाम्बी। फतेहपुर जनपद के धाता थाना क्षेत्र से बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कैनी गांव दावत खाने जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा पुलिस चौकी क्षेत्र में पहुँचे कि बाइक सवार को लोडर गाड़ी ने जोरदार टक्कर मार दी है हादसे में बाइक सवार दोनों लोगों को गम्भीर चोटें आई हैं हादसे के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है और मामले की सूचना पुलिस को दी गई है घायलों को आनन-फानन में इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है बताया जाता है कि घायल फतेहपुर जनपद के धाता थाना अंतर्गत वीर धौलपुर गांव निवासी है और दोनों लोग बाइक से मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के कैनी गांव दावत खाने जा रहे थे खबर लिखे जाने तक घायलों का नाम पता नहीं मालूम चल सका है।

सरेआम पूर्व प्रधान को बदमाशों ने गोली मारकर पिपरी पुलिस के समक्ष पेश की खुली चुनौती

अखंड भारत संदेश

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर मिजार्पुर गांव के पास सड़क किनारे बैठे एक व्यक्ति के ऊपर बदमाशों ने सरेआम फायर झोंक कर फरार हो गए। बदमाशों की गोली से घायल व्यक्ति जमीन पर गिर पड़ा और दर्द से कराहने लगा। गोली की आवाज सुनकर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई और पीड़ित को इलाज हेतु प्रयागराज जनपद के एक निजी हॉस्पिटल में एडमिट कराया जहां पर घायल व्यक्ति का इलाज चल रहा है। सूचना पाकर घटनास्थल पर क्षेत्राधिकारी चायल सहित पिपरी पुलिस पहुंचकर स्थानीय लोगों की निशानदेही पर बदमाशों की खोजबीन शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के अकबरपुर मिजार्पुर

पूर्व प्रधान को गोली मारने की जानकारी मिलने पर मौके पर मौजूद राहगीर

गांव निवासी पूर्व प्रधान चंद्रिका प्रसाद दुबे उर्फ गुनी महराज उम्र लगभग 50 वर्ष पुत्र स्व बद्रीप्रसाद सड़क के किनारे चाय की दुकान पर बैठकर चाय पी रहे थे उसी वक्त बाइक सवार तीन बदमाश आए और चाय की दुकान पर बैठकर चाय पीने लगे। चाय पीने के दौरान चंद्रिका प्रसाद दुबे और बदमाशों के बीच किसी बात को लेकर बहस छिड़ गई तीखी नोकझोक होने लगी उसी दौरान बदमाशों ने आवेश में आकर तमंचा निकाल कर चंद्रिका प्रसाद के ऊपर फायर झोंक दिया फायर झोंकने के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर पिपरी पुलिस पहुंचकर स्थानीय लोगों की निशानदेही पर बदमाशों की खोजबीन शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक बदमाश पुलिस की गिरफ्त से दूर चल रहे हैं।

संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की मौत

कौशाम्बी। पिपरी थाना क्षेत्र के चलौली गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ ने फांसी लगा कर मौत चुन लिया है मामले की जानकारी मिलते ही घटनास्थल पर स्थानीय ग्रामीणों की भीड़ लग गयी है पुलिस भी मौके पर पहुंच गई है पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक पिपरी थाना क्षेत्र के चलौली गांव निवासी राकेश उर्फ मुकेश पुत्र लल्लू ने बुधवार की सुबह कमरा बंद करके घर के भीतर फांसी लगा लिया है जब घर वालो ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा अंदर से बंद था। परिजनों का कहना है कि जब उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो मफलर से लटकता हुआ लाश देख कर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों के मुताबिक पत्नी से मुकदमा चल रहा था इसी टेंशन में शराब पीकर उसने फांसी लगा लिया है परिजनों का कहना है कि मृतक कर्ज से भी परेशान था लेकिन दूसरी तरफ सवाल उठता है कि आत्महत्या करने के लिए मफलर की लंबाई कम पड़ जाएगी जिससे आत्महत्या किया जाना संदिग्ध प्रतीत होता है।

अधेड़ की मौत के बाद मौके पर मौजूद परिजन और पुलिस

डिप्टी सीएम के नामांकन में भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री होंगे शामिल

नामांकन दाखिल करने के बाद मंझनपुर के सिराथू रोड में राष्ट्रीय अध्यक्ष समेत दिग्गज करेंगे सभा को संबोधित

अझुवा कौशाम्बी। उत्तरप्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिनांक 3 फरवरी को भाजपा प्रत्याशी विधानसभा सिराथू से अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे नामांकन पत्र दाखिल के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शामिल होंगे इस मौके पर विशिष्ट अतिथि केंद्रीय मंत्री एवं चुनाव प्रभारी भाजपा उत्तर प्रदेश धर्मेंद्र प्रधान और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल भी उपस्थित होगी नामांकन दाखिले के बाद भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा केंद्रीय मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल मंझनपुर के सिराथू रोड में एक सभा को संबोधित करेंगे उक्त जानकारी केशव प्रसाद मौर्य के मीडिया प्रभारी भोलेशंकर कुशवाहा ने दी है।

क्या मतदाताओं के बीच बाहरी प्रत्याशी बना पाएगा मजबूत पकड़!

अखंड भारत संदेश

सिराथू चुनाव कहीं खुशी कहीं गम कोई हुआ मजबूत तो किसी की पकड़ हुई कम

कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में सिराथू विधानसभा सीट पर जहाँ भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य को प्रत्याशी घोषित किया है वही बहुजन समाज पार्टी ने संतोष त्रिपाठी को प्रत्याशी घोषित किया है समाजवादी पार्टी से स्थानीय कई दावेदार प्रत्याशी की लाइन में लगे थे लेकिन अचानक समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी ने अपना दल कृष्णा गुट से पल्लवी पटेल को सिराथू विधानसभा से गठबंधन प्रत्याशी घोषित कर राजनीतिक गलियारे में हलचल मचा दी है पल्लवी पटेल का सिराथू विधानसभा क्षेत्र में कोई कर्मभूमि नहीं है इस क्षेत्र के मतदाताओं के लिए वह अनजान है क्या आम जनता के बीच पल्लवी पटेल अपनी मजबूत पकड़ बना पाएंगी एक तरफ बाहरी प्रत्याशी को टिकट देने से स्थानीय नेताओं के अंदर कुंठा व्याप्त हो रही है स्थानीय सपा नेताओं का मानना है कि 5 वर्षों तक पार्टी की राजनैतिक जमीन वह तैयार करें और टिकट के बंटवारे के समय उनकी उपेक्षा होती है सपा के तमाम नेता यह मानते हैं कि पल्लवी पटेल के समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी घोषित होने के बाद तमाम जातीय मतदाताओं का रुझान भाजपा की ओर बढ़ेगा जब समाज समाजवादी पार्टी के नेता यह मानने को तैयार है कि पल्लवी पटेल के प्रत्याशी बनाए जाने के बाद समाजवादी के मतदाता भाजपा की ओर रुख करेंगे तो समाजवादी पार्टी कैसे मजबूत होगी यह आम जनता के बीच चर्चा का विषय बना हुआ है तमाम कयासों के बाद सपा अपना दल कृष्णा गुट गठबंधन ने सिराथू प्रत्याशी का नाम खोल कर राजनैतिक गलियारे में हलचल मचा दी है। सपा अपना दल गठबंधन ने सिराथू विधानसभा से पल्लवी पटेल को अपना प्रत्याशी घोषित लकिया है उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के सामने गठबंधन प्रत्याशी पल्लवी पटेल चुनाव लड़ेगी लेकिन टिकट बंटवारे को लेकर समाजवादी पार्टी के जमीनी कार्यकताओं में मायूसी छाई है वर्षों से समाजवादी पार्टी के लिए जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले प्रत्याशियों को पार्टी हाईकमान द्वारा नजर अंदाज किया गया है सपा आलाकमान के निर्णय से सिराथू विधानसभा के जमीनी कार्यकर्ता खुश नहीं नजर आ रहे हैं लेकिन वह खुलकर समाजवादी का विद्रोह करने की स्थिति में भी नहीं दिख रहे हैं वहीं पल्लवी पटेल को टिकट दिए जाने से भाजपा खेमे में खुशी की लहर देखी गई कौशाम्बी में जमीनी कार्यकताओं की नाराजगी सपा को भारी पड़ सकती है डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य के अभेद किले को भेदना अन्य प्रत्याशियों के लिये लोहे के चने चबाने जैसा कठिन दिखाई पड़ रहा है हालांकि किसके पक्ष में आम जनता का मतदान हो गया यह तो निर्णय के बाद क्लियर होगा।

बीमार पति के मौत पर गरीब परिवार की ब्राह्मण एकता परिषद ने किया मदद

अखंड भारत संदेश

विजिया कौशाम्बी। अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कौशाम्बी ने अत्यंत गरीब ब्राह्मण परिवार की आर्थिक मदद की है बुधवार को अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद कौशाम्बी की टीम व ब्राह्मण समाज के लोगों ने कौशाम्बी विकास खण्ड क्षेत्र के ढोकसहा ग्राम निवासी गरीब ब्राह्मण मेड़े पांडेय के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान किया बता दे कि विगत दो वर्षों से मेडे पाण्डेय कैंसर से पीड़ित थे जिनकी चार दिन पूर्व मृत्यु हो गई थी उनके परिवार में पांच लडकी व दो लड़के हैं परिवार में कोई पालन पोषण करने वाला नही है इस दुख की घड़ी में इस परिवार के पास क्रिया कर्म के लिए भी व्यवस्था नही थी जिन्हें मदद की आवश्यकता थी ब्राह्मण समाज के सैकड़ों लोगों ने मदद किया जिसमे 51,000 रु और खाद सामग्री गेंहू चावल चीनी दाल आदि सामग्री प्रदान की गई इस मौके पर प्रयागराज झलवा निवासी अभय चौबे ने बच्चों के पढ़ने व रहने खाने की जिम्मेदार उठाने के लिए कहा है इस मौके पर अजय मिश्र, सोनू त्रिपाठी,अंकित त्रिपाठी, सौरभ त्रिपाठी,शशिकांत त्रिपाठी भोला द्विवेदी श्रवण मिश्र नीतीश मिश्र अशोक मिश्र शंकर शुक्ल अरविंद त्रिपाठी शिव सुंदर त्रिपाठी गिरीश द्विवेदी मनोज द्विवेदी बेनी शरण मिश्र योगेंद्र त्रिपाठी मनदीप अवस्थी अरुण द्विवेदी दिया आदि दर्जनों ब्राह्मण समाज के लोग मौजूद रहे।

पीड़ित परिजनों की मदद करने पहुंचे ब्राह्मण एकता परिषद के पदाधिकारी

न्यूज झरोखा

अवैध शराब के साथ छः अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। अवैध शराब के निर्माण एंव तस्करी के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में अलग अलग थानों द्वारा छः अभियुक्तो को गिरफ्तार कर 125 लीटर अवैध शराब बरामद कर अभियुक्तो का चालान न्यायालय कर दिया है जानकारी के मुताबिक थाना महेवाघाट पुलिस बल द्वारा अभियुक्त प्रदीप सिंह पुत्र उमाशंकर सिंह निवासी रानीपुर थाना महेवाघाट को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया हैइसी प्रकार थाना कोखराज पुलिस बल द्वारा अभियुक्त वीरेन्द्र कुमार पुत्र साजन लाल निवासी अधाना थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 15 लीटर अवैध शराब व जयकरन पुत्र इन्दल निवाड़ी कोखराज थाना कोखराज को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सराय अकिल पुलिस बल द्वारा अभियुक्त अमरनाथ पुत्र मोहन पासी निवासी खरका थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब व पवन कुमार पुत्र रामराज निवासी तिल्हापुर थाना सराय अकिल को गिरफ्तार कर कब्जे से 10 लीटर अवैध शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है। इसी प्रकार थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त सोनू पुत्र राजेन्द्र निवासी वार्ड न० 02 कस्बा अझुवा थाना सैनी को गिरफ्तार कर कब्जे से 1 कुतल 50 किलो लहन नष्ट कराया गया व 60 लीटर अवैध शराब मय बनाने के उपकरण बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय कर दिया है।

सरकारी कर्मी भी हुए बजट से निराश

कौशाम्बी। ओम दत्त त्रिपाठी जिला संयोजक राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कौशांबी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा पेश किया गया इस बजट से कर्मचारी उम्मीद कर रहा था कि वित्त मंत्री मानक कटौती की सीमा एक लाख रुपये तक करेंगी और गृह संपत्ति से ब्याज की कटौती दो लाख रुपये से बढ़ाकर तीन लाख रुपये किए जाने की उम्मीद भी थी उन्होंने कहा कि लेकिन इस मोर्चे पर भी कोई राहत नहीं दी गई है,पुरानी व्यवस्था ही लागू की गई है जो कि घोर निराशाजनक है। केंद्र सरकार द्वारा पेश किए गए बजट से सरकारी कर्मचारी निराश है।

पुलिस ने वसूला जुर्माना

कौशाम्बी। जनपद मे लाकडाउन के दृष्टिगत सरकार द्वारा निर्गत निदेर्शों के अनुपालन के क्रम में पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार जनपद स्तर पर विभिन्न थानों द्वारा अनावश्यक रूप से बाहर घमने मास्क न लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग का पालन न करने वालों के विरुद्ध सघन चेकिंग की गई एंव चेकिंग के दौरान दो पडिया व चार पहिया वाहनों को चेक किया गया, जिनमें 132 वाहनों का ई चालान किया गया एवं 05 वाहनों का चालान कर 3000 रुपए सम्मन शुल्क वसूला गया साथ ही बिना मास्क लगाये घूमने एवं सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन का उल्लघन करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुये 01 व्यक्ति से 100 रुपये जुमार्ना वसूला गया।

नागेंद्र सिंह पटेल होंगे अपना दल प्रत्याशी

कौशाम्बी। चायल विधानसभा सीट से भाजपा अपना दल (एस) गठबंधन ने नागेंद्र सिंह पटेल को प्रत्याशी बनाया है कई दिन से चल रहे प्रत्याशियों के कयासों पर विराम लग गया है हाल ही में नागेंद्र सिंह पटेल ने अपना दल -एस ज्वाइन किया हैं।

मकड़जाल की तरह ढक रखा है विधुत पोल

भरवारी कौशाम्बी। नगर पालिका परिषद भरवारी अंतर्गत वार्ड नंबर बीस केशव नगर मोहल्ले में विधुत विभाग के पोल का आलम अजीबो गरीब है जिसको देखकर कोई भी यकीन नही करेगा आपको बता दे कि वर्ष 2013 में वार्ड नंबर बीस में नयी बस्ती बसी थी तब कुछ लोगो ने निवर्तमान चेयरमैन संजय गुप्ता से कहकर विधुत पोल लगवाया था पोल तो लग गया और उसमें नया कनेक्शन भी हो गया। वक्त के साथ हालात भी बदले ओर वहा की आबादी भी बढ़ती गई जिसकी संख्या आज सैकड़ो लोगो के परिवार की हो गयी परंतु हालात आज भी वैसे ही है इस वीच कितने निजाम बदले परंतु हालात नही बदले आज वहा के लोगो मे इस बात का आक्रोश है कि सैकड़ो परिवार के जीवन यापन के लिए एक ही पोल में मकड़ जाल की तरह कनेक्शन कर रखा है जिसके चलते आये दिन लोगो के घरों में विधुत आपूर्ति बाधित रहती है इतना ही नही कितने बार लोगो की पशु जानवर जैसे गाय व कुत्ता बिजली के करेंट के चपेट में आने से मौत के मुह में समा गये इतना ही नही विधुत विभाग कुम्भकर्णीय नींद सोने में मस्त है क्या विभाग के उच्च अधिकारी किसी बड़ी घटना घटने का इंतजार कर रहे ह।

चायल विधानसभा से संजय का टिकट काटना भाजपा को पड़ सकता महंगा

अखंड भारत संदेश

चायल के साथ मंझनपुर और सिराथू विधानसभा में वैश्य और व्यापारी मतदाताओं में भाजपा के प्रति जबरदस्त आक्रोश

कौशांबी। भारतीय जनता पार्टी ने चायल विधानसभा सीट अपना दल एस के खाते में डाल दी और अपना दल एस ने नागेंद्र सिंह पटेल को प्रत्याशी घोषित किया है भाजपा से लोकप्रिय प्रत्याशी संजय कुमार गुप्ता की उपेक्षा किए जाने के बाद पूरे जिले के वैश्य समुदाय और ब्यापारी मतदाताओं में जबरदस्त आक्रोश व्याप्त है संजय गुप्ता का टिकट कट जाने के बाद भाजपा को चायल विधानसभा के साथ-साथ सिराथू और मंझनपुर विधानसभा सीट पर भी वैश्य मतदाताओं के कोप भाजन का शिकार होना पड़ेगा वैश्य मतदाताओं और ब्यापारियों के आक्रोश से भाजपा प्रत्याशी अपने को कैसे बचाएंगे यह गहन मंथन का विषय है संजय गुप्ता का वैश्य मतदाताओं के साथ-साथ व्यापारी समुदाय के बीच गहरी पकड़ है और संजय गुप्ता को टिकट ना देना पार्टी के लिए महंगा साबित हो सकता है बताते चलें कि चायल विधानसभा में लगभग 68 हजार वैश्य समुदाय के मतदाता है इसमें सिराथू विधानसभा में भी 70 हजार से अधिक वैश्य समुदाय के मतदाता हैं मंझनपुर विधानसभा में भी लगभग 65 हजार वैश्य समुदाय के मतदाता है इसके अलावा चायल सिराथू और मंझनपुर में अन्य बिरादरी के भी व्यापारी मतदाता है भाजपा में वैश्य प्रत्याशी संजय गुप्ता विधायक की उपेक्षा किये जाने के बाद यदि व्यापारी और वैश्य समुदाय के मतदाताओं से एक तिहाई मतदाता भी भाजपा से खिसक गया तो भाजपा को तीनो विधानसभा सीट पर कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

चायल विधानसभा में विरोध करने वाला परदे की ओट से सिराथू सीट पर भी कर रहा विरोध

कौशाम्बी। चायल विधानसभा से विधायक संजय गुप्ता के टिकट का विरोध कर रहे एक नेताजी पर्दे की ओट से सिराथू विधानसभा सीट पर भी भाजपा प्रत्याशी का विरोध कर रहे हैं यह नेता जी पार्टी के बीच चर्चा का विषय बने हुए हैं सिराथू सीट पर भाजपा हाईकमान ने डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य को प्रत्याशी घोषित कर दिया है जिसके चलते भाजपा के इस नेता की दाल नहीं गल सकी की है लेकिन चायल विधानसभा में उक्त नेता जी ने विधायक संजय गुप्ता का विरोध करने की ठान ली है संजय के विधायक रहते भी कई बार उन्होंने विरोध किया है केंद्रीय नेतृत्व को गुमराह कर चायल विधानसभा सीट अपना दल के खाते में दिलवाने में नेताजी कामयाब हो गए हैं लेकिन जब भाजपा अपना दल गठबंधन के बीच संजय गुप्ता का नाम फिर उभर कर आया तो यह नेता जी अपना दल में भी पैठ बना कर संजय गुप्ता को टिकट ना देने का दबाव बना रहे हैं नेताजी की कड़ी मेहनत के बाद पार्टी में ठोस निर्णय नहीं हो पा रहा है जिससे चायल विधानसभा से भाजपा अपना दल गठबंधन के प्रत्याशी की घोषणा नहीं हो पा रही है लेकिन नेताजी के इस कारनामे को बच्चा बच्चा जान चुका है और आने वाले दिनों में नेताजी के इस कारनामे पर नेताजी को करारा जवाब बच्चा बच्चा देगा।

चरवा थाना क्षेत्र के एक ईट भट्टे में लाखों की सजा करती है जुए की फड़!

अखंड भारत संदेश

बीते तीन दशक से स्थान बदल बदल कर सज रही जुआ की फड़ में पुलिस और जुआरी खेल रहे लुकाछिपी का खेल एक बर्बाद ढाबे में एक भाजपा नेता और उनके सहयोगियों के संरक्षण में बेखौफ तरीके से चल रहा है जुए का खेल

कौशांबी। कोखराज चरवा और पूरामुफ़्ती थाना क्षेत्र के बीच में स्थान बदल बदल कर बीते तीन दशक से जुए का खेल बेखौफ संचालित हो रहा है चरवा पूरामुफ्ती और कोखराज थाना पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है जुआ संचालक का मुख्य केंद्र एक बर्बाद ढाबा है यहां एक भाजपा नेता और उसके साथियों के संरक्षण में जुए का धंधा बेखौफ तरीके से फल-फूल रहा है इस बर्बाद ढाबे के बाहर अक्सर लग्जरी वाहन खड़े रहते हैं सब कुछ इलाके की पुलिस जानती है लेकिन लंबे समय से चल रहे इस जुए के खेल में तीनों थाने की पुलिस जुआ संचालक के साथ लुकाछिपी का खेल खेलती है आला अधिकारियों की जब नजर टेढ़ी हुई तो स्थान बदल दिया जाता है जुआ संचालक वही होते हैं थाना क्षेत्र बदल जाता है आखिर कब तक पुलिस अधिकारियों को चकमा देकर थाना पुलिस जुए कि फड़ संचालित कराती रहेगी यह पुलिसिया व्यवस्था पर सवाल है। गौरतलब है कि इन दिनों चरवा थाना क्षेत्र के महगांव चौकी क्षेत्र के एक ईंट भट्ठे में जुए की फड़ का संचालन किया जा रहा है जिस पर जुआड़ी तास के 52 पत्तो के साथ नगद रुपये की हार जीत की बाजी लगाते है। जिसकी जानकारी क्षेत्र के लोगो के साथ साथ चौकी थाना पुलिस को भी रहा करती है लेकिन चौकी पुलिस इस तरह की जानकारी से अपने आप को अंजान होने की बात कह कर जुआ संचालकों पर कार्यवाही करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रही है या फिर जुआ संचालकों से चौकी पुलिस के मधुर संबंध बन चुके हैं जिस कारण से चौकी पुलिस इन जुआ संचालकों पर कार्यवाही करना उचित नहीं समझ रही है सूत्रों की माने तो यहां पर लाखों की बैठने वाली फड़ मे 15 से 20 लाख तक का खेल खेल तास के 52 पत्तो के सहारे सजा करता है लंबे समय से बेखौफ तरीके से सज रही जुआ की फड़ में पुलिस अपने को बेदाग बता कर ईमानदारी की दुहाई देती है जबकि पुलिस वर्दी को कलंकित कर तीनों थाने की पुलिस अवैध वसूली से मालामाल हो रही है।

सत्संग की आड़ में बहुत कुछ होता है अनैतिक

शादी के तीन दशक बाद पति की करतूत पर आरोप लगाते हुए महिला ने पुलिस अधीक्षक से की शिकायत

अखंड भारत संदेश

कौशांबी। चरवा थाना क्षेत्र में सत्संग के आड़ में बहुत कुछ अनैतिक गैरकानूनी कार्य हो रहा है लंबे समय से अनैतिक गैरकानूनी कार्यों के खेल में लिप्त व्यक्ति की पत्नी उसके विरोध में खुलकर उतर आई है महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सत्संग के आड़ में अनैतिक कार्य चल रहा है जिसका वह लगातार विरोध कर रही है जिससे उसका पति अपने साथियों परिजनों समेत मिलकर आए दिन मारपीट लड़ाई झगड़ा और प्रताड़ित करता है महिला चरवा थाना क्षेत्र के चिल्ला शाहबाजी गांव की निवासी है महिला का कहना है कि इसके पहले दो दर्जन बार से अधिक शिकायती पत्र चरवा थाना पुलिस को दिया जा चुका है लेकिन अनैतिक गैरकानूनी कार्य में लिप्त व्यक्ति के कार्यों पर पुलिस अंकुश नहीं लगा सकी है जिससे थाना पुलिस की भूमिका भी सवालों के घेरे में है।

पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर रही महिला का कहना है कि सत्संग में शामिल लड़कियों को उसका पति घर लेकर आता है और लड़कियों के साथ बन्द कमरे में रात बिताता है इसके पूर्व चरवा पुलिस उसके पति के साथ लड़कियों को पकड़कर थाने ले गई थी लेकिन किसी दबाव के बाद उसके पति और लड़की को पुलिस ने छोड़ दिया है अब सवाल उठता है कि धर्म की आड़ में सत्संग के बहाने कब तक अनैतिक कार्य चलते रहेंगे यह व्यवस्था पर बड़ा सवाल है एक तरफ धर्म परिवर्तन के नाम पर सरकार कठोर कदम उठाने का निर्देश अधिकारियों को दे रही है दूसरी तरफ धर्म के आड़ में सत्संग के बहाने लंबे समय से अनैतिक कार्य बेखौफ तरीके से चल रहे हैं जो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है अनैतिक कार्य में लगे लोग देखते देखते मालामाल हो रहे हैं धर्म परिवर्तन का भी खेल इस सत्संग के बहाने चल रहा है विदेशों से रिश्ता रखने वाले लोगों के संरक्षण में जिले के विभिन्न क्षेत्र में लंबे समय से सत्संग के आड़ में धर्म परिवर्तन का खेल चल रहा है सत्संग में लड़कियों की संख्या अधिक पहुँचती है जिनके सहारे तमाम नाजायज कार्यों को भी अंजाम दिया जा रहा है धर्म परिवर्तन और नाजायज कार्य में लिप्त संस्था का इन दिनों मुख्य केंद्र चरवा थाना क्षेत्र के राष्ट्रीय राजमार्ग में बना हुआ है एक शिक्षण संस्थान के आड़ में अनैतिक और धर्म परिवर्तन का खेल लंबे समय से चल रहा है लेकिन पुलिस के हाथ अनैतिक कार्य में लगे लोगों के सरगना के गिरेहबान तक नहीं पहुंच सके हैं इसके पहले मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र में भी सत्संग के बहाने धर्म परिवर्तन करने वाले लोग पकड़े गए थे लेकिन ठोस कार्यवाही नहीं हो सकी है।

अंग्रेजी व देशी शराब के साथ अभियुक्त गिरफ्तार

कौशाम्बी। थाना सैनी पुलिस बल द्वारा अभियुक्त राम नारायण अग्रहरि पुत्र बलराम निवासी इटवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार कर कब्जे से 48 पउवा (09 लीटर) अंग्रेजी शराब व देवसखा मिश्रा पुत्र चन्द्रलाल निवासी इटवा थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट के कब्जे से 54 शीशी (11 लीटर) देशी शराब व हरिमोहन पुत्र सुखाराज निवासी ऐझी असोथर थाना असोथर जनपद फतेहपुर को गिरफ्तार कर कब्जे से 20 पउवा (04 ली०) अंग्रेजी शराब बरामद होने पर अभियुक्त का चालान न्यायालय किया गया।

प्रभावी मतदाता संवाद का हुआ आयोजन

वर्चुअल रैली को प्रधानमंत्री ने किया संबोधित उमड़ा जनसैलाब

अखंड भारत संदेश

अझुवा कौशाम्बी। उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के तहत होने वाले मतदान को लेकर भारतीय जनता पार्टी ने प्रचार अभियान को रफ्तार दे दी है दिग्गजों के बाद खुद प्रधानमंत्री ने चुनाव प्रचार की कमान संभाल ली है ।कोरोना की तीसरी लहर देखते हुए चुनावी रैली और रोड शो पर प्रतिबंध के चलते भारतीय जनता पार्टी ने वर्चुअल रैली के माध्यम से लोगों तक पहुंचने का प्लान बनाया है इसी क्रम में बुधवार को सैनी कृषि मैदान में आत्मनिर्भर भारत पर पूरा वर्चुअल प्रभावी मतदाता संवाद का आयोजन हुआ वर्चुअल रैली को प्रधानमंत्री ने संबोधित किया इस दौरान कृषि मैदान में भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों कार्यकताओं आम जनमानस का विशाल हुजूम उमड़ पड़ा जिन्हें आयोजकों ने मास्क और सोशल डिस्टेंसिंग का अच्छी तरीके से पालन करवा कर प्रधानमंत्री का भाषण सुनाया है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भाषण आत्मनिर्भर भारत बिषय पर केंद्रित रहा है वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा पेश गए बजट को सराहनीय बताते हुए आत्मनिर्भर भारत पर विषय वृहत तस्वीर खींची कार्यकताओं पदाधिकारियों को बजट की बारीकियों के बारे में समझाया वर्चुअल माध्यम से प्रधानमंत्री ने कहा कि बजट में अर्बन प्लैनिंग को मजबूत किया गया है।

प्रधानमंत्री के वर्चुअल संवाद को सुनने उमड़ी भीड़

संपादक की कलम से

पेगासस-जासूसीः नया सिरदर्द

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

पेगासस के जासूसी यंत्र को लेकर भारत सरकार फिर दलदल में फंस गई है। सारे विरोधी दलों ने उसे दलने के लिए कमर कस ली है। सरकार को नींद नहीं आ रही होगी कि संसद के इस सत्र में वह बजट पेश करेगी या इस इस्राइल के जासूसी यंत्र की मार से खुद को बचाएगी। ह्यन्यूयार्क टाइम्सह्न ने ज्यों ही यह खबर उछाली कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2017 में अपनी इस्राइल-यात्रा के दौरान जब इस्राइल से दो अरब डॉलर के हथियारों का सौदा किया था तभी 500 करोड़ रु. का यह जासूसी यंत्र खरीदा था तो फिर क्या था? भारत के सारे विरोधी दल चंग पर चढ़ गए। उन्होंने सरकार पर हमले शुरू कर दिए। उन्हें यह भी ध्यान नहीं रहा कि सर्वोच्च न्यायालय ने इस सारे मामले पर पहले से जांच बिठा रखी है। जब यह मामला संसद के पिछले सत्र में उठा था तो इतना हंगामा हुआ कि संसद ही ठप्प हो गई थी। सरकार की हालत इतनी पतली हो गई थी कि उसकी घिग्घी बंध गई थी। वह न तो संसद को और न ही अदालत को यह साफ-साफ बता सकी कि उसने इस्राइल से यह जासूसी यंत्र खरीदा था या नहीं और इस यंत्र से उसने विरोधी नेताओं, पूंजीपतियों, पत्रकारों और महत्वपूर्ण नागरिकों की जासूसी की थी या नहीं। बस वह यही कहती रही कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा का मामला है। वह सारे तथ्य सार्वजनिक नहीं कर सकती। अदालत इजाजत दे तो वह खुद जांच बिठा सकती है। अदालत ने सरकार के अभिमत को रद्द कर दिया और एक सेवा-निवृत्त न्यायाधीश के अध्यक्षता में अपनी जांच बिठा दी। अदालत, विरोधियों और कई प्रबुद्ध पत्रकारों का मानना था कि राष्ट्रीय सुरक्षा की आड़ में कोई भी सरकार नागरिकों की व्यक्तिगत स्वतंत्रता का हनन नहीं कर सकती। यदि सरकार आतंकवादियों, तस्करों, ठगों, हिंसकों, अपराधियों, देशद्रोहियों के खिलाफ जासूसी करे तो वह सर्वथा उचित है लेकिन यदि ऐसा ही है तो उसे हकलाने, लड़खड़ाने और घबराने की जरुरत क्या है? सरकार की इस घबराहट को ह्यन्यूयार्क टाइम्सह्न ने अब बड़े सिरदर्द में बदल दिया है।

उत्तर प्रदेश का चुनावी परिदृश्य

-वीरेन्द्र सिंह परिहार-

होने को तो उत्तर प्रदेश के अलावा पंजाब, उत्तराखण्ड, मणिपुर और गोवा में भी विधानसभा के चुनाव सम्पन्न होने जा रहे हैं। पर उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव को लेकर सिर्फ उत्तर प्रदेश के लोगो में ही नहीं, पूरे देश के लोगो में एक विशेष तरह की उत्सुकता है। इसकी एक बड़ी वजह यह हो सकती है कि उत्तर प्रदेश में लोकसभा की 80 सीटों के चलते दिल्ली की सत्ता का रास्ता लखनऊ से होकर जाता है। चुनाव परिणामों को लेकर अभीतक जो 8 चैनलों के सर्वे आये हैं, उसमें सात भाजपा को और मात्र एक चैनल सपा को जिता रहा है। निष्पक्ष पर्यवेक्षकों का कहना है कि आयेंगे तो योगी ही, यह बात अलग है कि इसबार भाजपा की विधानसभा में सीटे 2017 की तुलना में कम आयेंगी। ऐसा मानना है कि भाजपा की जहाँ 50 के आसपास सीटें कम हो सकती हैं, वहीं सपा 50 से लेकर 100 सीटों तक बढ़ सकती है। गौर करने का विषय यह कि ऐसा क्यों है कि भाजपा को पिछली बार की तुलना में कम सीटें आयेंगी, जबकि मुख्यमंत्री योगी को लेकर लोगो में कोई आक्रोश जैसी स्थिति नहीं है। अधिकांश लोग योगी सरकार में कानून-व्यवस्था की स्थिति को लेकर संतुष्ट नजर आते हैं। विगत 5 वर्षों में विकास की दृष्टि से उत्तर प्रदेश ने कई कीर्तिमान कायम किये हैं। इसलिये पहले राष्ट्रीय स्तर पर बहुत पीछे रहते हुये कई मामलों में उत्तर प्रदेश पहले और दूसरे स्थान पर आ गया है। जहां पहले पर्याप्त बिजली सिर्फ तीन जिलों को मिलती थी, वहीं अब प्रचुर मात्रा में पूरे प्रदेश को मिल रही है। वस्तुतः 2017 के चुनाव में अखिलेश सरकार के सत्ता विरोधी कारक और मोदी फैक्टर के चलते भाजपा को लोगों ने एकतरफा वोट दिया। इसबार कुछ कारणों से स्थितियां अलग हैं। पहली बड़ी बात तो यह कि इसबार बसपा पूरी तरह अप्रासंगिक और मुकाबले से बाहर हो चुकी है। पिछली बार जहाँ उसे 23 प्रतिशत मत मिले थे, वहीं अब वह अधिक से अधिक 12-13 प्रतिशत मत ही जुटा सकने की स्थिति में है। इसका बड़ा कारण यह कि पिछले चुनाव में ही सपा के 47 के मुकाबले बसपा को मात्र 19 सीटें मिली थी। ऐसी स्थिति में भाजपा विरोधी मतदाता बसपा को छोड़कर सपा के साथ हो लिये हैं। पिछली बार जहाँ मुसलमानों का एक तबका बसपा के साथ था, वह भाजपा को हराने की दृष्टि से सपा के साथ आ चुका है। यद्यपि उत्तर प्रदेश में आईएमआई के ओवैसी फैक्टर को पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। ऐसी स्थिति में यदि ओवैसी के पक्ष में मुसलमानों का एक बड़ा तबका गोलबंद हुआ तो भाजपा का रास्ता आसान हो जायेगा। भाजपा की सीटें कम होने का दूसरा बड़ा कारण यह कि पिछली बार जाट मतदाताओं ने एकतरफा ढंग से भाजपा का साथ दिया था, लेकिन इस बार कृषि कानूनों और कुछ जयंत के चौधरी चरण सिंह के पौत्र होने के कारण सहानुभूति के चलते जाटों का बड़ा हिस्सा सपा आरएलडी के साथ जाने की संभावना बन गई है। यद्यपि जिस ढंग से गृहमंत्री अमित शाह इस दिशा में जुट गये हैं और जिसका असर दिखना शुरू हो गया है। बड़ी बात यह कि 2012 के मुजफ्फरपुर दंगों को लेकर जाटों और मुसलमानों में व्याप्त दूरियां अभी पट नहीं सकी हैं, फिर उत्तर प्रदेश में सपा उम्मीदवारों और उनके समर्थकों द्वारा जिस ढंग से जाटों और दूसरे हिन्दुओं को धमकाया जा रहा है- जमीन पर उसका असर दिखना शुरू हो गया है। समस्या यह है कि भाजपा जहाँ अपनी नीतियों एवं कार्यों के आधार पर मतदाताओं का समर्थन जुटा रही है, सपा विशुद्ध जातीय एवं साम्प्रदायिक आधार पर उत्तर प्रदेश की सत्ता पाना चाहती है। इसी के चलते अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश के कई छोटे-छोटे जातीय दलों से गठबन्धन किया। इस दिशा में उत्तर प्रदेश के ब्राम्हणों को भी खूब बरगलाने की कोशिश की गई। विकास दुबे और कुछ ब्राह्मण जाति के माफिआओं के एन्काउन्टर और कठोर कार्रवाई के चलते विरोधी दलों ने इसे योगी सरकार के विरोध में ब्राह्मण विरोधी बतौर प्रचारित किया। ब्राह्मण को अपने पाले में लाने के लिये जहाँ मायावती प्रबुद्ध सम्मेलन करने लगीं, वहीं अखिलेश परशुराम मंदिर बनाने की बातें करने लगे। लेकिन ब्राह्मणों को यह अच्छी तरह पता है कि सपा और बसपा जाति-विशेष की पार्टियां हैं। इसलिये जो सर्वे आ रहे हैं, उसमें कम से कम दो तिहाई ब्राह्मण मतदाता तो भाजपा के साथ खड़ा दिखाई ही देता है। अन्ततः अखिलेश और मायावती को स्वतः ब्राह्मणों से कोई खास उम्मीद नहीं रह गई है। इसलिये आनुपातिक रूप से उन्हें बहुत कम उम्मीदवारी दी गई है। मुस्लिम समुदाय को पूरी तरह अपने पाले में करने के लिये अखिलेश यादव ने बहुत सारे बाहुबली और कुख्यात अपराधियों को सपा का टिकट दिया है। इसमें सबसे उल्लेखनीय नाम नाहिद हसन का है, जिसे कैराना से उम्मीदवार बनाया गया है। उल्लेखनीय है कि यह वही व्यक्ति है, जिसके चलते कैराना से 2016 में हिन्दुओं को पलायन करना पड़ा था। इसके अपराधों की लम्बी सूची है और यह फरार घोषित था पर नामांकन करते वक्त पुलिस द्वारा पकड़ा गया। इसी तरह से हापुड़ के धौलाना सीट से सपा प्रत्याशी असलम चौधरी पर भी कई गम्भीर आपराधिक मामले चल रहे हैं। आजम खान जो विगत वर्षों से जेल में बंद हैं और उनके विरुद्ध सैकड़ों मुकदमे हैं। जैसा कि गृहमंत्री शाह कहते हैं ।

विस्मरण के दौर में महापुरुष का स्मरण

-गिरीश्वर मिश्र-

महात्मा, बापू और राष्ट्रपिता जैसे विशेषणों के साथ स्मरण किये जाने वाले देश के आत्मीय महापुरुष ने बड़ी गहनता के साथ भारत का एक स्वप्न बुना था और उस स्वप्न के आकार लेने कुछ महीनों बाद ही उस स्वप्नदर्शी की आज ही के दिन हत्या कर दी गई थी। उनका सपना, उनका विचार और कर्म विपुल और संश्लिष्ट होने के साथ ही भारत की सभ्यता के स्वर को भी मुखरित करता है। स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव मनाने के दौर में उनका स्मरण देश और दुनिया के लिए कई अर्थों में प्रासंगिक हो जाता है। वे व्यक्ति के रूप में कर्मठ, अध्यवसायी और दृढ़व्रती तो थे ही उन्होंने भारत को अपने में इस कदर बसाया कि वे भारत के प्रतिनिधि हो गए और मनुष्यता के अर्थ की मिसाल भी। महात्मा गांधी देश की चेतना के प्रवाह में अपने को इस तरह सम्मिलित किए कि उनके लिए जीने का पर्याय बन गया। वह उनके स्वधर्म का अभिन्न अंग बन कर शारीरिक, मानसिक और सामाजिक आचरण को दिशा देने वाला हो गया। समष्टि को आत्मसात करने की उनकी चेष्टा उन्हें उनके समकालीनों और परवर्ती जनों से अलग करती है। उन्होंने भारत के साथ समानधर्मी होने की दिशा में चलने की राह खुद बनाई थी और अपनी पुरानी खोल से बाहर निकल कर देश-काल की परिस्थितियों को पहचानते हुए और सीमाओं में रहते हुए संवाद किया। इस संवाद में विचार की कोटियों का निरंतर आविष्कार करना उनकी विलक्षण सृजनात्मकता को द्योतित करता है जो सीमाओं का विस्तार करने वाला साबित हुआ। 'सत्याग्रह', 'अहिंसा', 'सत्य', 'सेवा', 'ईश्वर' और 'सविनय अवज्ञा' जैसी आदर्श-सी प्रतीत होने वाली अवधारणाओं को अमली जामा पहनाया। इनको धो-पोंछकर नई ऊर्जा और अर्थवत्ता के साथ न केवल प्रस्तुत किया बल्कि आगे बढ़कर जीवन में उतारने का भी यत्न किया। स्वराज्य और स्वाधीनता की जो अनोखी लड़ाई उन्होंने लड़ी उसकी रणनीति बनाना आसान न था। वैचारिक, सामाजिक और क्षेत्रीय विविधताओं के बीच बहुस्तरीय भागीदारी सुनिश्चित करना सरल न था और सबको अपनाने के लिए विशाल हृदय की जरूरत थी और महात्मा गांधी ने बहुत हद तक यह उदारता दिखाई। विचारों को व्यवहार में तब्दील करने के महात्मा गांधी के प्रयोग सिर्फ कागजी ही नहीं थे। उन्होंने काफी दृढ़ता और कड़ाई के साथ उनके पालन पर भी जोर दिया और खुद उदाहरण भी पेश किया। ऐसे अनेक उदाहरण मिलते हैं जिनसे यह बात स्पष्ट होती है स्वयं संतुष्ट हो जाने के बाद ही वह साझा करते थे और दूसरों को अपनाने के लिए कहते और प्रेरित करते थे। उन्होंने ?सी तमाम तरकीबें विकसित कीं जो सामान्य आदमी को जीने की राह दिखाती हैं और सामाजिक परिवर्तन का अवसर देती हैं। अस्पृश्यता, बेरोजगारी और अशिक्षा जैसे सामाजिक शत्रुओं के विरुद्ध उन्होंने हरिजन सेवा, खादी और कुटीर उद्योग और बुनियादी शिक्षा के रचनात्मक कार्यक्रम शुरू किए जिनको जन समर्थन भी मिला। उनकी नजर में विशाल भारत का विराट समाज उपस्थित रहता था और वे सबकी चिंता कर रहे थे। इसीलिए उनकी नीतियों में पूरा भारत झांकता है। धरती पर पाँव टिका कर वे भारत के लोक कल्याण का मार्ग सुझा रहे थे। इसलिए समावेशी होने के लिए वह समाज के अंतिम आदमी को अपनी कसौटी बनाते थे। इसके पर्याप्त प्रमाण हैं कि उनके द्वारा लिए संकल्प स्वयं उनके निजी जीवन, उनके आश्रमों के जीवन और उनके साथियों और अनुयाइयों के जीवन में भी उपस्थित हुए और उनको बदला। गांधीजी एक खास तरह की जीवन शैली के प्रतीक बन गए जिसमें आहार, विहार, आचार और विचार को नियोजित करने की व्यवस्था थी। प्रार्थना, मौन और उपवास जैसे अभ्यास के साथ गांधीजी शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करते थे। सत्य, अहिंसा, अस्तेय (चोरी न करना), अपरिग्रह (अनावश्यक चीजों को इकट्ठा न करना), ब्रह्मचर्य, संतोष आदि को दैनंदिन जीवन में व्रत के रूप में शामिल करना अनुशासित रहने की सीख देता है। इन सबमें आत्म-नियंत्रण और आत्म-नियमन के साथ जीने का मंत्र परिलक्षित होता है। यदि गौर से देखा जाय तो यह बात प्रकट होती है कि गांधीजी में ये सारी बातें धीरे-धीरे विकसित हुईं। देश-विदेश में विभिन्न अवसरों, चुनौतियों, टकरावों और विफलताओं सबसे उन्होंने कुछ न कुछ ग्रहण किया और अपने में बदलाव लाते रहे। उनके अनुभव सिर्फ क्षणिक प्रभाव वाले न थे बल्कि उनसे उनके व्यक्तित्व का निरंतर उद्विकास (इवोल्यूशन) हुआ जो उनके जीवन में दिखता है। उन्होंने स्वयं यह बात स्वीकार की है कि उनके विचारों में बदलाव होता रहा है और आगाह किया है कि पहले व्यक्त विचार के बदले (उसी विषय पर) बाद में व्यक्त किए गए विचार को अधिक परिपक्व मानते हुए ठीक समझा जाय। पारदर्शी होना और अपनी हानि को देखते हुए भी देश और समाज के लिए त्याग के लिए वे तैयार रहते थे।

आज व्यक्ति, समाज और प्रकृति के बीच का रिश्ता जब नाजुक दौर से गुजर रहा है और विश्व विनाश की राह पर अग्रसर है। महात्मा गांधी के विचार विशेष अर्थ और अभिप्राय वाले हो चले हैं। हिन्द स्वराज में 1909 में कभी उन्होंने पश्चिमी सभ्यता को शैतानी सभ्यता कहा था और 1938 में यह पूछे जाने पर कि क्या वह बदलाव करना चाहेंगे तो उन्होंने साफ मना किया था और वे इस बात पर कायम रहे। वैश्विक स्तर पर धरती और वायुमंडल को मनुष्य के प्रदूषण से बढ़ता खतरा अब अनियंत्रित सा होने लगा है।

धर्मनिरपेक्ष राष्ट्र को जातिगत आधार पर सुदृढ करने का सपना

-डा. रवीन्द्र अरजरिया-

चुनावी समीकरणों से गमार्ती हवाओं के मध्य पर्यावरणीय स्थितियों की ठंडक निरंतर कम होती जा रही है। दिन के तापमान में बढोत्तरी होते ही चुनानी जंग में सोशल मीडिया से लेकर व्यक्तिगत सम्पर्कों तक में तेजी आने लगी है। स्टार प्रचारकों को धरातल पर उतारने के साथ ही अतीत के पन्नों को पलटने का काम नित नई ऊंचाइयां छूने लगा है। भारतीय जनता पार्टी के अमित शाह ने अपनी शतरंजी चालें चल कर बाजी जीतने का ऐलान कर दिया है वहीं केन्द्र और प्रदेश सरकारों के दुःखद अध्यायों को समाजवादी पार्टी पटलने लगी है। कांग्रेस के कुछ घोषित उम्मीदवारों ने तो चुनावी टिकिट मिलने के बाद भी पार्टी को तिलांजलि दे दी है। चुनावी जंग में पंजे का परिवादवाद पर रेखांकित फामूर्ला तो टिकिट वितरण के दौरान ही ध्वस्त हो गया है। उत्तराखण्ड से लेकर पंजाब तक के उदाहरण चटखारे लेकर कहे-सुने जा रहे हैं। बहुजन समाज पार्टी की धीमी गति को लेकर सभी दल सशंकित हैं। आम आदमी पार्टी की ऐजेन्डा स्थान के साथ बदलता जा रहा है। वहीं अकाली दल के अंदर का असंतुष्ट खेमा भितरघात की तैयारी में लगा है। देश के अन्दर के हालातों को सीमापर से नियंत्रित करने का चक्र भी निरंतर गति पकड रहा है। खालिस्तान समर्थकों के स्लीपिंग सेल्स को फिर से एक्टिव किया जा रहा है। कश्मीर में आतंकियों की संख्या में इजाफा करने के लिए सीमा पार से गुप्त अभियान चलाया जा रहा है। चीन की शह पर नक्सलवाद की चहलकदमी भी किसी से छुपी नहीं है। लाल सलाम का खूनी रंग अपनी मौजूदगी दिखाने को बेताब है। वहीं दूसरी ओर धर्म निरपेक्ष राष्ट्र की संवैधानिक इकाई के गठन में लगभग सभी राजनैतिक दल विधानसभा क्षेत्रों में जातिगत मतदाताओं के आधार को ही टिकिट वितरण का सुविधाजनक फामूर्ला रहे हैं। जातिगत भेद को मिटाकर सभी नागरिकों को समान अधिकार देने का दावा करने वाले कथित ठेकेदार ही जब जातिवाद को महात्व देकर टिकिटों का वितरण करेंगे, सम्प्रदायगत नेताओं को महात्व देंगे और फूट डालो, राज करो, की नीति अपनायें तो फिर सिंहासन पर बैठने के बाद उनका समान दृष्टिकोण होना लगभग असम्भव ही है। उत्तर प्रदेश में योगी के व्दारा ब्राह्मणों को प्रभावहीन करने की नीति अब भारतीय जनता पार्टी के गले की हड्डी बन गई है। स्थाई कर्मचारियों और अधिकारियों को आर्थिक लाभ देने के बाद संविदाकर्मियों को प्रताडित करना भी पार्टी के लिए घातक सिध्द हो रहा है। ऐसे में हिन्दुवादी ऐजेन्डा प्रदेश में पानी का बुलबुला बनता जा रहा है। संविदाकर्मियों की नाराजगी का खामियाजा भुगतने की स्थिति में पार्टी पहुंच चुकी है। एक बार फिर योगी को ही प्रदेश का मुख्यमंत्री चेहरा बताने के कारण कमल का पोषण समाप्त होता दिख रहा है। पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष से लेकर मुख्यमंत्री तक के ओहदे ठाकुर जाति के खास लोगों को रेवडी की तरह बांट दिये गये हैं। ऐसे में राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ के पुराने कद्दावर लोगों को केवल ब्राह्मण जाति का होने के कारण ही हाशिये पर पहुंचा देना, इस बार के चुनावी संग्राम में नकारात्मकता ही परोसता दिख रहा है। संघ के ऐसे नामची लोगों ने अपने आवासों से भितरघात करना शुरू कर दी है। उनके सम्पर्क में छात्र जीवन से रहे सैकडों लोग आज समाजसेवी लोकप्रिय व्यक्तित्व बनकर उभर चुके हैं। ऐसे लोकप्रिय व्यक्तित्वों ने एक आदर्श संघ कार्यकर्ता की उपेक्षा, अपमान और तिरस्कार अपनी जागती आंखों से देखा और जो नहीं देखा उसे संघ के उन कद्दावर नेताओं ने प्रकाशित कर दिया। इस प्रकाशन के बाद तो हाथी के दांतों की कहावत का अर्थ सोशल मीडिया पर भरा पडा है। आज हालात यह हैं कि पंजाब में कांग्रेसी सिध्दू का इमरान-बाजवा प्रेम किसी से छुपा नहीं है तिस पर कैप्टिन अमरेन्दर सिंह के वक्तव्य ने यज्ञ में आहुति का काम किया है। इमरान की शिफारिश वाले मामले ने तो कांग्रेस की मंशा पर ही प्रश्नचिंह अंकित कर दिये हैं। विपक्ष ने तो इस मुद्दे पर नेहरू-जिन्ना से लेकर सिध्दू-इमरान तक की कडियां जोडना शुरू कर दीं हैं। केजरीवाल की कथित साफ-सुथरी छवि और योग्यता के साथ विकास माडल पर से आम नागरिकों का विश्वास उठता दिखने लगा है। अकाली दल का अपना अलग ही ऐजेन्डा है जिसे चन्द लोगों व्दारा अधिग्रहीत करने का खबरें फैल रहीं है। उत्तराखण्ड में भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बाद भी साधु-संतों को प्रताडित करने के मामलों में निरंतर बढोत्तरी होने से हिन्दुत्व के आवरण में छेद होने लगे हैं। हाथी की चाल की मस्ती अभी सामने आना बाकी है।

मायावती का मायाजाल अभी भी दलित वोटों से बाजी पलटने का दम भर रहा है। ऐसे में पांचों विधानसभाओं के चुनावों में जहां मुसलमानों का वोट भारतीय जनता पार्टी के विरुध्द सबसे सशक्त उम्मीदवार को मिलना तय है वहीं यादव वोटों का परम्परागत ध्रुवीकरण समाजवादी पार्टी के पक्ष में सुनिश्चित हैं। ठाकुरों की ज्यादातर अंगुलियां कमल के निशान को दबाते दिख रहा है वहीं वैश्य समाज का एक बडा तबका भाजपा के साथ होने का संकेत दे रहा है परन्तु ऊहापोह की स्थिति में फंसा ब्राह्मण अभी भी अनिर्णय की परिस्थितियों में गोते लगा रहा है।

सर्दियों में कोल्ड डायरिया का खतरा, लक्षण और बचाव के उपाय

-वाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन-

आतिसार के सामान्य लक्षण - दुष्ट जलीय धातु ,पाचाग्नि को मंद कर-के मल के साथ मिलकर व्यू के द्वारा प्रेरित अधोमार्ग से प्रचुर मात्रा में बहार निकलता हैं अतएव इस घोर व्याधि को अतिसार कहते हैं।

सशमयापान धातुरग्नि प्रवृद्धः शक्रंमषरो वायूनाधाह प्रणुन्नाः।
सरतयतिवातिसाराम तमाहचर्याधिम घोरं षड्विधं तं वदन्ति ।
गूदेन बहुद्रवसरणअतिसारः '
गुद मार्ग के द्वारा अधिक द्रव युक्त मल का निकलना ही अतिसार हैं ,।

अतिशीत अतिसार-

इससे स्पर्श एवं वीर्य उभयविध शीत क होना होता हैं। अतिशीत के कारण आंत्र प्रथम संकुचित हो जाती हैं। किन्तु पुनः उत्तेजित होकर तीव्र गति करने लगती हैं। इस तीव्र गति के कारण श्लेष्मिक कला स्त्राव भी प्रचुर मात्रा में होता हैं। अतएव मलत्याग भी स्वाभाविक से अधिक बार एवं तरल रूप में होता हैं। ठंड के मौसम में कोल्ड डायरिया होने का डर बना रहता है। सर्दियों में होने वाला डायरिया सामान्य हैजा से अलग होता है। कोल्ड डायरिया बच्चों को सबसे ज्यादा शिकार बनाती है। सर्दियों में बच्चे सबसे ज्यादा कोल्ड डायरिया के शिकार होते हैं। बदलते मौसम का असर सबसे ज्यादा बच्चों पर होता है। सर्दियों में बच्चों की देखभाल का ध्यान रखकर कोल्ड डायरिया से बचाया जा सकता है। ठंड के मौसम में इम्यूनिटी कमजोर होने की वजह से बच्चे कोल्ड डायरिया के शिकार हो जाते हैं। क्या है कोल्ड डायरिया- जैसे सर्दियों में अन्य बीमारियां होती है। वैसे ही बच्चों को ठंड में कोल्ड डायरिया की बीमारी होती है। डॉक्टर्स के अनुसार 6 महीने से लेकर 5 साल के बच्चों को कोल्ड डायरिया हो सकता है। जब बच्चों को कोल्ड डायरिया होता है तो उस समय उनको सर्दी-जुकाम, खांसी और बुखार भी होता है। सर्दी-जुकाम के साथ डायरिया होने के कारण इसे कोल्ड डायरिया कहा जाता है। सर्दी के मौसम में होने वाली यह बीमारी बच्चों को बहुत कमजोर बना देती है। कमजोरी की वजह से बच्चों को अन्य बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है कोल्ड डायरिया के लक्षण सामान्य तौर पर जब बच्चों को सर्दी-जुकाम और खांसी के साथ दस्त की समस्या हो तो यह कोल्ड डायरिया है। मल का एकदम पतला होना ,मल के साथ रक्त या श्लेषमा का होना, अतिसार बच्चों को कोल्ड डायरिया से कैंसे बचाएं सर्दियों में बच्चों की विशेष देखभाल करनी चाहिए। हेल्थ एक्सपर्ट्स मानते हैं की सर्दियों में बच्चों को गुनगुना और तरल पदार्थ वाले खाने अधिक देने चाहिए। बच्चे को पर्याप्त मात्रा में पानी पीलाना चाहिए। डायरिया या दस्त होने पर मूंग दाल की खिचड़ी के अलावा दही, ओआरएस घोल देते रहना चाहिए सर्दियों में डिहाइड्रेशन से बच्चों को बचाएं सर्दियों में बच्चों को डिहाइड्रेशन से बचाना जरूरी होता है।

अध्यक्ष की मनमानी ठीक नहीं

-डॉ. वेदप्रताप वैदिक-

सर्वोच्च न्यायालय को विधानसभा के एक अध्यक्ष के आदेश को निरस्त करना पड़ा है। यह घटना दुखद है लेकिन यदि ऐसा नहीं होता तो भारत की विधानपालिकाओं पर यह आरोप चस्पा हो जाता कि वे निरंकुश होती जा रही हैं। ब्रिटेन में माना जाता है कि संसद संप्रभु होती है। उसके ऊपर कोई नहीं होता लेकिन महाराष्ट्र विधानसभा ने एक नया सवाल उछाला। वह यह कि क्या विधानसभा या लोकसभा का अध्यक्ष भी संप्रभु होता है? वह जो कह दे, क्या वही कानून बन जाता है? 5 जुलाई 2021 को महाराष्ट्र की विधानसभा के अध्यक्ष भास्कर जाधव के साथ कुछ विधायकों ने काफी कहा-सुनी कर दी। उन्हें भला-बुरा भी कह डाला। उनका क्रोधित होना स्वाभाविक था। उन्होंने इन विधायकों को पूरे एक साल के लिए मुअत्तल कर दिया। ये 12 विधायक भाजपा के थे। भाजपा महाराष्ट्र में विपक्षी दल है। शिवसेना गठबंधन वहां सत्तारूढ़ है। अध्यक्ष के गुस्से पर सदन ने भी ठप्पा लगा दिया। अब विधायक क्या करते? किसके पास जाएं? राज्यपाल भी इस मामले में कुछ नहीं कर सकते। मुख्यमंत्री तो अध्यक्ष के साथ हैं ही। आखिरकार उन्होंने देश की सबसे बड़ी अदालत के दरवाजे खटखटाए। अच्छा हुआ कि अदालत ने अपना फैसला जल्दी ही दे दिया वरना देश में न्याय-व्यवस्था का हाल तो ऐसा है कि मरीज को मरने के बाद दवा मिला करती है। इन मुअत्तल विधायकों को साल भर इंतजार नहीं करना पड़ा। अदालत ने महाराष्ट्र विधानसभा के सदन में उनकी उपस्थिति को बरकरार कर दिया। अपना फैसला देते वक्त अदालत ने जो तर्क दिए हैं, वे भारतीय लोकतंत्र को बल प्रदान करनेवाले हैं। वे जनता के प्रति विधानपालिका की जवाबदेही को वजनदार बनाते हैं। जजों ने कहा कि विधायकों की एक साल की मुअत्तली उनके निष्कासन से भी ज्यादा बुरी है, क्योंकि उन्हें निकाले जाने पर नए चुनाव होते और उनकी जगह दूसरे जन-प्रतिनिधि विधानसभा में जनता की आवाज बुलंद करते लेकिन यह मुअत्तली तो जनता के प्रतिनिधित्व का अपमान है।

इसके अलावा यदि विधायकों ने कोई अनुचित व्यवहार किया है तो उन्हें उस दिन या उस सत्र से मुअत्तल करने का नियम जरूर है लेकिन उन्हें साल भर के लिए बाहर करने की पीछे सत्तारूढ़ दल की मन्शा यह भी हो सकती है कि विरोधी पक्ष को अत्यंत अल्पसंख्यक बनाकर मनमाने कानून पास करवा लें।

चुनावः भारतीय लोकतंत्र का असाधारण उत्सव

-हृदयनारायण दीक्षित-

चुनाव लोकतंत्र का महोत्सव होते हैं, लेकिन अपने देश में मतदान का प्रतिशत प्रायः कम रहता है। देश के पहले लोकसभा चुनाव सन 1951-52 में मतदान का प्रतिशत 45 ही था। 2019 के लोकसभा चुनाव में यह 67 प्रतिशत हो गया। बेशक प्रगति संतोषजनक है, लेकिन इसे उत्साहवर्द्धक नहीं कहा जा सकता। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सभी नागरिकों और राजनैतिक दलों के सदस्यों को कम मतदान पर विचार करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षित और समृद्ध समझे जाने वाले नगरीय-महानगरीय क्षेत्रों में मतदान का प्रतिशत कम होता है। ऐसे क्षेत्रों के लोग सोशल मीडिया पर चुनाव के तमाम पहलुओं पर चर्चा करते रहते हैं, लेकिन मतदान करने प्रायः नहीं जाते। प्रधानमंत्री की यह बात सही है। मतदान से लोकतंत्र मजबूत होता है। मतदान जनतंत्र का विशिष्ट अधिकार है, लेकिन यह एक पवित्र कर्तव्य भी है। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने भी मतदान के प्रतिशत में बढ़ोत्तरी की अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के 75वें वर्ष में हमें संकल्प लेना चाहिए कि मतदाता पीछे न रह जाएं। पिछले लोकसभा चुनाव 2019 में मतदान का प्रतिशत 67.40 था। मतदान के प्रतिशत में लगातार बढ़ोत्तरी हुई है। मूलभूत प्रश्न है कि मतदान का प्रतिशत अभी भी उत्साहवर्द्धक स्थिति में क्यों नहीं है? क्या विभिन्न दलों के घोषणा पत्र व जनहितकारी आश्वासन मतदाता को मतदान के लिए प्रेरित नहीं करते? अब मतदान के लिए तमाम सुविधाएँ उपलब्ध हैं। पोलिंग बूथ भी घर से बहुत दूरी पर नहीं होते। राजनीतिक दलों के आश्वासन और किये गये काम विभिन्न संचार माध्यमों में सहज-सुलभ हैं, लेकिन मतदान का प्रतिशत नहीं बढ़ता। चुनाव के दौरान सभी दल अपना घोषणा पत्र जारी करते हैं। सत्ता में आने पर तमाम योजनाओं के पूरा करने के आश्वासन देते हैं। मतदाताओं के सामने विकल्प की कमी नहीं है। दलों का चरित्र भी मजेदार है। अनेक दल विकास के वायदे करते हैं। विकास के इन वायदों पर मतदाता विश्वास नहीं करते। चुनाव में मुफ्त सामग्री देने जैसे वायदे भी होते हैं। चुनाव में मुफ्त वस्तु वितरण के वायदे का प्रश्न सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। कुछ एक दल विचारधारा के आधार पर भी अपने चुनाव अभियान चलाते हैं, लेकिन मतदाताओं के बीच विचार का प्रभाव प्रायः नहीं दिखाई पड़ता है। जाति-मजहब के नाम पर वोट मांगे जाते हैं। जाति और मजहब का उन्माद बढ़ाते हैं। सुधी मतदाता इससे आहत होते हैं और मतदान के प्रति उदासीन हो जाते हैं। 5 राज्यों के चुनाव चल रहे हैं। प्रचार में बेमतलब के सवाल मतदान के लिए प्रेरित नहीं करते। चुनाव में मूलभूत प्रश्नों पर बहस करने का सबसे अच्छा अवसर मिलता है। बेरोजगारी, जन स्वास्थ्य, चिकित्सा व्यवस्था, बिजली, पानी और सड़क जैसे मूलभूत प्रश्नों पर चुनाव में चर्चा होनी चाहिए, लेकिन ऐसी चर्चा का अभाव है। विकास की आधारभूत संरचना भी चुनाव में बहस का मुद्दा नहीं है। जाति मजहब के आधार पर जारी चुनाव अभियान समाज का वातावरण बिगाड़ते हैं। ऐसे अभियान समाज की आधारभूत एकता पर भी चोट करते हैं। मूलभूत प्रश्न है कि हम वोट क्यों दें? क्या जाति की लामबंदी के लिए वोट दें? क्या राष्ट्रीय महत्व के प्रश्नों की उपेक्षा के बावजूद किसी दल को जाति मजहब के कारण वोट देना ठीक है? भारत के संविधान निमार्ताओं ने लम्बी बहस के बाद संसदीय जनतंत्र अपनाया है। यहाँ प्रत्येक वयस्क को मताधिकार है। निष्पक्ष व निर्भीक चुनाव के लिए भारत निर्वाचन आयोग की स्थापना 25 जनवरी, 1950 को हुई थी। भारत निर्वाचन आयोग की प्रतिष्ठा सारी दुनिया में है। मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग द्वारा प्रत्येक चुनाव में अपील भी की जाती है, लेकिन मतदाता ऐसी अपीलों से प्रेरित नहीं होते। मतदान के गर्भ से ही सरकार का जन्म होता है और विपक्ष का भी। मतदाता ही किसी दल को बहुमत और किसी दूसरे दल या समूह को अल्पमत देते हैं।

बहुमत दल को शासन का अधिकार भी मतदाता ही देते हैं और विपक्ष को सरकारी काम की आलोचना का काम भी मतदाता ही सौंपते हैं।

अंडर 19 विश्व कप सेमीफाइनल में भारत के सामने आस्ट्रेलियाई चुनौती

कूलिज (एंटीगा)। मैदान पर अपने प्रतिद्वंद्वियों को और मैदान के बाहर कोरोना वायरस को हराने वाली भारत और आस्ट्रेलिया की दिग्गज टीमें अंडर 19 विश्व कप के सेमीफाइनल में यहां बुधवार को आमने सामने होंगी। कोरोना महामारी के कारण भारत की तैयारियां काफी बाधित हुई। पिछले दो साल में कोई राष्ट्रीय शिविर या टूनामेंट नहीं था और हाल ही में सिर्फ एशिया कप खेलकर टीम यहां आई थी। चार बार की चैम्पियन भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका को 45 रन से हराकर टूनामेंट में आगाज किया। इसके बाद हालांकि कई खिलाड़ियों के कोरोना संक्रमित पाये जाने के बाद आयरलैंड के खिलाफ बमुश्किल 11 खिलाड़ी जुट सके। आयरलैंड के खिलाफ दूसरे ग्रुप मैच में पांच खिलाड़ी उपलब्ध नहीं थे।

कप्तान यश धुल, उपकप्तान शेख रशीद, आराध्य यादव, मानव पारख और सिद्धार्थ यादव कोरोना वायरस की चपेट मंर आ गए थे। ये पांचों आयरलैंड और युगांडा के खिलाफ नहीं खेल सके जिसके बाद बीसीसीआई को वैकल्पिक खिलाड़ी भेजने पड़े।

युगांडा के खिलाफ छह रिजर्व खिलाड़ियों को मैदान पर उतारा गया। भारतीय टीम ने हालांकि आयरलैंड और युगांडा दोनों को हराया और क्वार्टर फाइनल में बांग्लादेश को मात दी।

अब भारत के पास पूरी मजबूत टीम है और निशांत सिंधू भी संक्रमण से उबर चुके हैं। भारत को हालांकि आखिरी ओवरों में अपनी बल्लेबाजी में सुधार करना होगा। उससे पहले भारत ने आयरलैंड के खिलाफ पांच विकेट पर 307 और युगांडा के खिलाफ 405 रन बनाये जो अफ्रीकी टीम के खिलाफ उसकी सबसे बड़ी जीत थी। अब सामने आस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम है। भारत का मनोबल इस बात से बढा होगा कि कोरोना से जूझते हुए भी सारे मैच जीतकर वह अंतिम चार में पहुंचा है। भारत लगातार चौथी बार सेमीफाइनल खेलेगा। भारत के पास हरनूर सिंह, अंगकृष रघुवंशी, राज बावा के अलावा धुल और रशीद जैसे बल्लेबाज हैं।धुल ने पहले मैच में 82 रन बनाये थे। गेंदबाजी में रवि कुमार ने बांग्लादेश के खिलाफ पांच ओवर में 14 रन देकर तीन विकेट चटकाये थे। तेज गेंदबाज राजवर्धन हंगरगेकर, स्पिनर विकी ओस्तवाल और कौशल तांबे के साथ मध्यम तेज गेंदबाज बावा पर नजरें होंगी। दो बार की चैम्पियन आस्ट्रेलिया ने क्वार्टर फाइनल में पाकिस्तान को हराया। उसके पास शानदार सलामी बल्लेबाज टीग वीली है जिन्होंने अब तक बेहतरीन प्रदर्शन किया है।

खिलाड़ियों के संक्रमित होने के कारण हम विश्व कप में भाग लेने में सक्षम नहीं थे : ग्राहम मनौ

एंटीगुआ। ऑस्ट्रेलिया के पाथवे मैनेजर ग्राहम मनौ ने मंगलवार को कहा कि अंडर-19 टीम प्रबंधन को आईसीसी विश्व कप मैचों में 11 फिट खिलाड़ियों को मैदान में उतारना मुश्किल हो रहा था, क्योंकि कई खिलाड़ी कोरोना संक्रमित हो गए थे।

बुधवार को कूलिज क्रिकेट ग्राउंड में भारत के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले से पहले मनौ ने कहा कि पाकिस्तान के खिलाफ क्वार्टर फाइनल मैच से पहले स्थिति ऐसी थी कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के खिलाड़ी कैरिबियन में तीन अलग-अलग द्वीपों पर क्वोरंटीन में थे।

मनौ ने क्रिकेट डॉट कॉम डॉट एयू को बताया, एक समय पर हम विश्व कप में भाग लेने में सक्षम नहीं थे। हमें विभिन्न द्वीपों पर कर्मचारियों के साथ खिलाड़ियों को छोड़ना पड़ा, हमारे पास केवल 11 फिट खिलाड़ी थे, जो स्कॉटलैंड के खिलाफ मैदान में उतर सके। इसके बाद हालात थोड़े ठीक हुए थे। मनौ ने कहा कि पिछले दो सालों में टीम के लिए कई चुनौतियां सामने आई है, जिसमें खिलाड़ियों को घर से स्कूली शिक्षा का प्रबंधन करना पड़ता है और सामाजिक संपर्क पर प्रतिबंध के कारण मैदान पर उतरना मुश्किल हो रहा था।

हालांकि, सभी चुनौतियों के बावजूद युवा टीम ने विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बनाई है और भारत का सामना करने के लिए उत्सुक है, जो टूनामेंट में पहले भी अपने पांच खिलाड़ियों के कोरोना पॉजिटिव होने के बाद भी इसी तरह की स्थिति में थे। इस टूनामेंट में पहली बार ऑस्ट्रेलिया के पास पूरी टीम में से प्लेइंग इलेवन चुनने का मौका होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि पाकिस्तान पर अपनी क्वार्टरफाइनल जीत से पहले एक चरण में, ऑस्ट्रेलिया के 15 सदस्यीय टीम को तीन अलग-अलग जगहों पर विभाजित किया गया था, क्योंकि पांच खिलाड़ी टूनामेंट से पहले कोरोना पॉजिटिव हुए थे। मनौ ने कहा कि प्रबंधन को कुछ कड़े फैसले लेने होंगे, क्योंकि अब पूरी 15 सदस्यीय टीम सेमीफाइनल के लिए चयन के लिए उपलब्ध है।

भारत में टी20 श्रृंखला के लिये वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड को हराने वाली टीम को बरकरार रखा

सेंट जोन्स। वेस्टइंडीज ने भारत में 16 सितंबर से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 श्रृंखला के लिये कीरोन पोलार्ड की अगुवाई में उसी 16 सदस्यीय टीम का चयन किया है जिसने घरेलू धरती पर इंग्लैंड को हराया।

तीनों टी20 मैच 16, 18 और 20 फरवरी को कोलकाता में खेले जाएंगे। इससे पहले अहमदाबाद में छह, नौ और 11 फरवरी को तीन एकदिवसीय मैचों की श्रृंखला खेली जाएगी। वेस्टइंडीज पोलार्ड की अगुवाई में पहले ही वनडे टीम घोषित कर चुका है। पोलार्ड, फैबियन एलेन, डैरेन ब्रावो, जैसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, निकोलस पूरण, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ और हेडन वॉल्श जूनियर सीमित ओवरों की दोनों टीम में शामिल हैं। शिमरोन हेटमायर को फिर से फिटनेस के आधार पर टीम में नहीं चुना गया। इस महीने के शुरू में वेस्टइंडीज के मुख्य कोच फिल सिमन्स ने फिटनेस के प्रति हेटमायर के रवैये पर नाखुशी जाहिर की थी। मुख्य चयनकर्ता डेसमंड हेन्स ने कहा, टीम ने इंग्लैंड के खिलाफ टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया और हमने इसी टीम के साथ बने रहने का फैसला किया है। उन्होंने गजब का कौशल और जज्बा दिखाया और हमें भारत में उनसे इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। वेस्टइंडीज ने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की श्रृंखला 3-2 से जीती। वेस्टइंडीज की टी20 टीम इस प्रकार है : कीरोन पोलार्ड (कप्तान), निकोलस पूरण (उपकप्तान), फैबियन एलन, डैरेन ब्रावो, रोस्टन चेज, शेल्डन कॉटरेल, डोमिनिक ड्रेक्स, जैसन होल्डर, शाई होप, अकील हुसैन, ब्रैंडन किंग, रोवमैन पॉवेल, रोमारियो शेफर्ड, ओडियन स्मिथ, काइल मेयर्स, हेडन वॉल्श जूनियर।

आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में पहुंचे नडाल, रिकॉर्ड 21वें ग्रैंडस्लैम से एक जीत दूर

मेलबर्न – रफेल नडाल अब रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच को पछाड़कर पुरूष टेनिस में रिकॉर्ड 21वें एकल ग्रैंडस्लैम खिताब से महज एक जीत दूर हैं । स्पेन के 35 वर्ष के इस धुरंधर ने इटली के मात्तेओ बेरेत्तिनी को 6 . 3, 6 . 2, 3 . 6, 6 . 3 से हराकर छठी बार आस्ट्रेलियाई ओपन फाइनल में प्रवेश कर लिया ।

साल के इस पहले ग्रैंडस्लैम से पूर्व कोरोना संक्रमण और चोटों से जूझते आये नडाल को खुद पता नहीं था कि उनका सफर कितना लंबा होगा । उन्होंने तैयारी के लिये हुआ एक टूनामेंट जीता और यहां लगातार छह मैच जीत चुके हैं । एक और मैच जीतकर वह फेडरर और जोकोविच को पीछे छोड़ देंगे । इसके साथ ही सभी चार ग्रैंडस्लैम कम से कम दो बार जीतने वाले दूसरे पुरूष खिलाड़ी बन जायेंगे । अब उनका सामना अमेरिकी ओपन चैम्पियन दानिल मेदवेदेव और स्टेफानोस सिटसिपास के बीच होने वाले दूसरे सेमीफाइनल के विजेता से होगा । नडाल ने कहा ,ह्यह्य मेरा फोकस सिर्फ आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब पर है । मैं यहां थोड़ा बदकिस्मत रहा और चोटों के कारण कई बार नहीं जीत सका । एक बार यहां जीता है और कभी सोचा नहीं था कि 2022 में फिर जीत के करीब पहुंच सकूंगा ।ह्ल अब तक सिर्फ एक बार 2009 में आस्ट्रेलियाई ओपन जीत सके नडाल ने पहले दोनों सेटों में दबदबा बनाये रखा और इतालवी प्रतिद्वंद्वी को कोर्ट के चारों ओर घुमाया । दूसरे सेट में उन्होंने 4 . 0 की बढत बना ली और सातवीं वरीयता प्राप्त बेरेत्तिनी 11 प्रयासों में सिर्फ एक बार अपनी दूसरी सर्विस पर अंक बना सके । भारी बारिश के कारण रॉड लावेर एरेना की छत बंद कर दी गई जिससे भीतर काफी उमस हो गई थी । ऐसे में गेंद भारी और सपाट हो गई थी । पहले दो सेट में सभी लंबी रेलियां छठी वरीयता प्राप्त स्पेनिश धुरंधर नडाल के पक्ष में गई। तीसरे सेट में बेरेत्तिनी ने वापसी की और आठवें गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट बनाकर दूसरे को भुनाया और 5 . 3 की बढत बना ली । उन्होंने अगले गेम में सर्विस बरकरार रखते हुए लगातार चार अंकों के साथ मैच को चौथे सेट में खिंचा । चौथे सेट के आठवें गेम में नडाल ने उनकी सर्विस फिर तोड़ी और मैच अपने नाम कर लिया । फेडरर चोट के कारण नहीं खेल रहे हैं जबकि नौ बार के चैम्पियन जोकोविच को आस्ट्रेलिया के कड़े कोरोना टीकाकरण नियमों का पालन नहीं करने के कारण टूनामेंट से एक दिन पहले निर्वासित कर दिया गया ।

मनिका बत्रा ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का किया दौरा, शहीद निर्मल जीत सिंह सेखों को दी श्रद्धांजलि

नई दिल्ली। भारत की स्टार महिला टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक का दौरा किया और 1971 के भारत-पाक युद्ध में अनुकरणीय साहस और दृढ़ संकल्प दिखाने वाले वीर शहीद वायु योद्धा निर्मल जीत सिंह सेखों को श्रद्धांजलि दी। मनिका ने स्मारक में परम योद्धा स्थल नामक वीरता गैलरी में अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की, जहां परम वीर चक्र से सम्मानित कुल 21 शहीदों के बीच फ्लाइंग वॉर हीरो की प्रतिमा स्थापित है। ओलंपियन मनिका ने कहा, "स्मारक पर हमारे सैनिकों द्वारा किए गए युद्ध और सर्वोच्च बलिदान के बारे में लिखे गए उद्धरणों ने मुझे मंत्रमुग्ध कर दिया है। एक भारतीय के रूप में, मेरा दिल आज कृतज्ञता और गर्व से भर गया है।" मनिका ने आगे कहा, "जिस तरह से स्मारक का वास्तुशिल्प डिजाइन शहीदों को अमर बनाता है, उसी तरह मोबाइल ऐप-आधारित वर्चुअल टूर गाइड और वर्चुअल श्रद्धांजलि के लिए डिजिटल पैनल जैसी उन्नत डिजिटल सुविधाएं इसे आसानी से बनाती हैं। जो हर नागरिक के लिए कहीं से भी सुलभ है।"

लैंगर से मुलाकात तनावपूर्ण नहीं रही, कहा सीए ने

सिडनी। क्रिकेट आस्ट्रेलिया ने इन रपटों को खारिज किया है कि मुख्य कोच जस्टिन लैंगर के साथ उसकी मुलाकात तनावपूर्ण रही और लैंगर को पद के लिये फिर से आवेदन देने को कहा गया है। लैंगर का अनुबंध जून में समाप्त होना है।उन्होंने क्रिकेट आस्ट्रेलिया के मुख्य कार्यकारी निक हॉकली और हाई परफार्मेंस मैनेजर बेन ओलिवर से पिछले सप्ताह मुलाकात की थी। उसके बाद से स्थानीय मीडिया ने कहा कि यह बैठक तनावपूर्ण रही जब सीए ने उनसे इस पद के लिये फिर से आवेदन करने को कहा। सीए ने एक बयान में इन अटकलों को खारिज करते हुए कहा, आस्ट्रेलिया पुरूष टीम के मुख्य कोच जस्टिन लैंगर, क्रिकेट आस्ट्रेलिया के सीईओ निक हॉकली और हाई परफार्मेंस मैनेजर बेन ओलिवर के बीच हुई बैठक को लेकर फॉक्स स्पोटर्स की वेबसाइट पर जारी खबरें सही नहीं है। इसमें कहा गया,हम गोपनीय बातचीत पर टिप्पणी नहीं करते लेकिन तथ्यों को दुरूस्त करना जरूरी है। लैंगर को 2018 में गेंद से छेड़खानी मामले के बाद टीम का मुख्य कोच बनाया गया था। भारत के खिलाफ पिछले साल टेस्ट श्रृंखला में शर्मनाक हार के बाद उनको हटाये जाने की अटकलें लगाई जा रही थी लेकिन फिर आस्ट्रेलिया ने पहला टी20 विश्व कप और एशेज श्रृंखला 4 . 0 से जीती।

पीकेएल : बेंगलुरू बुल्स ने यूपी योद्धा को 31-26 से हराया

बेंगलुरु। पीकेएल की फ्रैंचाइजी यूपी योद्धा को मंगलवार रात बेंगलुरु बुल्स के हाथों 26-31 की शिकस्त का सामना करना पड़ा है। यूपी योद्धा अब 41 अंकों के साथ अंक तालिका में छठे स्थान पर है। योद्धा के लिए प्रसिद्ध डिफेंस वॉल आज शानदार खेल दिखाया और हार के बावजूद अपनी टीम को 1 अंक अर्जित करवाने में सहायता की, वहीँ दूसरी ओर टीम के रेडिंग विभाग ने कमजोर खेल का प्रदर्शन किया । कैप्टन नितेश कुमार ने यूपी योद्धा के लिए महत्वपूर्ण छह अंक अर्जित किए एवं श्रीकांत जाधव एकमात्र अन्य खिलाड़ी थे जिन्होंने योद्धा के लिए छह अंक अर्जित किए।

कोरोना संक्रमित हुए कीगन पीटरसन, न्यूजीलैंड दौरे से बाहर

जोहान्सबर्ग। दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज कीगन पीटरसन कोरोना से संक्रमित हो गए हैं, जिसके कारण वह न्यूजीलैंड दौरे से चूक जाएंगे। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने बुधवार को उक्त जानकारी दी।

सीएसए ने एक आधिकारिक बयान में कहा, "नंबर तीन बल्लेबाज पीटरसन फिलहाल ठीक हैं और स्पर्शोन्मुख है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) की मेडिकल टीम उनके शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए उनके संपर्क में है। सिक्स-गन ग्रिल वेस्टर्न प्रोविंस के बल्लेबाज, जुबैर हमजा, न्यूजीलैंड दौरे के लिए उनकी जगह लेंगे।"

बता दें कि पीटरसन को भारत के खिलाफ तीन टेस्ट मैचों में उनके प्रदर्शन के लिए प्लेयर ऑफ द सीरीज चुना गया था। दाएं हाथ के बल्लेबाज पीटरसन ने तीन मैचों की टेस्ट श्रृंखला में 46.00 की औसत से 276 रन बनाए थे। वह श्रृंखला में 72, 82 और 62 के स्कोर के साथ तीन से अधिक अर्धशतक बनाने वाले एकमात्र खिलाड़ी थे।

न्यूजीलैंड दौरे के लिए दक्षिण अफ्रीकी टीम इस प्रकार है: डीन एल्गर (कप्तान) टेम्बा बावुमा (उप-कप्तान), सरेल इरवी, जुबैर हमजा, साइमन हार्मर, मार्को जेन्सन, केशव महाराज, एडेन मार्कराम, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, डुआने ओलिवियर, कागिसो रबाडा, रेयान रिकेल्टन, लूथो सिपमला, ग्लेनटन स्टुउरमैन, रासी वैन डेर डूसन, काइल वेरेने (विकेट-कीपर)

बेंगलुरू एफसी ने कैमरून के डिफेंडर याया बनाना से करार किया

मडगांव। बेंगलुरू एफसी ने कैमरून के डिफेंडर याया बनाना से इंडियन सुपर लीग के 2021 . 22 सत्र के अंत तक के लिये करार किया है। तीस वर्ष के बनाना हाल ही में जोर्डन प्री लीग क्लब शाबाब अल ओर्डोन के लिये खेले थे।वह टीम में गाबोन के डिफेंडर यरोंडु मुसावू किंग की जगह लेंगे जो चोटिल है। बनाना अंडर 20 और सीनियर स्तर पर कैमरून के लिये खेल चुके हैं।उन्होंने 2019 अफ्रीकी कप आफ नेशंस में गोल भी किया था।

आरिफ खान शीतकालीन ओलंपिक के लिये रवाना

नयी दिल्ली। बीजिंग शीतकालीन ओलंपिक खेलों में भारत के इकलौते प्रतिनिधि स्कीअर आरिफ खान दल प्रमुख हरजिंदर सिंह और सहयोगी स्टाफ के साथ रवाना हो गए हैं।

भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा ने सोमवार को रवानगी से पहले उन्हें शुभकामनायें दी। आरिफ दो स्पधाओं में भाग लेंगे और शुक्रवार से शुरू हो रहे खेलों में उनका लक्ष्य शीर्ष 30 में जगह बनाना है। बत्रा ने बताया कि भारतीय टीम 19 फरवरी को लौटेगी। जम्मू कश्मीर के गुलमर्ग में रहने वाले आरिफ बीजिंग में स्लालोम और जाइंट स्लालोम वर्ग में भाग लेंगे जो 13 और 16 फरवरी को खेली जायेगी। 31 वर्ष के आरिफ ने सापोरो में 2017 एशियाई शीतकालीन खेलों में भी भाग लिया था। आईओए ने भारतीय आइस हॉकी संघ के महासचिव हरजिंदर को दल प्रमुख के रूप में भेजा है। हाल ही में टारगेट ओलंपिक पोडियम योजना में जगह बनाने वाले आरिफ ने कहा कि सैंटा कैटरीना में अभ्यास से उन्हें काफी मदद मिली है। उन्होंने कहा, मैं कुछ साल से काफी मेहनत कर रहा हूं और शीर्ष 30 में आना भी मेरे लिये पदक की तरह होगा।

अंडर 19 विश्व कप : बांग्लादेश को हराकर पाकिस्तान पांचवें स्थान के प्लेआफ में

कूलिज (एंटीगा)। हसीबुल्लाह खान के अर्धशतक की मदद से पाकिस्तान ने अंडर 19 विश्व कप के मुकाबले में बांग्लादेश को छह विकेट से हरा दिया जबकि बांग्लादेश के लिये आरिफुल इस्लाम का शतक बेकार गया। बांग्लादेश की पारी का आकर्षण इस्लाम रहे जिन्होंने 12वें ओवर में आकर मोर्चा संभाला जिस समय टीम ने 23 रन पर तीन विकेट गंवा दिये थे। पिछली दो पारियों में इस्लाम दोहरे अंक तक भी नहीं पहुंच सके थे लेकिन इस मैच में फॉर्म में लौटते हुए छक्का लगाकर अर्धशतक पूरा किया। दूसरे छोर से उन्हें सहयोग नहीं मिल सका। पाकिस्तान के लिये मेहरान मुमताज ने 10 ओवर में 16 रन देकर तीन विकेट लिये। इस्लाम ने अवैस अली को एक ओवर में तीन छक्के जड़े। उन्होंने 49वें ओवर में अपना शतक 118 गेंदों पर पूरा किया। अगली गेंद पर वह हालांकि आउट हो गए। जवाब में पाकिस्तान के लिये मोहम्मद शहजाद और हसीबुल्लाह ने अच्छी शुरूआत करके 19 ओवर में 76 रन जोड़े। खान ने अपनी पारी में चार चौके और चार छक्के लगाये और वह 78 रन बनाकर आउट हुए। उस समय उनकी टीम को जीत के लिये 36 रन की जरूरत थी। अब्दुल फसीह ने नाबाद 22 रन बनाकर टीम को 21 गेंद बाकी रहते जीत तक पहुंचाया। पाकिस्तान अब गुरूवार को श्रीलंका से पांचवें स्थान का प्लेआफ मुकाबला खेलेगा जबकि बांग्लादेश सातवें स्थान के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगा। प्लेट वर्ग के फाइनल में संयुक्त अरब अमीरात ने आयरलैंड को आठ विकेट से हराया।

मुल्तान सुल्तांस ने क्वेटा ग्लैडिएटसर्स को हराया

कराची। डैथ ओवरों में डेविड विली की शानदार गेंदबाजी की मदद से मुल्तान सुल्तांस ने पाकिस्तान सुपर लीग के मैच में क्वेटा ग्लैडिएटर्स को छह रन से हरा दिया। इफ्तिखार अहमद तेज गेंदबाज इमरान खान के डाले 17वें ओवर में तीन छक्के और एक चौका लगाकर क्वेटा को जिताने के करीब पहुंच गए थे। विली ने हालांकि उन्हें 18वें अआओवर में विकेट के पीछे लपकवाया। आखरी ओवर में क्वेटा को आठ रन की जरूरत थी तब इंग्लैंड के इस गेंदबाज ने एक ही रन दिया और दो विकेट चटकाये। क्वेटा की टीम 19 . 5 ओवर में 168 रन पर आउट हो गई। मुल्तान ने चार विकेट पर 174 रन बनाये थे। छह टीमों की तालिका में मुल्तान अब पहले स्थान पर है जिसने तीनों मैच जीते हैं। विली ने 22 रन देकर तीन जबकि स्पिनर इमरान ताहिर और खुशदिल शाह ने क्रमशः 24 और 16 रन देकर तीन तीन विकेट लिये।

अहमदाबाद में भारत और वेस्टइंडीज के बीच बिना दर्शकों खेले जाएंगे मैच

अहमदाबाद। भारत और वेस्टइंडीज के बीच तीन मैचों की वनडे अंतर्राष्ट्रीय सीरीज बिना दर्शकों के खेली जाएगी। इस बारे में गुजरात क्रिकेट संघ (जीसीए) ने मंगलवार को पुष्टि की।

गुजरात क्रिकेट एसोसिएशन के आधिकारिक हैंडल से ट्वीट किया गया, मौजूदा स्थिति को देखते हुए सभी मैच बिना दर्शकों के खेले जाएंगे। उन्होंने आगे कहा, हम वेस्टइंडीज वनडे सीरीज 2022 की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। 6 फरवरी को पहला वनडे एक बहुत ही खास और ऐतिहासिक मैच होगा, क्योंकि भारत अपना 1000वां वनडे खेलेगा, जिससे वह दुनिया की पहली क्रिकेट टीम बन जाएगी। भारत 6 फरवरी से अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में तीन वनडे मैच खेलेगा और उसके बाद 16 फरवरी से कोलकाता के ईडन गार्डन में टी20 मैचों की सीरीज खेली जाएगी। इस बीच, पश्चिम बंगाल सरकार ने कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेली जाने वाली तीन मैचों की टी20 सीरीज के लिए 75 प्रतिशत भीड़ की उपस्थिति की अनुमति दी है। बंगाल क्रिकेट संघ (सीएबी) के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने स्टेडियम में 75 प्रतिशत उपस्थिति की अनुमति देने के लिए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को धन्यवाद दिया। सीएबी के अध्यक्ष अविषेक डालमिया ने एक बयान में कहा, हम खेल गतिविधियों को फिर से शुरू करने की घोषणा के साथ-साथ दर्शकों की 75 प्रतिशत क्षमता को स्टेडियम में वापस करने की अनुमति देने के लिए माननीय सीएम ममता बनर्जी, मुख्य सचिव और पश्चिम बंगाल सरकार के आभारी हैं।

ईसीबी बोर्ड की बैठक में कोच क्रिस सिल्वरवुड के भाग्य का होगा फैसला

लंदन। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) की मंगलवार को होने वाली बैठक में कोच क्रिस सिल्वरवुड के भाग्य का फैसला हो सकता है, क्योंकि हाल ही में टीम ऑस्ट्रेलिया में एशेज 4-0 से हार गई थी। वहीं, स्टुअर्ट ब्रॉड और जेम्स एंडरसन के प्रयास से टीम सिडनी में चौथा टेस्ट ड्रॉ कराने में कामयाब रही थी।

कनाडा के पीएम हुए कोरोना पॉजिटिव

ओटावा। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। वहीं देश में महामारी के मद्देनजर लगाए गए स्वास्थ्य प्रतिबंधों के खिलाफ व्यापक विरोध देखा जा रहा है। सोमवार को ट्विटर पर उन्होंने कहा, आज सुबह, मैंने कोविड -19 पॉजिटिव पाया गया। मैं ठीक महसूस कर रहा हूं और मैं इस सप्ताह सार्वजनिक स्वास्थ्य दिशानिर्देशों का पालन करते हुए दूर से काम करना जारी रखूंगा। हर कोई, कृपया टीका लगवाएं। पीएम ने बताया की उनके तीन बच्चों में से दो पॉजिटिव पाए गए हैं। वह और उसका परिवार कोविड -19 जोखिम की घोषणा के बाद से कई दिनों से आइसोलेट हैं, जिसका उन्होंने विवरण नहीं दिया है। 26 जनवरी को, ट्रूडो ने अपने मंत्रिमंडल के कई सदस्यों के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। सीएनएन की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रूडो परिवार को एहतियात के तौर पर एक अज्ञात स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया है क्योंकि ओटावा में कोविड -19 स्वास्थ्य प्रतिबंधों का विरोध जारी है।

ऑस्ट्रेलिया के पीएम ने शोध को बढ़ाने की योजना की घोषणा की

कैनबरा। ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन ने मंगलवार को 2.2 अरब डॉलर (1.5 अरब डॉलर) की शोध व्यावसायीकरण योजना का अनावरण किया। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पैकेज में ऑस्ट्रेलिया के आर्थिक त्वरक के लिए 1.6 अरब डॉलर शामिल है, जो रक्षा, अंतरिक्ष, संसाधन प्रौद्योगिकी, खाद्य और पेय, स्वच्छ ऊर्जा और चिकित्सा उत्पादों के क्षेत्र में उच्च-संभावित अनुसंधान परियोजनाओं को फंड देगा।

उद्योग-केंद्रित पीएचडी में एक और 2.96 करोड़ डॉलर का निवेश किया जाएगा। राष्ट्रीय विज्ञान एजेंसी कॉमनवेल्थ साइंटिफिक एंड इंडस्ट्रियल रिसर्च ऑर्गनाइजेशन (सीएसआईआरओ) द्वारा प्रशासित इनोवेशन फंड को 1.5 करोड़ डॉलर तक बढ़ाया जाएगा।

मॉरिसन ने कहा कि फंडिंग का इंजेक्शन ऑस्ट्रेलियाई अनुसंधान को व्यावसायिक रूप से अधिक प्रतिस्पर्धी बना देगा।

उन्होंने कहा, यह ऑस्ट्रेलियाई नवप्रवर्तकों को उनकी परियोजना के प्रत्येक चरण के लिए फंड के अवसरों तक पहुंचने की अनुमति देगा, बशर्ते वे परियोजना की व्यवहार्यता और महत्वपूर्ण रूप से व्यावसायिक क्षमता को साबित करना जारी रख सकें।

हमें ऑस्ट्रेलियाई उद्योग और विश्वविद्यालय के शोधकताओं के बीच संबंधों के निर्माण में तेजी लाने की जरूरत है। हमें यहां ऑस्ट्रेलिया में अनुसंधान उद्यमियों की एक नई नस्ल विकसित करने की आवश्यकता है ताकि वे नए उत्पादों और नई कंपनियों और सबसे महत्वपूर्ण, नई नौकरियों का निर्माण कर सकें।

अमेरिका में जनवरी में 35 लाख से ज्यादा बच्चे कोरोना पॉजिटिव हुए

वाशिंगटन। अमेरिका में कोरोना के नए वेरिएंट ओमिक्रॉन के बढ़ते मामलों के बीच, जनवरी में 35 लाख से ज्यादा बच्चों में कोरोना के मामले दर्ज किए गए। समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स (एएपी) और चिल्ड्रन्स हॉस्पिटल एसोसिएशन की सोमवार को जारी रिपोर्ट में कहा गया कि देश में 2020 में महामारी की शुरूआत के बाद से 1.14 करोड़ से ज्यादा बच्चे कोरोना पॉजिटिव पाए गए। इनमें से लगभग 20 लाख मामले पिछले दो सप्ताह में जोड़े गए हैं। एएपी ने कहा, 27 जनवरी को समाप्त सप्ताह के लिए देश में 808,000 से ज्यादा बच्चों में कोरोना के मामले दर्ज किए गए। इस सप्ताह बच्चों के कई मामले जोड़े गए, जिसने 2021 में डेल्टा वृद्धि के चरम स्तर को तिगुना कर दिया। यह लगातार 25वें सप्ताह में अमेरिका में बच्चों के कोरोना मामले 100,000 से ऊपर दर्ज किए गए। एएपी के अनुसार, सितंबर 2021 के पहले सप्ताह से, लगभग 64 लाख बच्चों के मामले सामने आए हैं।

जापानी कैबिनेट ने यूनेस्को विरासत के लिए विवादास्पद खदान की नीलामी को मंजूरी दी

टोक्यो। जापानी कैबिनेट ने मंगलवार को युद्ध के समय के लिए श्रम से जुड़ी एक पूर्व सोने की खदान को यूनेस्को की विश्व विरासत सूची में शामिल करने के लिए नीलामी की मंजूरी दे दी। एक स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के हवाले से यह जानकारी मिली है। योनहाप न्यूज एजेंसी ने क्योडो न्यूज की रिपोर्ट के हवाले से कहा कि कूटनीतिक रूप से विवादास्पद बोली को कैबिनेट बैठक में मंजूरी दी गई। टोक्यो बाद में यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज सेंटर को अनुशंसा पत्र देने की योजना बना रहा है। 27 जनवरी को, जापानी प्रधान मंत्री फुमियो किशिदा ने दक्षिण कोरिया के कड़े विरोध के बावजूद 2023 यूनेस्को विरासत सूची के लिए साडो द्वीप पर खदान को नामित करने की योजना की घोषणा की। दक्षिण कोरियाई सरकार ने तुरंत इस फैसले पर कड़ा खेद व्यक्त किया और सियोल में अपने राजदूत कोइची आइबोशी को विरोध दर्ज करने के लिए बुलाया। निगाटा प्रान्त में साडो द्वीप पर खदान में एक हजार से अधिक कोरियाई लोगों को कड़ी मेहनत के लिए मजबूर किया गया था। इस कदम से साझा इतिहास को लेकर सियोल और टोक्यो के बीच राजनयिक दरारें और गहरी हो सकती है।

इंडोनेशिया में 6 तीव्रता का भूकंप

इंडोनेशिया में मंगलवार देर रात 12:55 बजे भूकंप का तेज झटका महसूस किया गया। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर (ईएमएससी) के अनुसार इस भूकंप की तीव्रता रिएक्टर स्केल पर 6.0 मैग्नीट्यूट मापी गई है। यूरोपियन-मेडिटेरेनियन सीस्मोलॉजिकल सेंटर ने बताया है कि इंडोनेशिया के केपुलावन बारात दया में रात 12.55 बजे 6 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस किया गया है। इस भूकंप का केंद्र 127 किलोमीटर (78.91 मील) की गहराई में था। ईएमएससी ने कहा कि भूकंप की पहली रिपोर्ट में तीव्रता 6.4 बताई गई थी।

इथियोपिया में लड़ाई और सूखे का दर्द झेल रहे 68 लाख लोग

एडीस एबाबा। अफ्रीका के दूसरे सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश इथियोपिया में 68 लाख से अधिक लोग लड़ाई और सूखे का दर्द झेल रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने इथियोपिया में युद्धरत सभी पक्षों से तुरंत लड़ाई रोक देने की अपील की है। संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में पत्रकारों से बातचीत में महासचिव गुटेरेस ने कहा कि वे इथियोपिया के टीगरे और अन्य क्षेत्रों में तुरंत लड़ाई रोकने की जोरदार अपील करते हैं। लड़ाई रुकने से इथियोपिया भर में

प्रभावित आबादियों तक मानवीय सहायता व राहत पहुंचाने का मौका मिल सकेगा। साथ ही इससे एक ऐसी समावेशी राष्ट्रीय बातचीत के लिये रास्ता बनाने में मदद मिलेगी जिसमें सभी इथियोपियाई नागरिकों का जुड़ाव हो। मौजूदा लड़ाई और रक्तपात से इथियोपिया के लोग बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। इस बीच संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने बताया कि इथियोपिया में लड़ाई जारी रहने के बीच लगातार सूखा पड़ने से 68 लाख से भी ज्यादा लोगों को मानवीय सहायता के लिये सख्त जरूरतमंद बना दिया है। पिछले तीन वर्षों से बारिश के मौसम में वर्षा न होने के कारण अफार, ओरोमिया, दक्षिणी प्रान्तों व अन्य इलाकों में गम्भीर सूखे के हालात उत्पन्न हो गए हैं।

तुर्की का पर्यटन राजस्व 2021 में दोगुना हुआ

अंकारा। तुर्की के पर्यटन राजस्व में 2021 में सालाना आधार पर 103 फीसदी की बढ़ोतरी हुई और असफलताओं के बावजूद यह 24.48 अरब डॉलर तक पहुंच गया। ये जानकारी देश के सांख्यिकी संस्थान ने दी।

समाचार एजेंसी सिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल की चौथी तिमाही में देश की पर्यटन आय में 95 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 7.63 अरब डॉलर की वृद्धि दर्ज की गई। इसमें कहा गया कि व्यक्तिगत व्यय ने 2021 में 19.68 अरब डॉलर की आय का गठन किया, जबकि पैकेज टूर व्यय ने 4.8 अरब डॉलर कमाए। बीते साल कोरोना महामारी से संबंधित प्रतिबंधों से तुर्की का पर्यटन बुरी तरह प्रभावित हुआ था, खासकर जब रूस ने देश में बढ़ते दैनिक मामलों के कारण तुर्की के लिए सभी उड़ानों को लगभग तीन महीने के लिए रोक दिया था। तुर्की के तटीय क्षेत्रों के लिए विशेष रूप से भूमध्यसागरीय प्रांत अंताल्या के लिए रूसी बाजार काफी महत्वपूर्ण था। जुलाई और अगस्त 2021 में, कई बड़े पैमाने पर जंगल की आग ने एजियन और तुर्की के भूमध्यसागरीय तटों के साथ विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों को चपेट में ले लिया, जिससे पर्यटन राजस्व भी कम हो गया, और कई यात्रियों को अपनी योजनाओं को रद्द करने के लिए मजबूर होना पड़ा। पिछले साल, देश तुर्की लीरा के मूल्यह्रास के खिलाफ भी संघर्ष कर रहा था, जिसने डॉलर के मूल्य का 44 प्रतिशत खो दिया था। इस बीच, कोरोना के खिलाफ देश के टीकाकरण के प्रयास पूरी गति से जारी हैं और अब तक 1.41 करोड़ से ज्यादा वैक्सीन खुराक दी जा चुकी हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी नए आंकड़ों के अनुसार, सोमवार तक 18 वर्ष और उससे अधिक आयु के डबल डोज वाले लोगों की दर 84.38 प्रतिशत थी। साल 2019 में 4.5 करोड़ पर्यटकों संख्या के बाद तुर्की ने कुल 34.5 अरब डॉलर का राजस्व अर्जित किया, लेकिन महामारी के कारण 2020 में इसे 70 प्रतिशत से ज्यादा का नुकसान हुआ।

कोविड से मुकाबले में बढ़ा चिकित्सकीय कचरे का बोझ, डब्ल्यूएचओ चिंतित

जेनेवा। पूरी दुनिया में कोरोना महामारी से मुकाबला करने की भरपूर मशक्कत हुई है। इससे निपटने की प्रक्रिया में दुनिया भर में चिकित्सकीय कचरे का बोझ बढ़ गया है। इसे लेकर विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की एक हालिया रिपोर्ट में चिंता जताई गयी है। डब्ल्यूएचओ की रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में कोरोना महामारी से मुकाबला करने के प्रयासों के दौरान लाखों टन अतिरिक्त चिकित्सकीय कचरा इकट्ठा हो गया है जिसने स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों पर भारी बोझ डाल दिया है। मुख्य रूप से प्लास्टिक से भरे इस चिकित्सकीय कचरे के भारी बोझ से इंसान और

पर्यावरणीय स्वास्थ्य के लिये भी भारी जोखिम उत्पन्न होने के साथ-साथ कचरा प्रबंधन सेवाओं में बेहतरी लाने की तत्काल जरूरत भी उजागर हुई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक डॉक्टर टैड्रॉस ऐडहेनॉम घेबरेयेसस ने कहा कि रिपोर्ट याद दिलाती है कि कोई भी महामारी गम्भीर स्वास्थ्य संकट के साथ ही दुनिया के देशों के सामने अन्य तरह की चुनौतियां भी पैदा करती है। संगठन की यह रिपोर्ट मार्च 2020 से नवंबर 2021 के बीच खरीदे गए निजी बचाव उपकरण (पीपीई) सामग्री की लगभग 87 हजार टन तादाद के विश्लेषण के आधार पर सामने आयी है। रिपोर्ट में ज्यादातर सामग्री कचरे में तब्दील होने का अनुमान व्यक्त किया गया है। रिपोर्ट में कहा गया है कि 14 करोड़ से ज्यादा परीक्षण किटों की आपूर्ति की गई जिनसे लगभग 2600 टन कचरा बनने का अनुमान है। इसके अलावा 7 लाख 31 हजार लीटर रासायनिक कचरा भी प्रयोग किया गया।

रूस ने यूक्रेन संकट कम करने के अमेरिकी प्रस्ताव पर प्रतिक्रिया दी

संयुक्त राष्ट्र। रूस की सरकार ने यूक्रेन संकट को कम करने के उद्देश्य से अमेरिका के प्रस्ताव पर लिखित प्रतिक्रिया भेजी है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन के तीन अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने गोपनीयता की शर्त पर यह जानकारी दी। रूस की यह प्रतिक्रिया तब आयी है, जब बाइडन प्रशासन क्रेमलिन पर यूक्रेन सीमा पर तनाव कम करने का दबाव बना रहा है। रूस ने यूक्रेन सीमा पर करीब 1,00,000 सैनिकों को तैनात किया है।

विदेश मंत्रालय के एक अधिकारी ने रूस की प्रतिक्रिया की विस्तृत जानकारी देने से इनकार करते हुए कहा, बातचीत को सार्वजनिक रूप से उजागर करना उचित नहीं होगा और वे इसका फैसला रूस पर छोड़ते हैं कि वह अपनी प्रतिक्रिया को लोगों से साझा करें या नहीं।

इस बीच, रूस ने पश्चिम देशों पर यूक्रेन को लेकर तनाव बढ़ाने का मंगलवार को आरोप लगाया और कहा कि अमेरिका कीव में नाजियों को सत्ता में लेकर आया। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक में मॉस्को ने यह टिप्पणी की, जहां रूस और अमेरिका के प्रतिनिधियों के बीच तीखी बहस हुई। अमेरिका की राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने पलटवार करते हुए कहा कि रूस यूक्रेन सीमा पर 1,00,000 से अधिक सैनिकों को तैनात कर रहा है जो दशकों में यूरोप में सबसे बड़ा सैन्य जमावड़ा है। रूसी राजदूत वैसिली नेबेंजिया ने बाइडन प्रशासन पर तनाव को बढ़ाने और उकसाने का आरोप लगाया।

अचानक गायब हों गईं अफगानिस्तान की छह महिला मानवाधिकार कार्यकर्ता

जेनेवा। अफगानिस्तान में महिला अधिकारों को लेकर लगातार प्रदर्शन कर रहीं छह महिला मानवाधिकार कार्यकर्ता अचानक गायब हो गई हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग ने इन स्थितियों पर गंभीर चिंता जाहिर की है। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय प्रवक्ता रवीना शम्दासानी ने कहा कि हम उन लोगों की सेहत और सुरक्षा को लेकर गम्भीर रूप से चिंतित हैं। वैसे तो देश में सत्ताधारी प्राधिकारियों ने दो सप्ताह पहले इन लोगों के लापता होने के बाद, जांच कराने की एक घोषणा शनिवार को की है मगर उन लोगों के पते-ठिकाने के बारे में अब भी कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। 19 जनवरी की शाम को परवाना इब्राहीम खिल और उनके एक निकट संबंधी को काबुल में अगवा कर लिया गया था। उसी शाम तमाना परयानी और उनकी तीन बहनों को, काबुल में ही एक घर से अगवा किया गया था। परवाना इब्राहीम खिल और तमाना परयानी ने 16 जनवरी को तालिबान से महिला अधिकारों को सम्मान दिए जाने की मांग करने वाले प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था। उसके बाद से ऐसी खबरें मिलती रही हैं कि जिन अन्य महिलाओं ने भी प्रदर्शनों में हिस्सा लिया था, उनके भी घरों की तलाश की जा रही थी। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायोग ने अफगानिस्तान सरकार से इन महिला कार्यकताओं व उनके संबंधियों के लापता होने की जांच और उसके निष्कर्ष सामने लाने की मांग की। साथ ही उनकी सुरक्षित और तत्काल रिहाई के लिए सभी सम्भव उपाय करने और जिम्मेदार तत्वों की जवाबदेही निर्धारित करने का भी आग्रह किया।

उड़ते-उड़ते अचानक हवा में गायब हो गया जापानी लड़ाकू विमान

टोक्यो। जापान का लड़ाकू विमान एफ-15 प्रशिक्षण के दौरान जापान सागर के ऊपर उड़ते-उड़ते अचानक हवा में गायब हो गया। अब जापान की एयर सेल्फ डिफेंस फोर्स, तटरक्षक विमान व हेलीकाप्टर, गायब हुए लड़ाकू विमान की तलाश कर रहे हैं। बताया गया कि मध्य जापानी प्रांत इशिकावा के कोमात्सु एयरबेस से उड़ान भरने के बाद विमान का रडार से संपर्क टूट गया था। सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि जापानी विमानों व जलयानों से लैस टीमें उक्त एफ-15 लड़ाकू विमान और उसमें बैठे दो कर्मियों की तलाश कर रही हैं। इनमें जापान के सबसे बड़े जहाजों में से एक ह्यूगा हेलिकॉप्टर कैरियर भी शामिल है। माना जा रहा है कि विमान जापान सागर में क्रैश हो गया है। रक्षा मंत्री नोबुओ किशी ने सावधानीपूर्वक निरीक्षण के निर्देश दिए हैं। बचाव अभियान दल को एयरबेस से पांच किलोमीटर दूर समुद्र में विमान के कुछ उपकरण तैरते दिखे हैं। यह वही स्थान है, जहां लड़ाकू विमान का रडार से संपर्क टूट गया था। लापता हुआ लड़ाकू विमान सामरिक प्रशिक्षण के दौरान दुश्मन के विमान के रूप में कार्य करता है। विमान ने सुबह साढ़े पांच बजे उड़ान भरी थी। उड़ान भरने के थोड़ी देर बाद ही वह गायब हो गया। जापान के रक्षा मंत्रालय का भी मानना है कि विमान उड़ान के तुरंत बाद क्रैश हो गया, इसीलिए एयर बेस से उसका संपर्क भी टूट गया था।

म्यांमा में सेना के सत्ता में आने के बाद से हिंसा बढ़ गई है: संरा दूत

संयुक्त राष्ट्र। म्यांमा के लिए संयुक्त राष्ट्र की नई विशेष दूत नोलीन हेजर ने सोमवार को दावा किया कि सेना के सत्ता में आने के बाद से हिंसा और क्रूरता बढ़ गई है, जिसके विरोध में देश में एक आंदोलन छिड़ गया है। उन्होंने कहा कि सभी पक्षों ने हिंसा को समाधान के रूप में इस्तेमाल करने को लेकर रुख सख्त कर लिया है। हेजर ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि म्यांमा की स्थिति तेजी से अस्थिर हो गई है और हवाई हमलों सहित सैन्य अभियानों से नागरिकों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। उन्होंने कहा कि पिछले एक साल में लगभग 1,500 नागरिक मारे गए हैं और विस्थापित लोगों की संख्या 2021 के अंत के 3,20,000 के आंकड़े से बढ़कर अब 4,00,000 से अधिक हो गई है। उन्होंने कहा, यह एक फरवरी, 2021 से पहले ही विस्थापित हुए 3,40,000 लोगों के अतिरिक्त है, जब सेना ने आन सांग सू ची को सत्ता से बेदखल कर दिया था। छह सप्ताह पहले पद संभालने वाली हेजर ने कहा कि म्यांमा की लगभग आधी आबादी अब गरीबी के दलदल मे है और 1.44 करोड़ से ज्यादा लोगों को मानवीय सहायता और सुरक्षा की जरूरत है। उन्होंने कहा कि आसियान के विदेश मंत्री और कुछ नेता पिछले अप्रैल में हुई बैठक में पांच सूत्रीय सहमति को लागू करने के लिए म्यांमा पर दबाव डाल रहे हैं, जिसमें म्यांमा सेना के कमांडर सीनियर जनरल मिन आंग हेइंग भी शामिल हैं। गौरतलब है कि हेइंग ने एक फरवरी 2021 की सुबह सू ची और उनकी सरकार तथा सत्तारूढ़ नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी के शीर्ष सदस्यों को गिरफ्तार करके सत्ता पर कब्जा कर लिया था।

चीन से पहले के मुकाबले कहीं अधिक स्पष्ट खतरा: एफबीआई प्रमुख

वाशिंगटन। संघीय जांच ब्यूरो (एफबीआई) के निदेशक क्रिस्टोफर रे ने चीन पर अमेरिकी अवधारणाएं और नवोन्मेष चुराने तथा हैकिंग के अभियान चलाने का आरोप लगाया और कहा कि पश्चिम को चीन की सरकार से पहले के मुकाबले कहीं अधिक स्पष्टखतरा है।

एफबीआई निदेशक ने रोनाल्ड रीगन प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी में अपने संबोधन में यह बात कही। उन्होंने चीन पर ये अरोप ऐसे वक्त लगाए हैं जब वह शीत ओलंपिक की मेजबानी करने जा रहा है। रे ने अपने संबोधन में यह स्पष्ट किया कि एक ओर जहां अमेरिकी विदेश नीति रूस और यूक्रेन के बीच तनाव से निपटने के रास्ते तलाश कर रही है वहीं वह दीर्घकालिक आर्थिक सुरक्षा के लिए चीन को सबसे बड़ा खतरा मान रही है। एफबीआई की ओर से उपलब्ध कराए गए भाषण की प्रति के अनुसार रे ने कहा, जब हम अपनी जांचों का मिलान करते हैं,तो पाते हैं कि इनमें से दो हजार से अधिक मामले चीनी सरकार द्वारा हमारी सूचनाओं अथवा प्रौद्योगिकियों को चुराने से जुड़े हैं। ऐसा कोई देश नहीं है जो हमारी अवधारणाओं, नवोन्मेष, और आर्थिक सुरक्षा के समक्ष चीन जैसा व्यापक खतरा पैदा करता है। रे ने कहा, चीन सरकार की आर्थिक जासूसी से नुकसान सिर्फ इतना नहीं है कि उसकी कंपनियां अवैध रूप से प्राप्त तकनीक के आधार पर आगे बढ़ती हैं, बल्कि जब वे आगे बढ़ती हैं, तो वे हमारी कंपनियों और कर्मचारियों को पीछे धकेल देती हैं।

चीन के अधिकारियों ने अमेरिका सरकार के आरोपों को हमेशा खारिज किया है।

रूस ने यूक्रेन पर मतदान से पहले अमेरिकी दबाव पर नहीं झुकने पर भारत, चीन को धन्यवाद दिया

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यूक्रेन की स्थिति पर बैठक से पहले चीन के प्रक्रियागत मतदान के खिलाफ मत देने और इसमें भारत, केन्या एवं गैबॉन के अनुपस्थित रहने पर संयुक्त राष्ट्र में एक रूसी राजनयिक ने मतदान से पहले अमेरिकी दबाव के बावजूद डटे रहने पर चारों देशों को शुक्रिया अदा किया।

भारत ने यूक्रेन सीमा पर तनावपूर्ण हालात को लेकर चर्चा के लिए होने वाली बैठक से पहले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में प्रक्रियागत मतदान में भाग नहीं लिया था।

संयुक्त राष्ट्र में रूस के प्रथम उप स्थायी प्रतिनिधि दमित्रि पोलिंस्की ने सोमवार को संयुक्त राष्ट्र में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस-ग्रीनफील्ड के एक ट्वीट के जवाब में ट्विटर पर लिखा, जैसा हमने उम्मीद की थी, यह एक जनसंपर्क हथकंडे के अलावा और कुछ नहीं था। यह मेगाफोन डिप्लोमेसी (सीधे बातचीत करने के बजाय विवादित मामले में सार्वजनिक बयान देने की कूटनीति) का उदाहरण है। कोई सच्चाई नहीं, केवल आरोप और निराधार दावे।

पोलिंस्की ने कहा, यह अमेरिकी कूटनीति का सबसे खराब स्तर है। अपने चार सहयोगियों चीन, भारत, गैबॉन और केन्या का धन्यवाद, जो मतदान से पहले अमेरिकी दबाव के बावजूद डटे रहे।

ग्रीनफील्ड ने कहा, रूस की आक्रामकता केवल यूक्रेन और यूरोप के लिए खतरा नहीं है, बल्कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था के लिए भी खतरा है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद पर इसे जिम्मेदार बनाने का दायित्व है। यदि पूर्व साम्राज्यों को बल से अपने क्षेत्र फिर से हासिल करना शुरू करने का लाइसेंस मिल जाए, तो दुनिया के लिए इसका क्या अर्थ होगा? यह हमें एक खतरनाक मार्ग पर ले जाएगा।

उन्होंने कहा, हम स्वयं पर संकट आने से रोकने के लिए यूएनएससी में इस मामले को लेकर आए। यह रूस की सद्भावना की परीक्षा होगी कि क्या वह वार्ता की मेज पर बैठेगा और तब तक बना रहेगा, जब तक हम किसी सहमति पर नहीं पहुंच जाते? अगर वह ऐसा करने से इनकार करता है, तो दुनिया को पता चल जाएगा कि इसके लिए कौन और क्यों जिम्मेदार है।

बैठक से पहले परिषद के स्थायी और वीटो- अधिकार प्राप्त सदस्य रूस ने यह निर्धारित करने के लिए एक प्रक्रियागत वोट का आह्वान किया था कि क्या खुली बैठक आगे बढ़नी चाहिए। अमेरिका के अनुरोध पर हुई बैठक के लिए परिषद को नौ मतों की आवश्यकता थी।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
211019 से प्रकाशित
स्वामी श्री योगी सत्यम एवम् योग सत्संग समिति द्वारा
विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा प्रयागराज
से मुद्रित एवम् क्रियायोग आश्रम अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित।
Title UPHIN 29506

अमेरिकी संसद ने कोविड-19 संकट से निपटने के वैश्विक प्रयासों के लिए भारत की सराहना की

वाशिंगटन। अमेरिकी संसद के ब्लैक कॉकस ने कोविड-19 संकट से निपटने के वैश्विक प्रयासों में मदद करने और कम से कम 38 देशों को 80 लाख से अधिक टीके देने के लिए भारत की सराहना की।

प्रभावशाली ब्लैक कॉकस की अध्यक्ष जॉयसे बीटी ने अमेरिका में भारत के राजदूत तरणजीत सिंह संधू को लिखे एक पत्र में कहा, मैं आपकी सरकार के प्रयासों की प्रशंसा करती हूं क्योंकि उसने कम से कम 38 देशों को 80 लाख से अधिक टीके निस्वार्थ भाव से भेजे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी ब्लैक कॉकस की सदस्य हैं।

उन्होंने कहा कि भारत ने अफ्रीकी देशों कांगो, बोत्सवाना, इस्वातिनी, मोजाम्बिक, युगांडा, मलावी, सेनेगल, रवांडा, केन्या, आइवरी कोस्ट, घाना, नामीबिया, मॉरीशस और सेशेल्स को कोविड-19 रोधी टीके दिए हैं।

बीटी ने कहा, इसके अलावा आपने मालदीव, ओमान, बहरीन, बारबाडोस, डोमिनिका गणराज्य, सेंट लुसिया, एंटीगुआ और बारबुडा, सेंट किट्स और नेविस, सेंट विंसेंट और ग्रेनाडाइन, जमैका, सूरीनाम, गुआना, बहामास, बेलिज, डोमिनिका गणराज्य, ग्वाटेमाला, निकारागुआ, मंगोलिया, भूटान, मालदीव, नेपाल, बांग्लादेश, श्रीलंका और अफगानिस्तान को बहुत बड़ी राहत दी।

वैश्विक नेतृत्व की भूमिका के लिए भारत का आभार जताते हुए अमेरिकी नेता ने 19 जनवरी को लिखे अपने पत्र में कहा कि वह कोविड-19 महामारी से निपटने में भारत के वैश्विक प्रयासों की सराहना करती हैं।

उन्होंने कहा, यह भी सराहनीय है कि हाल में क्वाड शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिका, भारत, ऑस्ट्रेलिया और जापान ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में टीके की पहल पर एक साथ मिलकर काम करने का संकल्प लिया है।